कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:35 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 नवंबर 2024
वर्ष 34, अंक 277, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी आज भी अधूरी है 16

थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान 15

## सनातन में सभी को धारण करने की क्षमता

- चित्रकूट में संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले- रामायण से हमें मिलती है जीवन जीने की सही सीख

संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** संतों के काम में कोई बाधा न आए इसलिए संत जब सनातन धर्म की कथा कहते हैं तो संघ के लोग डंडा लेकर बाहर बैठते हैं। सभी को जोड़कर उन्नति करना हमारे देश का धर्म है। महाभारत हमें सिखाती है कि दुनिया कैसी है और रामायण बताती है कि यहां कैसे रहना है। यह बात बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने श्रीधर धाम दास हनुमान देवस्थान आश्रम में प्रख्यात कथावाचक स्व. पं. रामकिंकर उपाध्याय के 3 दिवसीय जन्म शताब्दी समारोह के समापन पर कही। संघ प्रमुख ने कहा कि ऋषि-मुनियों के कठोर परिश्रम से भारत की नींव रखी गई। हम मूल रूप से एक हैं। सनातन का भी यही मूल है, इसमें सभी को धारण करने की क्षमता है। आज देश में धर्म-अधर्म की लड़ाई चल रही है। ऐसे में ईश्वर प्रदत्त कर्तव्य है कि धर्म के पक्ष में खड़े हो जाएं।



संबोधन करते संघ प्रमुख भागवत, बैठे हुए संत मोरारी बापू।

प्रभु राम ने धर्म को जीकर दिखाया है। संघ प्रमुख ने स्व. रामकिंकर का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी कथा कृपा स्वरूपा थी और यही हमारे राष्ट्र का आधार है। जीवन को कुंदन करने के लिए रामकिंकर जी जैसे महान संतों को सुनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भगवान की इच्छा है, इसलिए भारत का उत्थान हो रहा है। भगवान की इच्छा पूरी करने के लिए पुरषार्थी लोगों को शस्त्र धारण करना पड़ता है। समारोह में प्रख्यात रामकथा वाचक संत मोरारी बापू भी उपस्थित रहे।

**277** वोट ट्रंप को मिले

**244** वोट हैरिस ने पाए



# ट्रंप ने कड़े मुकाबले में हैरिस को हराया

**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव**

### ऐतिहासिक जीत हासिल कर दूसरी बार पहुंचे व्हाइट हाउस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार देश के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। ट्रंप ने कड़े चुनावी मुकाबले में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को आसानी से हरा दिया। विस्कोन्सिन में जीत के साथ ट्रंप (78) ने राष्ट्रपति पद के लिए जरूरी 270 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए। उन्होंने विस्कोन्सिन जैसी महत्वपूर्ण सीट पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पराजित किया। शाम चार बजे तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने 277 निर्वाचक मंडल वोट जबकि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस ने 224 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए हैं। ट्रंप ने फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए इस जीत को अमेरिका में स्वर्णिम युग की वापसी बताया।

### खरगे और राहुल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। खरगे ने कहा कि हम वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। राहुल गांधी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार रहीं कमला हैरिस को भी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मेरे दोस्त ट्रंप को बधाई : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने और उनकी ऐतिहासिक जीत पर बुधवार को उन्हें बधाई दी तथा वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई।

## एक नजर

### भड़काऊ भाषण : मिथुन चक्रवर्ती पर प्राथमिकी

**कोलकाता।** बिधाननगर पुलिस ने बुधवार को अभिनेता से भाजपा नेता बने मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ पिछले महीने उत्तर 24 परगना जिले में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चक्रवर्ती के खिलाफ शिकायत 27 अक्टूबर को साल्ट लेक क्षेत्र में ईजेडसीसी में भाजपा के एक कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित है, जिसके आधार पर पुलिस ने बिधाननगर दक्षिण थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे, जो भाजपा के सदस्यता अभियान के पश्चिम बंगाल चरण की शुरुआत के लिए आयोजित किया गया था।

### आइस और हेरोइन के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक किलोग्राम मेथामेफटामाइन और एक किलोग्राम हेरोइन बरामद करने के साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मेथामेफटामाइन को आइस या फिर क्रिस्टल मेथ के नाम से भी जाना जाता है, जो एक तरीके का मादक पदार्थ है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की पहचान अमृतसर के भकना कलां गांव के रकरणदीप सिंह (22), तरनतारन के चोहला साहिब गांव के रहने वाले जीवन सिंह (19) और मनजिंदर सिंह (21) के रूप में हुई है।

# रातों रात बुलडोजर लाकर घर नहीं गिरा सकते : सुप्रीम कोर्ट

### कोर्ट ने 2019 में ढांचों को गिराने पर उप्र सरकार से नाखुशी जताई

- अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पर सभी राज्यों को जारी किए निर्देश
- जिसके घर को गिराया उसे 25 लाख रुपये मुवावजा दे उप्र सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2019 में अवैध तरीके से ढांचों को गिराने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से नाखुशी जताई और सड़कें चौड़ी करने एवं अतिक्रमण हटाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उप्र सरकार को निर्देश दिया कि उस व्यक्ति को 25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए जिसका घर 2019 में सड़क चौड़ीकरण के लिए गिरा दिया गया था। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि बुलडोजर लेकर आएं और रातों रात भवनों को गिरा दें। आप परिवार को घर खाली करने के लिए समय नहीं देते। घर में रखे घरेलू सामान का क्या? पीठ ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव से कहा कि महाराजगंज जिले में मकान गिराने से संबंधित मामले में जांच कराई जाए और उचित कार्रवाई की जाए।



### प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों का पालन करें राज्य

अदालत ने राज्यों से कहा कि वे अभिलेखों या मानचित्रों के आधार पर सड़क की मौजूदा चौड़ाई का पता लगाएं तथा सर्वेक्षण करें, जिससे सड़क पर यदि कोई अतिक्रमण है तो उसका पता चल सके। कहा कि यदि सड़क पर अतिक्रमण का पता चलता है तो राज्य को इसे हटाने से पहले अतिक्रमण करने वाले को नोटिस जारी करना होगा और यदि नोटिस की सत्यता और वैधता पर आपत्ति जताई जाती है तो राज्य प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए स्पीकिंग ऑर्डर (कारण सहित आदेश) जारी करेगा।

### उचित कारण जरूरी, मुनादी से नहीं चलेगा काम

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ भटनागर और अधिवक्ता शुभम कुलश्रेष्ठ पक्ष रख रहे थे। अदालत ने उनका पक्ष सुनते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि मकान गिराने की प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी थी और कानून का पालन किए बिना इसे अंजाम दिया गया। सुनवाई के दौरान पीठ को संबंधित क्षेत्र में 123 ढांचों को गिराए जाने के बारे में सूचित किया गया। पीठ ने राज्य सरकार के वकील से कहा कि आप कह रहे हैं कि आपने केवल मुनादी की थी। बताएं कि किस आधार पर निर्माण कार्य को अनधिकृत बताया गया। जब राज्य के वकील ने सड़क चौड़ीकरण परियोजना के बारे में बताया तो पीठ ने कहा, सड़क चौड़ीकरण बस एक बहाना है। यह उचित कारण नहीं लगता।

### अतिक्रमण हटाने से पहले दी जाए नोटिस

पीठ ने कहा कि यदि आपत्ति को खारिज कर दिया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को अतिक्रमण हटाने के लिए एक तर्कसंगत नोटिस दिया जाएगा। यदि संबंधित व्यक्ति इसका अनुपालन नहीं करता, तो सक्षम प्राधिकारी अतिक्रमण हटाने के लिए कदम उठाएंगे, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी या अदालत के आदेश से रोक न लगाई जाए। जहां सड़क की मौजूदा चौड़ाई, जिसमें उससे सटी राज्य की भूमि भी शामिल है, सड़क चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त नहीं है, तो राज्य कार्रवाई को शुरू करने से पहले अपनी भूमि का अधिग्रहण करने के लिए कदम उठाएगा।

# डीसीएम व ऑटो के बीच भिड़ंत में 11 लोगों की मौत

### मरने वालों में 6 महिलाएं, 3 बच्चे और दो युवक शामिल

- हरदोई जिले के बिल्हौर-कटरा हाईवे पर गांव रोशनपुर के पास हुआ हादसा
- मुख्यमंत्री ने जताई शोक संवेदना, घायलों के समुचित इलाज के दिए निर्देश

संवाददाता, बिलग्राम (हरदोई)



बिल्हौर-कटरा हाईवे पर दुर्घटनास्थल पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिल्हौर-कटरा हाईवे पर बुधवार दोपहर 12 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। बिलग्राम थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव के पास डीसीएम और ऑटो की भिड़ंत में 11 लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग गंभीर हैं। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची ने घायलों को सीएचसी भेजा। मरने वालों में 6 महिलाएं और 3 बच्चे और दो युवक हैं। सूचना पर एसपी नीरज कुमार जादौन, एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार रोशनपुर पहुंचे और घायलों से मिले।

प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है। अधिकारियों को निर्देश दिए है कि घायलों का समुचित इलाज और उनकी देखरेख की जाए। इसके अलावा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी ने मृतक के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायता देने के निर्देश दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुधवार दोपहर 12 बजे एक सीएनजी आटो माधौगंज से 15 सवारियां लेकर बिलग्राम आ रहा था। आटो जैसे ही गांव रोशनपुर के पास पहुंचा, उसी बीच बाइक सवार को बचाने में डीसीएम से जा टकराया। चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े, उसी बीच चालक डीसीएम छोड़ कर भाग गया। सूचना पर पहुंचे एसपी नीरज कुमार जादौन, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार, सीओ बिलग्राम सुनील कुमार शर्मा और एसडीएम बिलग्राम ने स्थानीय लोगों के आक्रोश को संभाला। पुलिस ने बताया मृतकों में माझगांव निवासी माधुरी (38), सुनीता (40) पटियनपुरवा माधौगंज, आंशी (8), नीलम (60) इटौली, सत्यम (30) पटेल नगर पूर्वी माधौगंज, राधा (42) इटौली, निर्मला (36) अल्लीगढ़ बिलग्राम, रोशनी (30) गुर्रा सवायजपुर, वंशिका (6), प्रांशु (4), विमलेश (25) सर्रा सथरा थाना सुरसा शामिल है।

घायलों में संजय पहुतेरा, रमेश अल्लीगढ़ बिलग्राम व आनंद पहुतैरा शामिल हैं। एक घायल की पहचान नहीं हो पाई। उधर, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

## पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

**कैबिनेट के फैसले**



- योजना में मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी आर्थिक मदद
- भारतीय खाद्य निगम को मिलेंगे 10,700 करोड़ रुपये

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी ताकि वित्तीय बाधाएं उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सकें। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने को भी मंजूरी दे दी।

पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में दाखिला लेने वाला कोई भी विद्यार्थी पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन शुल्क और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना किसी जमानत या गारंटर के ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना को मंजूरी दी है। यह योजना राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ) रैंकिंग द्वारा निर्धारित सरकारी और निजी सभी शीर्ष क्यूएचईआई पर लागू होगी जो एनआईआरएफ में शीर्ष 100 में स्थान रखते हैं। इसमें एनआईआरएफ में 101-200 रैंक पर आने वाले राज्य के उच्च शिक्षा संस्थान और केंद्र द्वारा संचालित सभी संस्थान शामिल हैं। दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने की भी मंजूरी दी गई।

## सीबीएसई ने 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ले ली और छह स्कूलों का उच्चतर माध्यमिक का दर्जा घटाकर माध्यमिक कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के विद्यालयों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उठाया गया है, जिसमें कई खामियां पाई गई थीं। सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा कि डमी या बिना-उपस्थित प्रवेश की प्रथा स्कूली शिक्षा के मूल उद्देश्य के विपरीत है, तथा इससे छात्रों के आधारभूत विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## जम्मू-कश्मीर विस में विशेष दर्जा बहाली प्रस्ताव पारित

- भाजपा विधायकों का कड़ा विरोध वेल में कूदे, जमकर हंगामा

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने भाजपा के कड़े विरोध और हाईवोल्टेज ड्रामा के बीच विशेष दर्जा बहाली संबंधी प्रस्ताव को बुधवार को पारित कर दिया। इस प्रस्ताव में केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष दर्जा बहाल करने, संवैधानिक गारंटी देने और इन प्रावधानों को बहाल करने के लिए संवैधानिक तंत्र तैयार करने के लिए बातचीत शुरू करने का आह्वान किया गया। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी द्वारा विशेष दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पेश किया गया जिसका स्वास्थ्य मंत्री सकीना मसूद ने समर्थन किया। प्रस्ताव के बाद सुबह विधानसभा में काफी हंगामा हुआ। प्रस्ताव का मसौदा बहुत ही चतुराई से तैयार किया गया था और इसमें अनुच्छेद 370 या पांच अगस्त 2019 का उल्लेख नहीं था जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किया गया था। भाजपा विधायकों ने खड़े होकर प्रस्ताव का विरोध किया। नारेबाजी-हंगामे के चलते अफरा-तफरी मच गई। कुछ विधायक सदन के वेल में कूद गए और अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर पर हमला करते हुए उनसे प्रस्ताव वापस लेने को कहा। उनमें से कुछ ने अध्यक्ष के खिलाफ नारे लगाए। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के विधायक भी अपनी सीटों से उठ गए और प्रस्ताव के पक्ष में नारे लगाने लगे।



विधान सभा के भीतर विरोध प्रदर्शन करते भाजपा के विधायक। ● एजेंसी

### प्रस्ताव वापसी तक विस चलने नहीं देंगे : भाजपा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने कहा कि वह सदन की कार्यवाही तब तक चलने नहीं देगी जब तक राज्य के विशेष दर्जे को बहाल करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के निर्वाचित प्रतिनिधियों और केंद्र के बीच बातचीत संबंधी प्रस्ताव को वापस नहीं लिया जाता। नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि यह एक अवैध प्रस्ताव है।

## एलएमवी लाइसेंस धारक चला सकेंगे ट्रांसपोर्ट वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट का निर्णय, 7500 किग्रा वजन की सीमा तय

वाणिज्यिक वाहन चालकों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) का लाइसेंस धारक व्यक्ति 7,500 किलोग्राम तक वजन वाले परिवहन वाहन चला सकता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का फैसला बीमा कंपनियों के लिए एक झटका है। बीमा कंपनियां उन दावों को खारिज कर देती थीं, जो एक विशेष वजन के परिवहन वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित होते थे। पीठ के लिए सर्वसम्मति से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय ने कहा कि ऐसे कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं जो यह दर्शाते हों कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के लिए एलएमवी लाइसेंस धारक जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि एलएमवी लाइसेंस धारक, जो अधिकतम समय वाहन चलाते हैं, उनकी शिकायतों को खारिज नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति रॉय के अलावा पीठ में न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या में एक और गिरफ्तार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में बुधवार को पुणे से 23 वर्षीय एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पुणे शहर के कर्वेनगर इलाके का निवासी गौरव विलास अपुने इस मामले में गिरफ्तार 16वां आरोपी है।

यहां की एक अदालत ने गौरव को नौ नवंबर तक पुलिस हिरासत पर भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि गौरव महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी पर हमले की साजिश में शामिल था, जिसके बाद मुंबई अपराध शाखा की एक टीम ने उसे हिरासत में ले लिया।

**उपलब्धि** | यूपीटीटीआई ने तैयार की सस्ती वाटर प्यूरीफायर डिवाइस, बोतल में लगाने पर 1 साल से ज्यादा समय तक गंदा पानी करेगी साफ

# केवल 50 रुपये में पीजिए एक साल तक शुद्ध पानी

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

- पानी से हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सक्षम

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (यूपीटीटीआई) ने एक ऐसी डिवाइस बनाई है, जो किसी भी तरह के दूषित पानी को आरओ जैसे स्वच्छ पानी में बदल देगी। इस डिवाइस की खासियत यह है कि इसे पानी की बोतल में आसानी से फिट किया जा सकता है। यह डिवाइस पानी में मौजूद हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सहायक है। पॉलिएस्टर और केमिकल मिश्रित इस डिवाइस की प्रारंभिक कीमत लगभग



50 रुपये होगी। इसे अगले साल मार्च तक बाजार में उपलब्ध कराने की योजना है।

संस्थान ने एक साल के शोध और अनुसंधान के बाद वाटर प्यूरीफायर डिवाइस बनाई है। इसे तैयार करने वाले प्रो. डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह पॉलिएस्टर सिलामेंट की डिवाइस है। टेक्सटाइल में नैनो टेक्नॉलाजी के जरिए धागा बनाते समय उसमें अति सूक्ष्म सुराख किए गए। डिवाइस इन्हीं सुराखों और केमिकल की मदद से काम करती है। पानी सूक्ष्म छिद्रों से गुजरकर साफ होता है। इस डिवाइस की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इस्तेमाल के योग्य नहीं रहने पर इसके दूसरे सिरे से पानी गुजारने पर यह फिर से पहले की तरह शोधन करने लगती है। इस डिवाइस की औसत उम्र एक साल से अधिक है। सभी तरह के प्रयोगों से सफल परिणाम हासिल करने के बाद डिवाइस को पेंटेंट प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। पेटेंट हासिल होने के बाद इसे बाजार में उतारने की योजना है। इस संबंध में कई कंपनियों से बातचीत चल रही है। जल्दी ही उत्पादन के लिए एमओयू साइन किया जाएगा

### स्कूली बच्चों और दुर्गम इलाकों के लिए वरदान

यूपीटीटीआई के शोधकर्ता डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह डिवाइस स्कूली बच्चों और फील्ड में काम करने वाले लोगों तथा दुर्गम इलाकों के लिए काफी उपयोगी है। अमूमन एक बोतल में एक या दो लीटर पानी आता है। यह पानी खत्म हो जाने पर लोगों को दोबारा साफ पानी तलाश करना पड़ता है। ऐसे में इस डिवाइस युक्त बोतल में हर तरह का पानी भरकर साफ पानी हासिल किया जा सकता है। डिवाइस को बनाने में लगभग 9 लाख रुपये खर्च आया है।

> अपने छोटे आकार की वजह से यह डिवाइस बोतल या उसके जैसी किसी भी चीज में आसानी से फिट हो जाती है। इससे बोतल में बार-बार साफ पानी भरने का झंझट खत्म हो जाता है। पेटेंट का आवेदन किया गया है। कंपनियों से बात चल रही है। जल्दी ही डिवाइस को बाजार में उतारने का प्रयास है। **-डॉ. जेपी सिंह**, प्रोफेसर, यूपीटीटीआई, कानपुर।

# सर्राफा व्यापारी के बंद घर से लाखों की चोरी

## गेट का ताला काटकर चोरों ने घटना को दिया अंजाम, पूरा परिवार गया था बनारस घूमने

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बरुआ बाजार में मंगलवार बुधवार की मध्य रात्रि चोरों ने सर्राफा कारोबारी राकेश राठौर के मकान का ताला काटकर लाखों रुपए की चोरी कर ली। सर्राफा कारोबारी का परिवार के साथ बनारस घूमने गया हुआ था। चोरी की सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और फिंगर प्रिंट ले रही है।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बरुआ बाजार निवासी राकेश राठौर की बासित नगर चौराहे पर सराफा की दुकान है। मंगलवार को वह बेटे और बहू के साथ बनारस घूमने के लिए निकल गए। मकान में ताले डालने के बाद उन्होंने मेन गेट में भी ताला डाला। बुधवार की दोपहर मोहल्ले के कुछ बच्चे राकेश राठौर के दरवाजे पर खेलने गए तो उन्होंने गेट खुला देखा और उसकी सूचना उनके बड़े भाई प्रेमचंद को दी। प्रेमचंद ने मौके पर पहुंच कर देखा दरवाजा खुला था, अंदर गए तो कमरों के दरवाजे टूटे थे, लाकर और अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। प्रेमचंद ने तत्काल अपने भाई को सूचना दी। इसके बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर सबसे पहले प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह और चौकी इंचार्ज घनश्याम बिंद फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया।

शाम तकरीबन 4 बजे क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा भी बरुआ बाजार सराफा कारोबारी के यहां पहुंचे और मौका मुआयना करने के बाद कारोबारी के भाई प्रेमचंद से बातचीत की। फॉरेंसिक टीम भी हरदोई से पहुंची है। घटना मंगलवार बुधवार की मध्य रात्रि तकरीबन 2 की बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह का कहना है पूरी रात कोबरा के साथ-साथ सिपाही और होमगार्ड पेट्रोलिंग और गश्त करते हैं। पुलिस की ओर से चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए कोई भी कोताही नहीं बरती जाती है। सर्राफा कारोबारी के आने के बाद घटना का जल्दी खुलासा किया जाएगा।



बरुआ बाजार में सर्राफा कारोबारी के घर पर चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

### सर्राफा कारोबारी ही बता पाएगा कितने की हुई चोरी

सर्राफा कारोबारी बनारस से घटना की सूचना मिलने के बाद निकल चुके हैं। देर रात तक उनके पहुंचने की उम्मीद है। उसके बाद ही पता चल सकेगा की चोरी कितनी बड़ी हुई है। कितनी नगदी और कितना जेवर और सामान गया है। उनके भाई प्रेमचंद बता पानी में सक्षम नहीं है।

### चोरी की बड़ी वारदात से आस-पास लोगों में दहशत

उधरनपुर मोहल्ले सहित नगर के कई स्थानों पर हुई चोरियों का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई थी। अब चोरों ने बरुआ बाजार में सर्राफा कारोबारी के यहां चोरी कर पुलिस के लिए नया सिर दर्द पैदा कर दिया है। चोरी की इस बड़ी घटना के बाद मोहल्ले में दहशत व्याप्त हो गई है। चोरों ने घटना को अंजाम देकर पुलिस गश्त की कलई खोल कर रख दी है।

## एक नजर

### डीएम की अध्यक्षता में हुई कर करेत्तर की बैठक

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कर करेत्तर की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर वसूली का कार्य किया जाये। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सांडी को वसूली की धीमी प्रगति पर उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मल्लावां की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कम वसूली पर अधिशाषी अधिकारी पिहानी को चेतावनी जारी करने को कहा। उन्होंने सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना बायोमेट्रिक उपस्थिति के किसी कर्मचारी का वेतन न जारी किया जाये। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की चर्चा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि निस्तारण में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। उप जिलाधिकारी सदर के स्तर पर अधिक संख्या में शिकायत लंबित होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि.रा. प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### गोवर्धन सेल की बैठक आज

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति एवं गोवर्धन सेल की बैठक जिलाधिकार की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट सभागार में 07 नवम्बर सायं चार बजे आयोजित की गई है।

### युवक ने बाग में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरियावां, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। छवहनपुरवा मजरा हरियावां निवासी विनोद (35) पुत्र स्व. राममूर्ति पासी बुधवार सुबह हरियावां बाजार जाने का बहाना कर घर से निकला था। रास्ते में राम शंकर के बाग में उसने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर भाई भाई आनंद कुमार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी दिनेश कुमार यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन ने की तैयारियां

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** छठ पर्व का आयोजन 8 नवम्बर तक किया जा रहा हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं, छठव्रतियों एवं उनके परिवारों जनों की भारी भीड़ नदियों, तालाबों एवं घाटों पर एकत्रित होंगी। पिछले कुछ वर्षो में डुबने एवं भगदड़ के कारण प्रदेश के कई स्थानों पर जनहानियों हुई हैं, इसलिए छठ महापर्व में ऐसी अप्रिय घटनाओं से बचाव के लिए जिला-प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस 100/112 एंबुलेंस 108 पर संपर्क कर सकते हैं।

**क्या करें**

- हल्के सामान के साथ यात्रा करें। यदि डाक्टर ने सलाह दी हैं तो दवाइयां साथ रखे।
- नियम एवं दिशा-निर्देशों का पालन करें, जहां आगे अवरोध हों, वहां आगे न बढ़ें और न ही पीछें हटें। अवरोध हटनें तक पीछे खडें लोगों को पकडे.और उन्हें रोकने के लिए सचेत करें।
- बच्चों व वृद्ध व्यक्तियों पर विशेष ध्यान दें।
- जिस आयोजन स्थल पर आप जा रहे है, वहां के मानचित्र व निकास मार्गो को जरूर समझ लें।
- इमरजेंसी पड़ने पर निकटम तैनात प्रशासन कर्मी से मिले।

**क्या न करें**

- नदियों, तालाबों एवं घाटों पर अधिक गहरें पानी में न जायें।
- क्षमता से अधिक ले जानें वाली नाव/नौकाओं में न बैठे।
- अधिक भीड-भाड़ वालें स्थान पर अधिक समय न रूकें।
- साथियों को धक्का देकर, लडकर, उकसाकर अपनी सुरक्षा को खतरें न डालें।
- होल्डिंग क्षेत्र और आवागमन मार्ग की क्षमताओं से अधिक आगंतुकों को प्रवेश न दें।
- घबराएं नहीं और न ही किसी तरह की अफवाह न फैलाएं।

# 8, 15, 22 व 29 नवंबर को आयोजित होंगी ग्राम चौपाल

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या (सीडीओ) गुरूरानी ने बताया कि उनके एवं जिला विकास अधिकारी, पीडी व उपायुक्त श्रम रोजगार द्वारा निर्धारित तिथियों में आयोजित ग्राम चौपालों में उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का निस्तारण कराया जायेगा।

बताया कि 8 नवम्बर को ब्लाक भरखनी के ग्राम सहजनपुर, 15 को ब्लाक बेंहदर के ग्राम चॉदाबैजा में, 22 को ब्लाक साण्डी के ग्राम जजवासी तथा 29 नवम्बर को ब्लाक हरपालपुर के ग्राम खम्हरिया में आयोजित ग्राम चौपाल में प्रतिभाग करेंगी। जबकि जिला विकास अधिकारी द्वारा 8 नवम्बर को ब्लाक कछौना के ग्राम ज्ञानपुर में, 15 को ब्लाक माधौगंज के ग्राम बाबटमऊ में, 22 को ब्लाक सण्डीला के ग्राम गदौरा में व 29 नवम्बर को ब्लाक शाहाबाद के ग्राम बिरौरी में, पीडी द्वारा 8 नवम्बर को ब्लाक टड़ियावां के ग्राम गढ़ी, 15 को ब्लाक भरावन के ग्राम गोड़वा, 22 को ब्लाक मल्लावां के ग्राम सुमेरपुर तथा 29 नवम्बर को ब्लाक टोडरपुर के ग्राम टुमुर्की में, उपायुक्त श्रम रोजगार द्वारा 8 नवम्बर को ब्लाक हरियावां के ग्राम मवैया, 15 को ब्लाक पिहानी के ग्राम अम्बारी, 22 को ब्लाक सुरसा के फतियापुर एवं 29 नवम्बर को ब्लाक कोथावां के ग्राम उमरारी में आयोजित ग्राम चौपाल में उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का निस्तारण कराया जायेगा।

# टैक्सी स्टैंड व्यवस्थित करने को प्रतिनिधियों से हो संवाद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को टैक्सी स्टैंड के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निजी स्टैंड की व्यवस्था इस प्रकार की बनाये जाये, जिससे लोगों को असुविधा न हो। व्यवस्थित स्टैंड के लिए सुविधाजनक स्थान की तलाश की जाये। सड़क पर अनधिकृत रूप से वाहन न खड़े होने दिए जाएं। टैम्पों चालकों के प्रतिनिधियों से संवाद किया जाये। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आवेदनों के सत्यापन के सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारियों व अधिशाषी अधिकारियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आवेदनों का सत्यापन तत्काल कराया जाये। सत्यापन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। सम्बंधित सूचना का प्रेषण समाज कल्याण विभाग को सुनिश्चित किया जाये। समाज कल्याण विभाग को उन्होंने निर्देश दिया कि सामूहिक विवाह की सभी तैयारियां ससमय सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व समाज कल्याण विभाग के सम्बंधित लिपिक भौतिक रूप से उपस्थित रहे।


टैक्सी स्टैंड के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी एमपी सिंह। अमृत विचार

### डीएम की अध्यक्षता में हुई राजस्व कार्यों के सम्बन्ध में बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी के मामलों में पूरी संवेदनशीलता रखी जाये। किसानों की आपत्तियों का निस्तारण तेजी से कराया जाये। राजस्व व चकबंदी कोर्ट में कोई भी मामला अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। चकबंदी में जानबूझ कर गलती करने वाले एसीओ, कानून गो व लेखपाल की जवाबदेही तय की जाये। किसानों से संवाद कर समस्याओं का समाधान निकाला जाये। राजस्व वादों के निस्तारण में अनावश्यक देरी न की जाये। 5 वर्ष से अधिक पुराना कोई भी मामला लंबित न रखा जाये। अनावश्यक देरी के लिए सम्बंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी मौजूद रहे।

### डीएम ने धान क्रय को लेकर दिए जरूरी निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में धान क्रय के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रय केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों की पूरी सहायता की जाये। समस्त स्टाफ समय से केंद्रों पर पहुंचे। सत्यापन के कार्य में अनावश्यक देरी न की जाये। भुगतान की व्यवस्था को सुचारु रखा जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, डिप्टी आरएमओ निहारिका व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या में माता-पिता जेल में, बेटे ने घर में लगा ली फांसी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पति-पत्नी दहेज़ हत्या के आरोप में सज़ा काट रहें है और घर में अकेले रह रहे उनके 22 वर्षीय बेटे ने कमरे के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला माधौगंज थाने के कुरसठ गांव का बताया जा रहा है। पुलिस जांच कर रही है।

बताया गया है कि माधौगज थाने के कुरसठ निवासी चन्द्रमोहन और उसकी पत्नी दहेज़ हत्या के आरोप में सज़ा काट रहें हैं। चन्द्रमोहन के तीन बेटों में 22 वर्षीय प्रतुल्य मेहनत-मज़दूरी कर अपना गुज़र-बसर कर रहा था। उसकी शादी नही हुई थी। बताते है कि उससे एक बड़ा और एक छोटा भाई है। मां-बाप के जेल जाने के बाद से प्रतुल्य घर में बिल्कुल अकेला रहता था। मां-बाप का साथ न होने के सदमें में टूट चुके प्रतुल्य अपने यारों-दोस्तों से किनारा कर चुका था। मंगलवार की शाम उसने अपने कमरें के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। प्रतुल्य ने ऐसा कदम किस वजह से उठाया ? इस बारे में किसी को कुछ पता नहीं है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# चंडीगढ़ एक्सप्रेस का इंजन फेल, ट्रेनें प्रभावित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** चंडीगढ़ से चलकर लखनऊ जा रही 12232 चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस का इंजन फेल हो जाने से डाउन ट्रैक लगभग 1 घंटा 40 मिनट तक बाधित रहा। इस दौरान डाउन ट्रैक पर पीछे से आ रही ट्रेनों को जहां की तहा रोक दिया गया जिसके चलते ट्रेनें प्रभावित हुई। चंडीगढ़ एक्सप्रेस में दूसरा इंजन लगाने के बाद काकोरी तक पहुंचाया गया जिसके बाद डाउन ट्रैक को बहाल कराया गया।डाउन ट्रैक बहाल होने के बाद पीछे से आ रही ट्रेनों का संचालन हो सका। हरदोई रेल परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मलिहाबाद काकोरी क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 1095/22 पर सुबह 8:42 पर 12232 चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस में लगा इलेक्ट्रिक इंजन फेल हो गया। लोको पायलट द्वारा इंजन को दुरुस्त करने का काफी प्रयास किया गया लेकिन इंजन दुरुस्त नहीं हुआ जिसके बाद लोको पायलट ने मेमो देकर दूसरे इंजन की मांग कंट्रोल से की। डाउन रेट ट्रैक के बाधित हो जाने से रेल यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा साथ ही सबसे ज्यादा समस्या ट्रेन में सवार दैनिक यात्रियों को उठानी पड़ी।



▶▶ 1 घंटे 40 मिनट तक बाधित रहा डाउन ट्रैक

### 11 बजकर 59 मिनट पर काकोरी से रवाना हुई ट्रेन

**हरदोई, अमृत विचार।** चंडीगढ़ एक्सप्रेस का इंजन फेल हो जाने के बाद पीछे से आ रही मालगाड़ी के इंजन को 9:25 पर मालगाड़ी अलग किया गया जिसके बाद 9:30 पर मालगाड़ी का इंजन चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस के पास पहुंचा और 9:35 पर इंजन को पीछे की साइड चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस से जोड़ा गया जिसके बाद 9:55 पर इंजन द्वारा चंडीगढ़ एक्सप्रेस में प्रेशर को तैयार कर 10:28 मिनट पर काकोरी रेलवे स्टेशन पर ले जाकर ट्रेन को खड़ा किया गया तब जाकर डाउन ट्रैक का यातायात बहाल हो सका। काकोरी में रेल प्रशासन द्वारा चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस में पीछे लगे इंजन को काटकर आगे की ओर लगाकर 11:59 पर ट्रेन को आगे लखनऊ की ओर रवाना किया गया। इस दौरान डाउन ट्रैक पर पीछे से आ रही 20939 अहमदाबाद सुल्तानपुर एक्सप्रेस 1 घंटा 6 मिनट तक खड़ी रही, 14524 हरिहर एक्सप्रेस 1 घंटा 10 मिनट तक रास्ते में खड़ी रही, 13010 दून एक्सप्रेस 50 मिनट तक रास्ते में खड़ी रही इसके साथ ही एक भारत गौरव ट्रेन भी घंटों बीच रास्ते में रुकी रही। ट्रैक के बाधित होने से ट्रेन में सवार यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

# ग्राम पंचायतों को बनाया जाएगा टीबी मुक्त, दी गई ट्रेनिंग

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार

सीएमओ कार्यालय में बुधवार को ट्रेनिंग हुई। सीएमओ डॉ. रोहताश्व कुमार ने ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए टीबी कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। इसके लिए जिला से लेकर ब्लॉक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

सीएमओ डॉ. रोहताश कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायतों को स्वस्थ, समृद्ध व खुशहाल बनाने के लिए जरूरी है कि पहले उन्हें टीबी जैसी गंभीर बीमारियों से मुक्त बनाया जाए। सब इस बात को भली-भांति जानते हैं कि बिना ग्राम पंचायतों को 'टीबी मुक्त' बनाए जिले को इससे मुक्ति नहीं दिलायी जा सकती है। यही वजह है कि 'टीबी मुक्त पंचायत' बनाने की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'टीबी मुक्त भारत' के विजन को जिले में मिशन के रूप लागू करने के निर्देश दिये। इसकी पहल जिला क्षय रोग अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) के संयुक्त प्रयास से की जाएगी। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अखिलेश बाजपेई ने बताया कि जिला से लेकर ब्लॉक स्तर तक के अभियान से जुड़े कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है जो कि अपने-अपने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षित करेंगे। जिला टीबी केंद्र के सहयोग से पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत की स्थिति के लिए तैयार किया जाएगा। टीबी मुक्त करने के प्रयासों की गतिविधियों को पंचायत विकास योजनाओं (पीडीपी) में भी शामिल किया गया है। ट्रेनिंग में वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ नौमानउल्लाह, डीपीसी महेंद्र यादव, उपदेश कुमार सिंह, जावेद खान, महेश श्रीबास्तव, अनुग्रह भारद्वाज, ब्रजेश मित्रा, हरिनाम यादव, उपेंद्र प्रताप सिंह, डीपी सिंह यादव, आसीष सिंह गौर, अखिलेश मित्रा आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### नवागत थाना प्रभारी ने जाना क्षेत्र का हाल, लोगों के साथ की बैठक

**टोंडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाने के नवागत थाना प्रभारी अरविन्द कुमार राय ने थाने का चार्ज सभालते ही क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक की। थाना प्रभारी अरविन्द कुमार राय ने बताया है कि क्षेत्र में अमन चैन कायम रखने के लिए किसी भी सूरत में अपराधियों को बक्शा नहीं जाएगा। थाने पर आने वाले पीड़ित की समस्या को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराया जाएगा। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन राजू गुप्ता संगठन के जिला अध्यक्ष, इम्तियाज अली जिला प्रभारी, आशीष सिंह, अखिलेश राजवंशी, सुधीर अवस्थी, नवनीत यादव, धीरेन्द्र पाण्डेय, वैभव तिवारी एवं शिवपूजन पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### झाड़ी शाह मेले में ऑल इंडिया मुशायरा सम्पन्न

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** शहर में चल रहें झाड़ी शाह के मेले में दूसरे दिन ऑल इण्डिया मुशायरे का शानदार अयोज़न किया गया। जिसकी अध्यक्षता सूफी शहनवाज़ आलम ने की और संचालक आसिम काकोरवी ने किया। सबसे पहले मुशायरा मे पूर्व कबीना मंत्री अब्दुल मन्नान ने शमा रोशन कर मुशायरे का आगाज़ किया और मुशायरे के हवाले से शायरों की हौसला अफ़ज़ाई भी करते रहे। जिसमें सबसे पहले नातिया कलाम से मुशायरे की शुरुआत हुई उसके बाद सभी शायरों ने अपने कलाम पेश किये जिसमें मेराज़ बिजनौरी मोहब्बत से रहो तुम भी और मोहब्बत से रहे हम भी जरा सी जिंदगी है दुश्मनी अच्छी नहीं लगती अब्दुल्लाह मिन्हाज गैर तो गैर है गैरों से कोई बात नहीं काम वह भी नहीं आता है जो मेरा है यहां नदीम फ़राज़ मुझको इंसान ही रहने दो फरिश्ता ना बना इतनी तारीफ भी मत कर की मैं पत्थर हो जाऊं। राशिद गाज़ीपुर पढ़ा, किसी को इश्क में बर्बाद करके किसी का घर जलाया जा रहा है, अज़हर अनावाला ने कहा, हमने तुम्हारे वास्ते क्या-क्या नहीं किया तुमने तुमने हमारे साथ यह अच्छा नहीं किया। हिमांशी बाबरा ने पढ़ा कि तेरी दस्तक की आस रहती है जब तबीयत उदास रहती है। इल्मा हाशमी ने पढ़ा कि ऐसे वह जाने लगा मुझको दिलासा देकर जैसे बच्चे को कोई जाए खिलौना देकर। इसके अलवा अज़म शाकीरी, नईम आफताब, उस्मान मीनाइ, कामिल कामिल, अमान जुनैद, शाहिद, दावर रज़ा आदि ने अपना बेहतरीन कलम पढ़ा। हिंदुस्तान के मशहूर शायरों के कलाम को सुनने के लिए भीड़ देर रात तक मौजूद रही। मुशाइरा मेला अध्यक्ष सूफ़ी शाहनवाज़ की अध्यक्षता में अपनी बुलंदियों को छूता रहा। मुशायरा कन्वींनर अमान अली ने सभी का शुक्रिया अदा किया।



मुशायरा पढ़ते कलाम पढ़ते शायर।

### 10 से शुरू होगी रामलीला, तैयारियां शुरू

**बावन, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे का ऐतिहासिक रामलीला मेला 10 नवम्बर से शुरू हो रहा है। रामलीला मेले के लिए जरूरी तैयारियां शुरू कर ली गई हैं। 10 तारीख को मेला मैदान पर पूजन होने के बाद शिव बारात निकलेगी। बताया गया है कि सबसे पहले 10 नवम्बर को शिव बारात निकलेगी। 12 नवम्बर को सदर बाजार में धनुष यज्ञ होगा। उसके बाद लगातार रामलीला चलती रहेगी। 29 नबम्बर को रावण बध होगा। 30 को राज तिलक होने के बाद रामलीला का समापन हो जाएगा। बावन कस्बे में 125 साल से ऊपर ऐतिहासिक रामलीला होती चली आ रही है यहां पर इसको लेकर काफी समय से तैयारी भी चल रही है। मेला कमेटी अध्यक्ष देशदीपक दीक्षित ने बताया कि परंपरागत रूप से मनाए जाने वाले रामलीला महोत्सव की सभी तैयारियां शुरू हो गई है। रामलीला महोत्सव 125 वर्ष पुराना इतिहास अपने में समेटे हुए है। जिले में इसकी मौलिक एवं विशिष्ट छाप जानी जाती है। आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय नागरिकों एवं पुलिस प्रशासन, स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग लिया जा रहा है। ग्राम पंचायत बावन की तरफ से साफ सफाई का कार्य चल रहा है। इस महोत्सव में जहां रावण का अट्टाहास गूंजेगा तो वहीं राम का शांत और सरल स्वभाव सभी को मोहित करेगा। अध्यक्ष देशदीपक दीक्षित ने बताया कि मेला महोत्सव 10 नवंबर से शुरू हो रहा है। मेला कमेटी से जुड़े उमाकांत पाठक, सौरभ अग्निहोत्री, महादेव कस्यप, सचिन शुक्ला, रामवीर यादव, अबधेश राठौर, उजाला शुक्ला आदि ने बताया कि मेले की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। थानाध्यक्ष लोनार उमेश त्रिपाठी और चौकी इंचार्ज बावन व्यास यादव ने बताया कि शिव बारात के साथ पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स मौजूद रहेगा। उसके बाद मेले में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी जाएगी।

### अश्लील फब्तियां कसने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरमा से मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने आने जाने वाली लड़कियों और महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के आंझी चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह मंगलवार की शाम चार बजे आरक्षी पिंटू कुमार और संजय मौर्य के साथ लोनी मिल के निकट गस्त पर थे। तभी किसी व्यक्ति ने बताया कि ग्राम शरमा में पाकड़ के पेड़ के पास एक युवक आने जाने वाली महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कस रहा है, जिससे महिलाएं शर्मिंदगी महसूस कर रही हैं। युवक की शिकायत पर वह हमराही के साथ गांव गए तो देखा गांव का चंद्रप्रकाश उर्फ चंदू पुत्र धरमू आने जाने वाली लड़कियों और महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कस रहा है। कोतवाली पुलिस ने मनचले युवक को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की। बुधवार को 12 बजे उसे जमानत पर छोड़ा गया।



### राम बारात का जगह-जगह हुआ स्वागत

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** नगर में हर कोई दूल्हा बने राम व उनके बारतियों की झलक लेने के लिए बेताब था। इस बारात का लोगों का पूरे वर्ष इंतजार रहता है। बारात को देखने कस्बे के ही नहीं बल्कि आसपास के लोग भी पहुंचते हैं। पुष्प वर्षा कर जगह-जगह बरात का स्वागत किया। भगवान की आरती उतार कर सुख समृद्धि की कामना की। नगर में श्रीरामलीला कमेटी के संयोजन में आयोजित रामलीला महोत्सव में बुधवार को प्रभु श्रीराम की बरात शाम 3:30 बजे ठाकुरद्वारा से प्रारंभ हुई। हजारी वाली गली, रौंदा गेट, बताशा गली, पटवा गली, खादी भंडार होते हुए बस स्टैंड, बंदर पार्क, नगर पालिका परिषद होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सभी प्रभु श्रीराम और उनके अनुजों को भव्य श्रृंगार में देख अभिभूत हो गए।

**आयोजन** — नगर में चल रही ऐतिहासिक राम लीला में धनुष भंग व सीता स्वयंवर लीला का हुआ मंचन

# राम ने तोड़ा धनुष, देवताओं ने बरसाए फूल

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर में चल रही ऐतिहासिक रामलीला में श्रीराम ने धनुष तोड़ कर राजा जनक की प्रतिज्ञा को पूरा किया। धनुष टूटते ही महाराज परशुराम क्रोधित होकर वहां पहुंच गए। उनके क्रोध से सारे राजा कांप गए।

श्री रामलीला महोत्सव भगवंतनगर में चतुर्थ दिवस की लीला का शुभारंभ नगर प्रमुख एवं प्रतिष्ठित व्यवसाई राम सरन कनौजिया ने पूजन अर्चन कर किया। चतुर्थ दिवस की लीला में प्रभु श्री राम जी की लीला बालकाण्ड की सर्वश्रेष्ठ राम लीला में धनुष यज्ञ की लीला का मंचन हुआ। शिव धनुष टूटने कुपित परशुराम मिथिला आते हैं, जहां लक्ष्मण जी के साथ उनका संवाद होता है। अंत में श्री राम को पहचानने पर परशुराम जी शंका दूर करने के लिए राम को अपना धनुष प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए देते हैं। जैसे ही राम ने प्रत्यंचा चढ़ाई वैसे ही परशुराम को ज्ञान हो जाता है कि बैकुंठवासी श्री हरि ही दशरथ नंदन राम के रूप में अवतरित हुए हैं। अपना धनुष बाण देकर अर्चन वंदन कर तपस्या हेतु पुनः वन में प्रस्थान करते हैं। उपस्थिति दर्शकों ने संवाद लीला का आनंद लिया। इस अवसर पर समित के महामंत्री भास्कर मिश्र विशेष सहयोगी अभय शंकर शुक्ल अशोक दीक्षित चंद्रशेखर शुक्ला विनोद स्वर्णकार उदय नारायण वर्मा सहित समस्त समिति के पदाधिकारियों एवं सहयोगियों उपस्थित रहे।


सीता जी के स्वयंवर में धनुष तोड़ते श्रीराम। अमृत विचार




# हाईवे पर इधर-उधर बिखरे पड़े थे शव, सड़क हो गई लाल

## बिल्हौर-कटरा हाईवे पर बुधवार दोपहर डीसीएम की ऑटो में टक्कर के बाद मची चीख- पुकार

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** हाईवे पर हुए हादसे के बाद हर तरफ फैला पड़ा खून, कागज़ के टुकड़ो की तरह इधर-उधर बिखरे पड़े शवों के पास कहीं पैरों से छूटी हुई चप्पल और कहीं टूटी पड़ी चूड़ियां उस दहला देने वाले खौफनाक मंज़र की गवाही दे रहीं थी, जिसमें 11, लोगों की मौत हो चुकी थी। वहां के कुछ लोगों का कहना है कि आटो के डीसीएम से टकराने की आवाज़ सुनते ही लगा कि उनके कान के पर्दे फट गए हों।

बिलग्राम के इटौली गांव की नीलम अपनी पड़ोस की नीलम और अल्लीगढ़ की निर्मला के साथ अपने चाचा की मौत की खबर सुन कर माधौगंज के महनेपुर गई हुई थी, बुधवार की दोपहर तीनों महिलाएं वहीं से वापस अपने घर जाने के लिए ऑटो पर सवार हुईं थीं, वहीं उन्नाव के गंज मुरादाबाद की सफाई कर्मी माधुरी बिलग्राम तहसील जाने के लिए आटो पर सवार हुई थी, उसे वहां रजिस्ट्री करानी थी। पटियनपुरवा की सुनीता बेटी आशी के साथ अपने मायके रामपुर बिलग्राम आ रही थी, लेकिन उसी बीच रोशनपुर के पास पहुंचते ही आटो बहका और तेज़ आवाज़ के साथ उसके टुकड़े हो गए, उसकी छत तो इस तरह से गायब थी कि लग ही नहीं रहा था कि उसमें छत थी भी या नहीं।

तेज़ आवाज़ के साथ चीख-पुकार सुन कर तमाम लोग दौड़ पड़े, सामने एक नज़र उठाते ही उनके हाथ-पैर कांपने लगे। सड़क पर शव इस तरह से बिखरे हुए पड़े थे कि जैसे कागज़ के टुकडे हो, उनके अगल-बगल छूटी हुई चप्पलें और टूटी हुई चूड़ियां पड़ी देख कर गला फाड़ कर चीख पड़े।


डीसीएम की टक्कर से क्षतिग्रस्त ऑटो। अमृत विचार


दुर्घटना में घायल से जानकारी लेते डीएम एसपी सिंह। अमृत विचार


हादसे के बाद बदहवास रोते-बिलखते मृतकों के परिजन। अमृत विचार


दुर्घटना के बाद घटना की जानकारी लेते समय गमगीन एसपी नीरज कुमार जादौन। अमृत विचार

### डीएम ने कहा- जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बिलग्राम-मल्लावां मार्ग पर हुए भीषण हादसे के बाद घटनास्थल और अस्पतालों में पहुंचकर राहत कार्यों का जायजा लिया। जिला अस्पताल में डाक्टरों से कहा कि घायलों का अच्छी तरह से उपचार किया जाये। इसके बाद जिलाधिकारी 100 शैय्या अस्पताल में स्थित मुर्दाघर पहुंचे। उन्होंने कहा कि नियमानुसार सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर शव परिजनों को सौंपे जाएं। जिलाधिकारी ने घटना पर गहरा दु:ख जताया कि प्रशासन दु:ख की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ है। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी व डॉक्टर आदि उपस्थित रहे।

### हादसे में इनकी गई जान

**हरदोई, अमृत विचार।** हादसे में मौत का शिकार होने वालों में सवायजपुर के गुर्रा निवासी बालेश्वर की पत्नी रोशनी, उसकी पुत्री वंशिका व पुत्र प्रांशु के अलावा मल्लावां के माझगांव की माधुरी, माधौगंज के पटेल नगर पूर्वी निवासी सत्यम कुशवाहा, वहीं के पटियनपुरवा की सुनीता, उसकी पुत्री आशी, इटौली की नीलम व राधा, अल्लीगढ़ की निर्मला और सुरसा थाने के सर्रा सथरा निवासी विमलेश शामिल हैं। मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।


घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### मिनट-टू-मिनट की अपडेट लेते रहे डीएम

हरदोई। बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर हुए हादसे की खबर सुनते ही डीएम मंगला प्रसाद सिंह तुरंत बिलग्राम पहुंचे और वहां हादसे के बारे में जानकारी ली। मृतकों के बारे में जानकारी ली। उधर सीएचसी से ले कर मेडिकल कालेज पहुंचाए गए घायलों के बारे में सवाल किया। डीएम ने बचाव कार्यों को परखा और सीएमओ को निर्देश दिए कि घायलों के इलाज में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। डीएम हादसे को लेकर मिनट-टू-मिनट की अपडेट लेते रहे। जिला अस्पताल पहुंचकर घायल लोगों का हाल जाना।

### बिलग्राम सीएचसी पर उमड़ी लोगों की भीड़

**हरदोई, अमृत विचार।** हादसे का शिकार हुए लोगों को रोशनपुर से कुछ ही दूरी पर बिलग्राम सीएचसी पहुंचाया गया। वहां तैनात चिकित्साधिकारी डा.राजेंद्र कुमार और उनकी टीम घायलों का इलाज करने में जुट गई। भीड़ की वजह से वहां तिल रखने की भी जगह नहीं थी, लेकिन फिर भी डा.राजेंद्र कुमार एक-एक घायल को उनके पास पहुंच कर देख रहे थे। उसी बीच सीएमओ डा. रोहिताश्व भी वहां पहुंच गए। उन्होंने घायलों के इलाज के बारे में पूरी जानकारी ली और उनका हाल-चाल भी जाना।

### मंजर देख एसपी की आंखों से निकले आंसू

हादसे का मंजर ऐसा था कि एसपी तक की आंखों से आंसू टपकने लगे। वहां लगी भीड़ के बीच अपने मातहतों के साथ खड़े एसपी नीरज कुमार जादौन वहां का मंजर देखते रहे, फिर एका-एक उनकी आंखों से आंसू टपकने लगे। कोई कुछ भी कहे लेकिन सच है कि पत्थर समझी जाने वाली खाकी के अंदर भी दिल धड़कता है। एसपी की आंखों में दिखाई दिए आंसू उसी सच्चाई की गवाही दे रहे थे। कुछ देर थोड़ा सोंचने के बाद एसपी ने अपने आंसू पोछे और फिर टीम के साथ बचाव कार्यों में शामिल हो गए। एसपी को गमगीन देख अधिकारी कुछ देर उन्हें एकटक निहारते रहे।

### मां व दो बच्चों की मौत से गम में डूबा गुर्रा

बिलग्राम में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में सवायजपुर के गुर्रा गांव के बालेश्वर की पत्नी रोशनी के साथ उसकी बेटी वंशिका और बेटे प्रांशु की भी मौत हो गई। यह खबर सुनते ही समूचा गुर्रा गांव ग़म में डूब गया। बालेश्वर के घर में लोगों की जुटने लगी। एक साथ तीन-तीन मौते होने से बालेश्वर के घर में कोहराम मच गया।

### हम बीच में बैठे थे...इसलिए बच गए

हादसे में घायल संजय ने बताया- वह माधोगंज से ऑटो में बिलग्राम जाने के लिए बैठा था। रोशनपुर के पास सामने से आ रही डीसीएम ने बाइक सवार को टक्कर मारते हुए ऑटो को रौंद दिया। ऑटो में मेरा दोस्त और भतीजा था। वह भी घायल हैं। हम लोग बीच में बैठे थे, इसलिए बच गए। जब हादसा हुआ तो कुछ समझ ही नहीं आया। थोड़ी देर बाद चारों तरफ लाशें ही लाशें थीं। हम भी सड़क पर पड़े थे।

## एक नजर

### नगर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से

**बेनीगंज, हरदोई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसका शुभारंभ गुरुवार को दिव्य भव्य कलशयात्रा के साथ होगा। नगर के कुर्सी रोड पर स्थित सीबीजी इण्टर कालेज आफ साइंस मे विगत 24 वर्षों से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है और इस वर्ष कथा आयोजन का 25 वां वर्ष पूर्ण होगा, जिसका शुभारंभ आज भव्य दिव्य कलश यात्रा के साथ हो जाएगा। इस बार कथा व्यास परम पूज्य विमल कृष्ण शास्त्री महाराज के मुखारविन्द से कथा का श्रवण करने का अवसर भी नगर व क्षेत्रवासियों को प्राप्त होगा।

### क्षेत्र की कानून व्यवस्था को और करेंगे सुदृढ़: एसओ

**टड़ियावां, हरदोई।** नवागत थानाध्यक्ष अमित सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के तीसरे दिन बुधवार की शाम स्थानीय पत्रकारों से रूबरू हुए हैं। इस बीच उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूत व सुदृढ़ बनाने के प्रयास करेंगे। एसओ श्री सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में विशेष निगाह रखी जायेगी। कहा कि सूचना मिलने पर असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा गलत गतिविधियों में शामिल लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने कस्बों के लिंक मार्ग के फुटपाथ पर लगने वाली साप्ताहिक बाजार से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस तरह की बाजारों को जल्द चिन्हित कर उन्हें दूसरे स्थान पर परिवर्तित करने का काम किया जायेगा।

# सड़क पर नहीं दिखता यातायात जागरूकता माह का असर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** यातायात जागरूकता को लेकर प्रशासन व पुलिस द्वारा तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। यातायात जागरूकता माह का भी आयोजन किया जा रहा है लेकिन इनका असर सड़कों पर नहीं दिख रहा है। यह सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। हरदोई-कानपुर प्राइवेट बस स्टैंड की बसें सड़क पर खड़ी रहती हैं और राहगीर जाम से जूझते रहते हैं। यह नजारा एक दिन का नहीं 365 दिन नगर का यही हाल रहता है। प्रत्येक चौराहे पर अवैध टैक्सी स्टैंड व बस स्टैंडों का खुलेआम संचालन हो रहा है, जिस पर लगाम लगाने से जिम्मेदार हमेशा से कतरा रहे हैं।

बताते चलें कि इन दिनों यातायात माह चल रहा है। इसको लेकर तमाम कार्यक्रम किए जा रहे हैं, लेकिन यह कार्यक्रम सिर्फ खानापूरी है। इसका अंदाजा फोटो से खुद लगाया जा सकता। सबसे व्यस्त रोडवेज बस स्टाप से डाक बंगला जाने वाले मार्ग पर दो अवैध बस स्टैंड सड़क के किनारे संचालित हैं। एक पर पिहानी, लखीमपुर की बसें जाती है दूसरे स्टैंड पर उन्नाव कानपुर की यह दोनों स्टैंड फुटपाथ पर संचालित हैं। जब बसों को मोड़ा या घुमाया जाता है तब सड़क पर बस का कब्जा हो जाता है, जिससे तमाम राहगीर काफी समय तक जाम को झेलते रहते हैं। यही नहीं यह अवैध बस स्टैंड रोडवेज बस स्टैंड के पास संचालित होने के कारण सरकार को भी लाखों रुपये महीने का चूना लगा रहे हैं। मेडिकल कालेज जैसी महत्वपूर्ण जगह पर गेट के ठीक बाहर दर्जनों अवैध टैक्सी खड़ी रहती हैं। यही हाल नगर की लखनऊ चुंगी, बिलग्राम चुंगी, सिनेमा चौराहा, बावन चुंगी, जिंदपीर चौराहा का भी है। यहां भी अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहे हैं। इन टैक्सी स्टैंड से सरकार को तो कुछ भी नहीं मिलता है, लेकिन स्टैंड संचालकों के दबंग गुर्गे दिनभर ऐसे वाहनों से वसूली करते देखे जा सकते हैं। नगर में अतिक्रमण अभियान चलाया गया, लेकिन स्टैंडों को छूने की किसी ने जहमत नहीं उठाई।


हरदोई-कानपुर प्राइवेट बस स्टैंड पर सड़क पर खड़े ई-रिक्शा व बसों के कारण लगा जाम। अमृत विचार

- सड़कों पर चल रहे अवैध बस और टैक्सी स्टैंड
- हर दिन शहर व कस्बों में जाम से घंटों जूझ रहे हैं राहगीर

### बड़ी दुर्घटना होने पर ही जिम्मेदार होते हैं सचेत

जिले में जब कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है तब जिम्मेदारों को इन अवैध स्टैंडों की याद आती है। इन्हें हटाने का फरमान भी दिया जाता है, लेकिन यह फरमान कागजों पर ही सीमित रह जाता है। एक आध दिन ऐसे वाहन खदेड़े जाते हैं, बाद में फिर उनका संचालन सड़कों के फुटपाथों पर होने लगता है।

### पेंशनर्स बैंक खातों में कराएं आधार प्रमाणीकरण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने जनपद में निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत पेंशन प्राप्त कर रहें लाभार्थियों को बताया कि निदेशालय, महिला कल्याण विभाग, लखनऊ द्वारा द्वितीय त्रैमासिक किश्त का भुगतान उनके आधार बेस खाते में भेजे जाने की कार्यवाही की जा चुकी है। निराश्रित महिला पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थी जिन्होंने अभी तक सम्बन्धित बैंक खातों में डीबीटी/एनपीसीआई की प्रक्रिया पूर्ण नहीं करायी है। वह अपनी बैंक में जाकर आधार व पासबुक स्वयं लेकर उक्त कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। अन्यथा उन्हें द्वितीय एवं तृतीय त्रैमासिक किश्त की धनराशि निदेशालय स्तर से प्रेषित नहीं हो सकेगी। इसके अतिरिक्त निराश्रित महिला पेंशनर्स जिन्होंने अभी तक निराश्रित महिला पेंशन में अपना आधार प्रमाणीकरण अभी नहीं कराया है वह उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपना आधार प्रमाणीकरण अवश्य करा लें।

## सार-संक्षेप

### महिला के अपहरण व दुष्कर्म में 10 साल की कैद

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश हेमेंद्र कुमार सिंह ने एक फैसले में एक महिला का अपहरण करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को जुर्म साबित होने पर 10 साल की कड़ी सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर 28000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता चंदन सिंह ने बताया कि थाना हुसैनगंज जिला फतेहपुर निवासी मनीष ने 29 मई 2014 की सुबह करीब पांच बजे एक महिला का अपहरण कर लिया। उसके बाद उसके साथ जबरिया दुष्कर्म किया। इस मामले की रिपोर्ट महिला के पिता ने दर्ज कराई। कहा कि घटना के पूर्व उसकी बेटी शौच के लिए गई थी। जहां आरोपी मिला और घटना को अंजाम दिय। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपी पर अपहरण व दुष्कर्म का जुर्म साबित पाया और उसे 10 साल की कड़ी कैद और 28000 रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। जुर्माना की धनराशि अदा होने पर उसकी 75 फ़ीसदी पीड़िता को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है।

### भाजपा कार्यालय के सामने मिला नवजात का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** भाजपा कार्यालय के सामने नवजात का शव दिखाई देने से हड़कंप मच गया। वहां पहुंची पुलिस ने शव का नीचे का हिस्सा बरामद किया है, जबकि ऊपर का हिस्सा गायब था। ऐसे में इस बात की अटकलें लगाई जा रहीं हैं कि शव का ऊपरी हिस्सा नोंच ले गए। नवजात का शव पड़ा होने की खबर सुनते ही वहां तमाशबीनों की भीड़ लग गई। बुधवार की सुबह शहर के लखनऊ रोड पर भाजपा कार्यालय के सामने झाड़ियों में एक नवजात का शव देखा गया। वहां भीड़ लग गई। शव का ऊपरी हिस्सा गायब होने से इस बात की अटकलें लगाई जा रहीं हैं कि उसे कुत्तों ने नोंच डाला, नीचे के हिस्से से पता चला कि नवजात लड़का था। मामला चूंकि भाजपा कार्यालय से जुड़ा था, इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने नवजात का शव अपने कब्ज़े में लेते हुए पूछताछ शुरु कर दी। कुछ लोगों का कहना है कि नवजात के शव को कुत्ते खींच लाए होंगे। वही पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

### 11 वीं के छात्र का बाग में पेड़ से लटका मिला शव

**हरदोई, अमृत विचार।** 11वीं की पढ़ाई कर रहा छात्र शाम को शौच के लिए घर से निकला, फिर उसके बाद वापस नहीं लौटा, सारी रात उसे ढूंढा गया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। उसके अगले दिन बुधवार की सुबह उसका शव अपने ही बाग़ में फांसी पर लटका हुआ देखा गया। छात्र की मौत पर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही है, वहीं पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाग कुछ कहा जा सकता है। अरवल थाने के फदुल्लापुर निवासी रामकिशोर का 14 वर्षीय पुत्र अंकुर अपनी दो बहनों व दो भाइयों में सबसे छोटा था। वह परसौली खेड़ा के एक इण्टर कालेज में 11वीं की पढ़ाई कर रहा था। जैसा कि बताया है कि अंकुर मंगलवार की शाम को घर से शौच के लिए गया हुआ था, लेकिन काफी देर वापस वहीं लौटा, घबराए घर वाले उसे ढूंढने लगे, सारी रात उसे ढूंढा गया, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं। उसी बीच बुधवार की सुबह पता चला कि अंकुर का शव उसी के बाग़ में एक पेड़ रस्सी से लटका हुआ है। देखते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। अंकुर ने फांसी लगा कर आत्महत्या की, इस बारे में उसके घर वाले कुछ भी बता नहीं पा रहे है। वहीं कुछ लोग इस बात की अटकलें लगा रहें है कि शव लटकाया गया, उधर पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सामने आ पाएगी।


घटना के बार ऑटो रिक्शा चालक से नोकझोंक करते लोग।

### ट्रक की टक्कर से ऑटो पलटा, बाल-बाल बचे सवार

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कटरा -बिल्हौर हाइवे पर काजीटोला के पास तेज रफ्तार ट्रक ने सीएनजी ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा पलट गया। जिसमें सवार सभी लोग बाल -बाल बच गए। बताते चले कि बिलग्राम निवासी ऑटो चालक रामसरन जो बिलग्राम के नूरपुर हथौड़ा गांव से सवारी लेकर मल्लावां चौराहा आ रहा था, तभी काजीटोला के पास बांगरमऊ की ओर से आ रहे ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिसमें सवार मुकेश 30 वर्ष गुजराई निवासी नूरपुर हथौड़ा बिलग्राम घायल हो गए। वहीं अन्य महिलाओं समेत बच्चे बाल - बाल बच गए।

### सवायजपुर विधायक ने मुख्यमंत्री से जनहित से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले के सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू' ने बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान जनपद के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में नीरज सिंह और अभिषेक भी उपस्थित रहे, जिससे इस बैठक को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। मुख्यमंत्री और विधायक के बीच यह भेंट क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से सकारात्मक मानी जा रही है। स्थानीय जनता को उम्मीद है कि इस मुलाकात से सवायजपुर क्षेत्र में नई विकास योजनाओं को बल मिलेगा।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट करते विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

### दिव्यांग पेंशनर्स खातों में कराएं आधार प्रमाणीकरण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला दिव्यांगजन कल्याण सशक्तीकरण अधिकारी संजय कुमार निगम ने जनपद में दिव्यांग भरण पोषण अनुदान योजना (दिव्यांग पेंशन)/कुष्ठावस्था पेंशन प्राप्त कर रहें लाभार्थियों से कहा है कि निदेशालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, लखनऊ द्वारा द्वितीय त्रैमासिक किश्त का भुगतान उनके आधार बेस खाते में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही हैं। दिव्यांग/कुष्ठावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थी जिन्होंने अभी तक सम्बन्धित बैंक खातों में डीबीटी/एनपीसीआई की प्रक्रिया पूर्ण नहीं कराई है। वह अपनी बैंक में जाकर आधार व पासबुक स्वयं लेकर उक्त कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। अन्यथा उन्हें द्वितीय त्रैमासिक किश्त की धनराशि निदेशालय स्तर से प्रेषित नहीं हो सकेगी। इसके अतिरिक्त ऐसे दिव्यांग एवं कुष्ठावस्था पेंशनर्स जिन्होंने अभी तक दिव्यांग पेंशन पोर्टल पर अपना आधार प्रमाणीकरण नहीं कराया है, वह कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपना आधार प्रमाणीकरण अवश्य करा लें।

# बिनु सत्संग विवेक न होई गुरु कृपा बिनु सुलभ न सोई

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के अनुयायियों द्वारा चलाए जा रहे शाकाहार सदाचार आन्दोलन के तहत नगर के सिकलिन टोला स्थित प्रागंण मे सत्संग के माध्यम से गुरु महिमा का बखान करते हुए बताया कि बिना सत्संग के व्यक्ति के भीतर विवेक (बुद्धि) की उत्पत्ति नहीं होती है तथा बिना गुरु की कृपा के यह संभव नहीं है।

गुरु कृपा का महात्म्य भी अनंत है, क्योंकि जब भगवान हनुमान सीता माता की खोज के लिए समुद्र लांघ कर लंका में प्रवेश कर रहे थे, तब उनकी भेंट वहां की पहरेदार राक्षसी लंकिनी से हुई, वह दुष्ट पवनपुत्र हनुमान जी को रोकने लगी तब महावीर हनुमान जी ने उसे एक मुष्टिका (मुक्का) मारी और उसे ज्ञान प्रदान किया और उसने उस दिव्य राम नाम ज्ञान को सुनकर कहा कि सत्संग तो अनमोल है। ऐसे ही कई श्लोक व उसके अर्थ बताया साथ ही कहा कि अगर स्वर्ग तथा उसके भी ऊपर जो लोक है उनके सुखो को तराजू के एक तरफ रख दिया जाए और एक तरफ एक घड़ी का सत्संग का सुख रखा जाए तो दूसरे पलड़े का भार बहुत अधिक होगा। कहा कि एक घड़ी आधी घड़ी आधी में पुनि आधी, तुलसी संगत साधु की हरे कोटि अपराध'। अर्थात अगर हम संतो के संगति में एक घडी, आधी घड़ी या फिर उसकी आधी घड़ी भी बैठते हैं तो हमसे होने वाले करोड़ो पापो का हरण होता है।

**कथा** | प्रसिद्ध ब्रम्हचारी मंदिर परिसर में भागवत कथा का हो रहा आयोजन

# वर्तमान में भरत चरित्र को अपनाने की जरूरत

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** रूपापुर के ग्राम मुंडेर में स्थित प्रसिद्ध ब्रम्हचारी मंदिर परिसर में भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। चौथे दिन बुधवार को आचार्य सत्यदेव द्विवेदी ने गोस्वामी तुलसीदास महाराज द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस के अयोध्या काण्ड में वर्णित श्रीराम के वन गमन के प्रसंग के तहत भरत चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने भरत के श्रीराम के प्रति अटूट प्रेम और वात्सल्य भाव के कई प्रसंग सुनाकर लोगों को भावविभोर कर दिया।

कथावाचक ने बताया कि भ्रातृत्व प्रेम किसी का है तो वह भरत का। वर्तमान समय में भरत चरित्र की बहुत बड़ी प्राथमिकता है। स्वार्थ के कारण आज भाई-भाई जहां दुश्मन जैसा व्यवहार करते हैं, वहीं भरत चरित्र त्याग, संयम, धैर्य और ईश्वर प्रेम का दूसरा उदाहरण है। भरत का विग्रह श्रीराम की प्रेम मूर्ति के समान है। जिससे भाई के प्रति प्रेम की शिक्षा मिलती है। कहा कि सभी को भरत और श्रीराम से भाई व ईश्वर प्रेम की सीख लेनी चाहिए। भरत ने राजतिलक का परित्याग कर भातृ प्रेम की अनूठी मिसाल पेश कर समाज को जो संदेश दिया, वह आज लोग भूलते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है और हमें लोभ लालच न कर प्रेम बनाए रखने की प्रेरणा देती है। रामायण में भरत ही एक ऐसा पात्र है, जिसमें स्वार्थ व परमार्थ दोनों को समान दर्जा दिया गया। इसलिए भरत का चरित्र अनुकरणीय है। भरत चरित्र का प्रत्येक प्रसंग धर्म सार है क्योंकि भरत का सिद्धांत लक्ष्य की प्राप्ति व राम के प्रेम को दर्शाता है। इस अवसर पर श्रोताओ में पंकज शुक्ला, सत्यदेव शुक्ला, राधेश्याम शुक्ला, सोमपाल सिंह, संजीव सिंह, जीतबहादुर सिंह आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।


भागवत कथा में आरती करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## एक नजर

### मंदिर में घुसकर तोड़फोड़ आरोपी फरार

**सीतापुर :** हरगांव थाना क्षेत्र के एक गांव में प्राचीन बालाजी मंदिर परिसर में घुसकर तोड़फोड़ करने का आरोप एक युवक पर है। पुलिस ने आरोपी की तलाश कर रही है। हरगांव थाना क्षेत्र के नौनेर गांव में बालाजी का प्राचीन मंदिर है। मंदिर कमेटी के जिम्मेदार करुणाशंकर मिश्रा आदि का आरोप है कि गांव निवासी गिरीश सिंह उर्फ छोटू ने पूजा-पाठ के समय मंदिर में घुसकर तोड़फोड़ की। आरोप है कि गिरीश ने धमकाया कि यदि घंटा बजायेगा तो गोली मार दूंगा। इसी के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को फोन करके सूचना दी। पुलिस के आने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि गिरीश सिंह पर जनपद के अलावा लखीमपुर में गंभीर धाराओं में अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है, आरोपी की तलाश की जा रही है।

### आरआरसी सेंटर से चोरी

**हरगांव, सीतापुर :** ग्राम पंचायत सुरजीपारा के आरआरसी सेंटर में शातिरों ने रात के अंधेरे में घुसकर टीन, जाली आदि चोरी कर ली। घटना को लेकर ग्राम प्रधान राजेंद्र यादव द्वारा पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में मिली तहरीर के आधार पर जांच की जारी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शराब पिलाई और पेट में मार दी गोली, गंभीर

## महोली कोतवाली क्षेत्र के अढ़ौरा गांव का मामला, एक ही गांव के दो पक्ष होने के कारण पुलिस बल तैनात

संवाददाता महोली, सीतापुर



घटना के बाद घर के बाहर मौजूद परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार



गांव के बाहर इसी घूरे के पास मारी गई थी ग्रामीण को गोली।

**अमृत विचार:** दोस्त को घर से बुलाकर शराब पिलाई और फिर गोलियां दाग दीं। एक गोली पेट में लगने से ग्रामीण घायल हो गया। उसे इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाकर भर्ती कराया गया है। महोली कोतवाली क्षेत्र के अढ़ौरा गांव में हुई वारदात को लेकर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उधर, क्षेत्राधिकारी महोली का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है। घायल ग्रामीण का उपचार जारी है।

महोली कोतवाली क्षेत्र के अढ़ौरा गांव वासी रामजीवन और सतीश दोनों पुराने दोस्त बताए जाते हैं। सतीश के पुत्र अरुण के मुताबिक, रामजीवन उसके घर आए और पिता सतीश को अपने साथ घर ले गए। मंगलवार रात करीब दस बजे अचानक दो फायर की आवाज सुनकर परिवार और पड़ोसी घर से बाहर निकल आए, कुछ ही देर में गांव के लोग इकट्ठा हो गए। पता चला कि घूरे के करीब सतीश पड़े हुए हैं। उनके पेट में गोली लगी है। अफरा-तफरी के बीच परिजन 45 वर्षीय सतीश को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां बिगड़ती हालत देख सतीश को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। उधर, सूचना पाकर महोली पुलिस मौके पर पहुंची। तलाश के बाद रामजीवन को हिरासत में ले लिया गया, बाद में उससे देर तक पूछताछ की गई।

वहीं क्षेत्राधिकारी महोली आलोक कुमार का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। परिजनों के बयान लेकर घायल ग्रामीण के बयान भी दर्ज किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। गोली लगने से घायल सतीश की हालत में सुधार है। एक ही गांव में दोनों पक्ष होने के कारण गांव में पुलिस बल तैनात कर दी गई और सतर्कता के चलते पुलिस की गश्त जारी है।

**▸▸ घर बुलाकर दोस्त ने मारी गोली, आरोपी हिरासत में हो रही पूछताछ**

### पिकेट पुलिस फेल, बढ़ रहीं घटनाएं

महोली और आसपास इलाकों वारदातें बढ़ी हैं। बीते दिन कस्बा चौकी के पास दबंग ने फायरिंग करते हुए दहशत फैलाई और एक व्यक्ति को जख्मी कर डाला। हीला हवाली के बाद आरोपों से इतर छह बाद वारदात की तस्वीर बदल गई। इलाके के लोगों ने पिकेट पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े किये हैं। लोगों का कहना है कि डायल 112 पर सूचना देने के बाद ही पुलिस अढ़ौरा गांव पहुंची।

# पुलिस अधीक्षक ने किया बिसवां सर्किल का निरीक्षण



सर्किल थानों की विवेचनाओं का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** बिसवां सर्किल के सभी थानों की विवेचनाओं का पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। इस दौरान विवेचना में देरी करने वाले कुछ उप निरीक्षकों को पुलिस अधीक्षक की खरी-खरी का सामना करना पड़ा। एसपी ने उप निरीक्षकों को समय से विवेचना पूरी करने के निर्देश दिए।

महमूदाबाद सर्किल के थानों की समीक्षा के बाद पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बिसवां की ओर रुख किया। यहां पहुंचकर बिसवां, सकरन, तंबौर, रेउसा थानों की विवेचनाओं का क्रमवार निरीक्षण किया। आदेश कक्ष की कार्रवाई के दौरान कुछ उप निरीक्षकों को कप्तान की खरी-खरी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि समय से गुणवत्तापूर्ण विवेचना आवश्यक है। आदेश कक्ष की कार्रवाई के दौरान क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश चन्द्र शुक्ला और संबंधित थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे।

**सख्ती**

**▸▸ बिसवां सर्किल पर पुलिस अधीक्षक ने कुछ उप निरीक्षकों लगाई फटकार**

# सांसद आवास के सामने दबंगई, पुलिस नदारद

कार्यालय संवाददाता सीतापुर



मारपीट होते हुए सीसी फुटेज के सहारे ली गई तस्वीर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सीतापुर सांसद के आवास के सामने दबंगई हुई। युवकों के दो गुट आपस में भिड़े गए, सरेराह मारपीट का दौर देर तक चला। इस दौरान पुलिस नदारद दिखी। विवाद का वीडियो सीसीटीवी में रिकार्ड हो गया। फिलहाल इसी के सहारे पुलिस आरोपियों की तलाश में है। केस दर्ज कर लिया गया है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला लोहारबाग में सीतापुर सांसद राकेश राठौर का आवास मुख्य मार्ग पर है। मंगलवार देर रात उनके आवास के बाहर कुछ लड़के खड़े थे। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक आ पहुंचे। सीसीटीवी में रिकार्ड वीडियो में बाइक सवार लड़के को रोककर गाली-गलौज की गई। इसी के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मुख्य मार्ग पर दोनों गुट आपस में देर तक भिड़ते रहे। लेकिन पुलिस नदारद दिखी। पूरी घटना सीसीटीवी में रिकार्ड हो गई। सांसद आवास के सामने हुई दबंगई की सूचना आसपास के लागों ने पुलिस को दी। इसी के बाद देर रात कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। सीसीटीवी को खंगालते हुए पुलिस ने साक्ष्य इकट्ठा किये। शहर कोतवाल दिनेश शुक्ला ने कहा पुलिस आरोपियों की तलाश में है।

**▸▸ मारपीट का वीडियो सीसीटीवी में हुआ कैद, आरोपियों की पहचान में जुटी पुलिस**

# हेल्पलाइन नंबर करेगा आमजन को सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



सभागार का शुभारंभ करते पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में नवनिर्मित महर्षि दधीचि सभागार का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने सीयूजी नंबर 9454402478 को क्राइम हेल्पलाइन नंबर के रूप में जारी किया। इस एसपी ने कहा कि यह हेल्पलाइन नंबर अमजन को सुरक्षित करने में मददगार साबित होगा।

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने महर्षि दधीचि सभागार का उद्घाटन करते हुए कहा कि जारी किया गया सीयूजी मोबाइल नंबर का प्रयोग आम जनता द्वारा जनपद में कहीं भी किसी अवैध कारोबार, जुआ, अवैध शराब आदि जैसे कृत्यों के संबंध में सूचना को व्हाट्सएप के माध्यम से प्रेषित किया जा सकता है। सूचनाकर्ता की जानकारी गोपनीय रखते हुए प्राप्त सूचना की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने बताया गया कि जिला स्तर पर समस्त थानों की चौकियों और पुलिस पिकेट का पुनः परिसीमन किया जा रहा है।

**▸▸ एसपी ने नवनिर्मित महर्षि दधीचि सभागार का शुभारंभ कर जारी किया हेल्पलाइन नंबर**

## शिकायतों के निस्तारण में सीतापुर अव्वल: चक्रेश मिश्र

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने बताया है कि महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन से प्राप्त प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण जांच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई करने में जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जोकि जिले के लिए गर्व की बात है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में राष्ट्रीय महिला आयोग, राज्य महिला आयोग, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को शीघ्र निस्तारित करते हुए मुख्यालय को यह आख्या उपलब्ध कराई गई है। जिसके क्रम में मुख्यालय से प्राप्त कुल प्रार्थना पत्रों में से 93 प्रतिशत प्रार्थना पत्रों के शीघ्र निस्तारण के साथ पूरे उत्तर प्रदेश के कुल 75 जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की ठोकर से बाइक सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** अटरिया इलाके में मंगलवार देर रात टैक्टर- ट्रॉली की चपेट में बाइक सवार आ गया। सड़क हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर केस दर्ज कर लिया है।

**▸▸ अटरिया थाना क्षेत्र के मनवां गांव के करीब हुई दुर्घटना**

हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र स्थित गोकुला गांव निवासी नीरज कुमार भैया दूज पर संदना थाना क्षेत्र में शहजीदपुर गांव अपनी ससुराल आए थे। इनके साथ हिंडौरा निवासी साढ़ू सुनील कुमार भी था। बताते हैं कि बाइक सवार अटरिया थाना क्षेत्र में मनवां - अतरौली मार्ग पर मनवां गांव के करीब पहुंचे। इसी दौरान तेज रफ्तार टैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गए। हादसे में साढ़ू सुनील की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे में नीरज और उसका साला सूरज गंभीर रूप घायल हो गए। घायलों को सिधौली सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने नीरज की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं साले का स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। अटरिया पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर केस दर्ज कर लिया है। उधर, थाना प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि फरार चालक की तलाश की जारी है।

## बाइक ने युवक को मारी टक्कर, गंभीर

**संवाददाता मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार:** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में मोहद्दीपुर गांव के निकट 30 वर्षीय युवक बाइक की चपेट में आकर घायल हो गया। राहगीर की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के तेलियानी गांव का 30 वर्षीय अनिल अपने घर वापस जा रहा था। तभी मोहद्दीपुर गांव के निकट तेज रफ्तार मोटर साइकिल की चपेट में आकर घायल हो गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**संवाददाता महमूदाबाद, अमृत विचार:** बाराबंकी जनपद के रामनगर थाना क्षेत्र का सौरापुरवा गांव निवासी आकाश अपनी मोटर साइकिल से घर लौट रहा था। परिजनों के मुताबिक, गंगचौली गांव के करीब अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे युवक घायल हो गया। वहीं गंभीर अवस्था में पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। जहां उसका इलाज जारी है।


क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रुमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **राजपती पत्नी श्रीराम निवासी– मो0 21 ऊपरी अशराफ टोला, परगना व तहसील– सण्डीला जनपद हरदोई** की निवासिनी है। मैने अपने बड़े पुत्र प्रदीप कुमार जायसवाल को उसके गलत आचरण के चलते बेदखल कर दिया था अब उसने अपने आचरण में सुधार कर लिया है एवं पूरे परिवार के साथ मिलजुलकर रहता है तथा घर पर किसी से भी झगड़ा नहीं करता है और न ही अब यह किसी गलत संगति में है इसके आचरण से मैं व मेरा पूरा परिवार संतुष्ट व प्रसन्न है। इस कारण हमारे द्वारा मेरे सगे पुत्र प्रदीप कुमार जायसवाल को बेदखली कार्यवाही जो पूर्व में की गई थी उसे निरस्त करती हूँ आज के बाद से मेरी चल अचल सम्पत्ति पर प्रदीप कुमार जायसवाल का अपने सभी भाईयो के बराबर का हक व अंश होगा। अत: श्रीमान जी से निवेदन है कि मेरे द्वारा मेरे सगे पुत्र को आज की दिनाक से मेरी सब चल अचल सम्पत्ति से बेदखली का निरस्तीकरण किया जा रहा है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **प्रियंका पुत्री सुखारी लाल ग्राम संगवा परगना – बभनी पायर तहसील–मनकापुर जिला गोण्डा** की निवासिनी है। डाक विभाग द्वारा खरीदे गये किसान विकास पत्र में कुमारी पूजा देवी पुत्री सुखारी देवी लिखा है ।जबकि दोनों नाम एक ही व्यक्ति हैं।

**सूचना**
मैं, JC 829803W Nb Sub Clk Bechu Kumar, ग्राम– जमदरा, पोस्ट चकरा , जिला–मऊ, उत्तर प्रदेश 221705 ,निवासी का हूं , मेरी पुत्री का नाम कुछ कागजातों में गलत नाम संजना दर्ज हो गया है जबकि सही नाम संजना राजभर है, भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम को सही माना जाए।

**सूचना**
मैंने अपना नाम NAJIM से बदलकर NAJEEM रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: MOHAMMAD EHASAN, R/o 108/301 TALAB GAGNI SHUKL VTC LUCKNOW G.P.O-226001

**सूचना**
मैंने अपना नाम AMITABH से बदलकर AMITABH VISHWAKARMA रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।S/O: JAYDEV VISHWAKARMA, निवासी– 134 सुल्तानपुर घुघुरी जिला जौनपुर उ0 प्र0 223103

**सूचना**
मैंने अपना नाम JASNOORPREET KAUR से बदलकर JASNOORPREET SIDHU रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O: SURJIT SINGH SIDHU R/O: 411/240, NIWAZ GANJ PANNI WALI GALI THAKURGANJ, LUCKNOW.

**सूचना**
मेरे LDA भवन संख्या E- III/89 सेक्टर– H, अलीगंज लखनऊ का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र की मूलप्रति कहीं खो गई है जिसका प्रयोग अवैध होगा– **अभिलाष कुमार आनन्द पुत्र राम भजन लाल नि. – 1060, सेक्टर–4, विकास नगर, लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र रोल नंबर 1154197 वर्ष 2015 और इंटरमीडिएट का अंकपत्र रोल नंबर 5676807 वर्ष 2017 वास्तव में खो गया है। **ऋषभ कुमार मौर्या पुत्र राजेश कुमार मौर्या निवासी गंगापुर वारिद हाल पता टीचर कालोनी मिहीपुरवा थाना मोतीपुर बहराइच।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र राघवेन्द्र यादव व पुत्रवधु मनीषा यादव को उसके गलत चाल–चलन व ख़राब आचरण के कारण उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।– **बृजेश कुमार पुत्र राम आधार, निवासी– 545का 063/27, जे0बी0 गार्डेन, पारा, लखनऊ, उ0प्र0– 226017**

**Notice**
SMT SUTTA DEVI MOTHER of No. 14439708A Rank BHM (TA) Name RAKESH KUMAR YADAV Unit 163 FD REGT resident of H.No-587A/363 GANDHI NAGAR TELIBAGH LUCKNOW UP PIN - 226025As per my Husband/Father/Brother service documents, my Date of Birth has been mentioned as SMT SUTTA DEVI which is incorrect. My correct Date of Birth as per my birth certificate issued by Registrar of Birth & Death/Matric certificate is SMT SUTTA The Date of Birth declared by my Son as 01-01-1945 which is existing in his service-documents is not correct All documents issued by government organization /offices have been signed by authorized designated and government officials.

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी जीवन बीमा पॉलिसी जिसका नं0 219604780 में मेरा नाम त्रुटिवश रिनित अंकित हो गया है जो कि गलत है। जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रंजीता दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है। **रंजीता पुत्री स्व0 रामकिशोर, निवासी – मानखेड़ा, मल्हौर रोड़, चिनहट, लखनऊ।**

**Notice**
I have changed my name from SAROJ DEVI to SAROJ due to culture Husband's surname and my date of birth is 04 Jun 1984 (Four June Nineteen Eighty four). That both Names SAROJ DEVI and SAROJ pertain to one and the same person. SAROJ DEVI spouse of No 14439708A BHM(TA) RAKESH KUMAR YADAV presently resident at Hno.587A/363 Gandhi Nagar, Telibagh, Lucknow (U.P.)

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या UP33 - 20100012269 और पेन कार्ड संख्या BDCPC 2065 B में मेरा नाम सुभाष चंद्र अंकित है , जो अपूर्ण है ।जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुभाष चंद्र जायसवाल अंकित है , जो पूर्ण है । अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस और पेन कार्ड में मेरा पूर्ण नाम सुभाष चंद्र जायसवाल अंकित किया जाए । **सुभाष चंद्र जायसवाल पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद जायसवाल निवासी – वार्ड नंबर 5 अकोढीया रोड , नगर पंचायत ऊंचाहार – रायबरेली**

# 14 दिन बाद भी नहीं बिका किसानों का धान

## धान क्रय केंद्र पर किसानों की बढ़ीं समस्याएं, बिसवां तहसील क्षेत्र में क्रय केंद्रों पर फैली अव्यवस्थाएं

संवाददाता बिसवां सीतापुर

**अमृत विचारः** धान क्रय केंद्र पर धान बेचने वाले किसानों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही। केंद्र पर तौल कम होने के चलते किसान दो सप्ताह (14 दिन) से इंतजार कर रहे हैं। धान पैदा करने वाले किसानों के सामने सरकारी खरीद केंद्र पर कम मात्रा में की जा रही खरीद परेशानी का कारण बन रही है।

किसान क्रय केंद्रों का ये हाल बिसवां तहसील क्षेत्र के कमोबेश हर क्रय केंद्रों का है। बुधवार को तहसील क्षेत्र स्थित नवीन मण्डी स्थल रुकनापुर धान क्रय केंद्र का था। धान क्रय केंद्र पर ग्राम पुरैनी निवासी किसान नरेन्द्र सिंह मौजूद मिले। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर को मंडी आये थे। तबसे इंतजार ही हाथ लगा है। धान की छनाई हो रही है। इतना समय बीतने के बाद भी तौल कराने की बात कही जा रही है। पीने के पानी के लिए टंकी तो है। लेकिन किसानों के रुकने- ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि 15 दिन से यहां रुकना पड़ रहा है।


मंडी समिति में खुले में पड़ा धान व तौल के इंतजार में खड़ी किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियां। अमृत विचार


नवीन मंडी समिति रुकनापुर बिसवां में बिक्री के लिए आए धान की छनाई करते मजदूर। अमृत विचार

**पड़ताल**

- **किसानों को पर्ची मिलने के बाद भी करना पड़ रहा है इंतजार**

कौवाखेड़ा निवासी किसान गुरप्रीत सिंह ने बताया कि वे कुल 90 क्विंटल धान मंगलवार को लेकर आए थे। जिसकी अभी तक तौलाई नहीं हो पाई है। उधर, गांव पखानियापुर निवासी अमर सिंह ने बताया कि 2 दिन पहले धान क्रय केंद्र पर लेकर आए थे। केंद्र पर रुकने की कोई व्यवस्था न होने के कारण पूरी रात ट्रैक्टर पर ही गुजारनी पड़ी। यहां किसानों के लिए सुविधाओं का टोटा है। जिसके चलते केंद्रों पर आने वाले किसानों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

**जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो सड़क पर उतरेगा संगठनः** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह का कहना है कि धान क्रय क्रेंद्रों पर शासन के निर्देशों के बावजूद कोई व्यवस्था ऐसी नहीं दिख रही, जिससे कहा जा सके कि किसानों को राहत मिल रही है। अगर समय रहते अगर किसानों का धान नहीं खरीदा गया तो किसान संगठन जल्द ही सड़क पर उतरेगा।


अमर सिंह।


नरेन्द्र सिंह।

**कई किसान हो चुके बीमार**

किसान अमर सिंह का कहना है कि उनकी तरह कई और गांव के किसान लगातार रुककर अपनी धान की तौलाई का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में रात में क्रय केंद्रों पर बिजली और रहने की पर्याप्त सुविधा न मिल पाने से बड़ी संख्या में किसान बीमार हो रहे हैं।

> 17 धान क्रय केंद्रो खरीद की जा रही है। कुल 17000 ( सत्रह हजार ) टन धान खरीद का लक्ष्य तहसील क्षेत्र में होना है। अभी तक 9660( नव हजार छह सौ साठ) टन धान खरीदा जा चुका है।
>
> -अवधेश कुमार सिंह, मंडी सचिव।

## कारागार राज्यमंत्री ने आईजी को लिखा पत्र

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचारः** सदरपुर थाना क्षेत्र की देवियापुर चौकी पर तैनात सिपाहियों से नाराज ग्रामीणों ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही से शिकायत की। बढ़ते विरोध को लेकर सुरेश राही ने आईजी जोन लखनऊ को कार्रवाई किए जाने के लिए पत्र लिखा है।

बता दें कि ग्राम नदिया मजरा सुखावां कलां के ग्रामीणों के साथ थाना सदरपुर क्षेत्र की देबियापुर पुलिस चौकी पर तैनात तीन सिपाहियों द्वारा अभद्रता करने का आरोप है। गांव के कई घरों में घुसकर महिलाओं और बुजुर्गों से बदसलूकी करने की शिकायत बीते दिनों ग्रामीणों द्वारा की जा चुकी है। इन सबके बावजूद को कोई कार्रवाई नहीं की गई। इतना ही नहीं ग्रामीणों का आरोप है कि विरोध करने पर सिपाहियों ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है। ऐसे में नाराज ग्रामीणों ने कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही से मिलकर घटना से जुड़ी जानकारी दी। उधर, बढ़ते विरोध को लेकर सुरेश राही ने आईजी जोन लखनऊ को कार्रवाई किए जाने के लिए पत्र लिखा है।

## सार-संक्षेप

### राज्य मंत्री ने दो किसानों को किया सम्मानित


डालमिया शुगर मिल में गन्ना पेराई की शुरुआत करते नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर।

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** डालमिया शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की यूनिट जवाहरपुर का पेराई सत्र बुधवार सुबह से आरंभ हुआ। पेराई सत्र की शुरुआत नैमिषारण्य के आचार्य रमेश चंद्र शास्त्री द्वारा विधि- विधान से पूजन-अर्चन के साथ की गई। नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी और यूनिट हेड टीएन सिंह हवन पूजन में शामिल हुए। इसी के बाद डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया। मिल परिसर के अंदर स्थित गुरुद्वारे में सभी ने प्रार्थना भी की। बाद में राज्यमंत्री ने पिपरी गांव से बैलगाड़ी से आए किसान संतराम और ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर आए रामपुर सरांय भाट निवासी काशी प्रसाद को सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पिसावां ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश यादव बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज की हुई बैठक

**संवाददाता मछरेहटा, सीतापुर, अमृत विचार :** राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामप्रसाद अवस्थी की अध्यक्षता में एक बैठक स्थानीय भारासेनी मंदिर परिसर मे आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज के प्रति अन्य वर्गों के रवैये पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होने संदेश दिया कि जब तक हम स्वयं तप, त्याग, क्षमा, दया, करुणा ,सत्यनिष्ठा, स्वाध्याय और संस्कार अपने अंदर नहीं लाएंगे। तब तक यह स्थिति सुधरने वाली नहीं है। बैठक में आगामी 17 नवंबर को होने वाले विशाल ब्राह्मण सम्मेलन की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया । इस अवसर पर बजरंग दल के प्रांत सह संगठन मंत्री महेंद्र पाण्डेय, रामसागर पाण्डेय, अनिल मिश्र, मुकेश शुक्ल, संजय शुक्ल, कमलेश तिवारी,अमरेन्द्र मिश्र, विवेक शुक्ल, अखिलेश त्रिवेदी,प्रमोद तिवारी अंजनी कुमार शुक्ल शिवम त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें: रीता

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत रीता ग्रुप ऑफ कॉलेज महाराजा गंज में स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में एएनएम नैन्सी जायसवाल एवं कालेज की प्रधानाचार्य रीता मिश्रा ने बच्चों एवं अभिभावकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। विभिन्न संचारी रोगों से बचाव के लिए जानकारी दी गई। आयोजित शिविर में 61 बच्चों को गम्भीर बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए गए। शिविर में प्राचार्य रीता मिश्रा ने कहा कि सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। किसी भी बीमारी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। इस मौके पर एएनएम नैन्सी जायसवाल ने कहा कि बच्चे को सही समय पर सभी टीके लगाएं। यही सब से बड़ी ममता और उपहार है। इस दौरान आशा कार्यकत्री रूमन, बीएमसी सोमपाल यादव, पर्यवेक्षक मोहम्मद अकील, आशा रजनी दीक्षित, आशा रजनी वर्मा, राधा वर्मा, शिक्षिका सृष्टि मिश्रा, आरिफा खान, गायत्री श्रीवास्तव, गुंजन तिवारी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। शिविर में काली खांसी, दिमागी बुखार आदि से बचाव के लिए 61 बच्चों को टीके लगाए गए।

### राष्ट्रीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता में तनिष्का का चयन

**संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद की ताइक्वाण्डो खिलाड़ी तनिष्का पाल का चयन 8 से 12 नवम्बर में विदिशा (मध्य प्रदेश) में आयोजित की जा रही 68वीं राष्ट्रीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता के लिये हुआ है। तनिष्का द्वारा बलिया में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जिसमें से उसका चयन उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय टीम के लिए किया गया। इस उपलब्धि पर तनिष्का पाल को नपा अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने सम्मानित किया। इस दौरान प्रभारी क्रीड़ाधिकारी संजीव कुमार सिंह तथा ताइक्वाण्डों प्रशिक्षक सुरेन्द्र भी मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार महिला समेत दो की मौत

**संवाददाता, मैगलगंज, अमृत विचार :** सीतापुर जनपद के थाना लहरपुर के गांव बहेली सुताता निवासी अख्तर (35) पुत्र सकूर अपने परिवार की ही उमाता पत्नी बशीर के साथ शादी समारोह में शामिल होने थाना मैगलगंज के गांव छोटी चौखड़िया आए थे। दोनों समारोह में शामिल होने के बाद बुधवार को दोनों बाइक से घर वापस जा रहे थे। सुबह 10 :30 बजे घर से निकल कर मैगलगंज बाईपास पर पहुंचे ही थे। तभी शाहजहांपुर की तरफ से आ रही कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला उमाता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अख्तर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक कार में फंसकर करीब दो सौ मीटर दूर तक घिसटती चली गई। वहीं पुलिस ने घायल अख्तर अस्पताल भेजा। अस्पताल ले जाते समय उसने भी रास्ते में दम तोड़ दिया।

## एक नजर

### चार भूमाफिया के खिलाफ केस दर्ज

**सीतापुर :** अवैध कब्जेदारों पर प्रशासन का चाबुल चला। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर हुई जांच के बाद चार भूमाफिया के खिलाफ खैराबाद थाने में अभियोग दर्ज कराया गया है। बता दें कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के भूमाफिया के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। बीते दिन खैराबाद कस्बे में अवैध कब्जों को हटाकर करोड़ों रुपयों की जमीन मुक्त कराई गई थी। इसी के बाद गोपनीय स्तर पर जांच पड़ताल हुई। जिसमें भूमाफिया के नाम प्रकाश में आए, बुधवार देर शाम नजूल लिपिक खैराबाद शैलेंद्र कुमार की तहरीर पर खैराबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसमें नेहाल पुत्र जमाल अहमद, सुजात पुत्र स्व. लियाकत अली, मेराज पुत्र हाजी अब्दुल मजीद और आफताब अहमद पुत्र हाजी अब्दुल मजीद के नामजद हुए हैं। आरोप है कि भूमाफिया ने हजारों वर्ग फुट जमीनों पर अवैध कब्जे कर रखे थे।

### किशोरी लापता, केस दर्ज

**थानगांव, सीतापुर :** थानगांव इलाके के एक गांव से संदिग्ध हालातों में किशोरी लापता हो गई। घटना को लेकर पुलिस ने अभियोग दर्ज कर लिया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि किशोरी खेत में खाना देने के लिए निकली थी। इसी दौरान लापता हो गई। आरोप है कि रेउसा थाना क्षेत्र का कन्हई उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भाग ले गया। थानगांव थानाध्यक्ष का कहना है कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### लापता युवक का नदी में मिला शव

**तंबौर, सीतापुर :** तंबौर थाना क्षेत्र के काजीबेहड़ निवासी परिजनों का कहना है कि 22 वर्षीय हीरालाल 2 नवंबर को घर से निकले था। इसी के बाद से लापता हो गया। काफी तलाश के बाद लापता हीरालाल का दोपहर बाद शव शारदा नदी में उतराता मिला। वहीं थानाध्यक्ष विजयेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है।

### मंदिर की भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**सीतापुर :** हरगांव थाना क्षेत्र एक युवक पर मंदिर की जमीन कब्जा करने का आरोप है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मंदिर की जमीन से कब्जा हटवाने की मांग की है। गांव निवासी धनंजय सिंह, प्रमोद सिंह, छोटू, हरिओम, भगवानदीन ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी सदर को शिकायती पत्र दिया है।

## तेज बुखार ने ली ग्राम प्रधान की जान, परिजनों में कोहराम

संवाददाता मानपुर, सीतापुर

**अमृत विचारः** गांजर और बाढ़-कटान के बाद तेज बुखार का कहर शहर की ओर बढ़ चला है। संक्रमण की चपेट में आकर विकाख खण्ड खैराबाद के सरैंय्या सानी गांव के प्रधान की मौत हो गई। पिछले तीन दिनों से उसके तेज बुखार आ रहा था। जिसके कारण उसे लखनऊ स्थित विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं प्रधान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

विकास खण्ड खैराबाद की सरैंय्या सानी ग्राम पंचायत के प्रधान आशू अवस्थी उर्फ फुद्दन थे। परिजनों के मुताबिक, पिछले कुछ समय से इनके तेज बुखार आ रहा था। तीन दिन से इनकी तबियत अधिक बिगड़ गई। परिवार के लोग प्रधान आशू अवस्थी उर्फ फुद्दन को लेकर लेकर लखनऊ पहुंचे, जहां इन्हें विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान देर रात ग्राम प्रधान आशू अवस्थी उर्फ फुद्दन ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर पाकर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। ग्रामीणों के मुताबिक, आसपास में भी तेज बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं।


आशू अवस्थी (फाइल फोटो)।

- **खैराबाद की ग्राम सभा सरैंय्या सानी गांव का था प्रधान**
- **बाढ़-कटान के बाद तेज बुखार का फैला संक्रमण**

## बच्चों को प्रतिदिन भेजें विद्यालय

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचारः** प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अभिभावको ने विद्यालय को बेहतर बनाने के लिए साझा प्रयासों पर चर्चा की। इस मौके पर माह अक्टूबर में शत-प्रतिशत उपस्थिति रहने वाले एवं निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने वाले बच्चों को फूल माला पहनाकर तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

बैठक में मौजूद अभिभावकों को संबोधित करते हुए संकुल शिक्षक अनवर अली ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यालय की सबसे बड़ी चुनौती छात्रों की उपस्थिति है, अभिभावकों के सहयोग से ही इस समस्या का समाधान सम्भव है। सभी अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय अवश्य भेजें। शिक्षक सरोज कुमार वर्मा ने शिक्षा का अधिकार कानून एवं नई शिक्षा नीति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

उमेश चन्द्र ने यातायात माह के महत्व पर चर्चा करते हुए यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की। इस मौके पर शिक्षक राजीव ,रामावती वर्मा एएनएम जयदेवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रेमवती ने भी अपने विचार व्यक्त किए। एसएमसी अध्यक्ष हरिपाल ने उपस्थित जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ईरापुर प्राथमिक विद्यालय के बच्चे। अमृत विचार

- **ईरापुर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में संकुल शिक्षक अनवर अली बोले**

## शिक्षा की मजबूती से विकसित होगा देश

संवाददाता खैराबाद, सीतापुर

**अमृत विचारः** कई वर्षों में हमारे विद्यालयों में व्यापक बदलाव आए हैं। विद्यालयों में शिक्षक उपलब्ध हैं, अच्छे भवन बनाए गए हैं, और सभी बच्चों को पौष्टिक मिड-डे मील मिल रहा है। इस क्रम में ये आवश्यक है कि अब हमारी प्राथमिकता बच्चों की दक्षताएं विकसित करने पर होनी चाहिए, क्योंकि शिक्षा की मजबूती से देश विकसित होगा। यह बात शिक्षकों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कही।

उन्होंने कहा कि बुनियादी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में एआरपी और बीईओ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यही पाठ्यक्रम में हुए बदलाव को शिक्षकों तक पहुंचाने और सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के द्वारा शिक्षकों को मार्गदर्शन देने का कार्य करते हैं। उन्होंने निपुण भारत के लक्ष्यों को पूरा करने का शिक्षकों को निर्देश दिया। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि मिशन के जरिए छोटे बच्चों में मूलभूत क्षमताओं का विकास होने से आगे की कक्षाओं में पढ़ाई में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। बीएसए ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल बच्चों का निपुण स्तर बढ़ा है और इसके लिए विभाग के सभी अधिकारी, मेन्टर और शिक्षक बधाई के पात्र हैं। हमें इसी लगन के साथ कार्य करते रहने की आवश्यकता है। कार्यशाला में मौजूद एआरपी एलिन, एआरपी रत्नदीप अवस्थी एवं अतुल शुक्ला ने पढ़ाने के दौरान की समस्या और उसके निराकरण के बारे अन्य शिक्षकों से साझा किया। कार्यशाला का संचालन एसआरजी करुणेश मिश्रा, मधनेश मिश्रा और आलोक श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में जनपद की निपुण सेल की टीम, जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समान्यवक (प्रशिक्षण) आदि मौजूद थे।


कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

- **कार्यशाला को डीएम अभिषेक आनंद ने किया संबोधित**
- **निपुण भारत के लक्ष्यों को पूरा करने का दिया निर्देश**

## सिलेंडर फटने से ढह गया मकान, महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- **अटरिया थाना क्षेत्र के नीलगांव का मामला, छानबीन जारी**

**अमृत विचारः** अटरिया थानाक्षेत्र में नीलगांव स्थित एक मकान बुधवार देर शाम तेज धमाके के बाद ढह गया। कमरे के मलबे में दबकर एक महिला की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।

नीलगांव गांव में कफील का मकान है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, 35 वर्षीय रजिया कमरे में खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक तेज धमाका हुआ। और दो कमरे भरभराकर ढह गए। मलबे के नीचे रजिया दब गईं। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जेसीबी ने पहुंचकर मलबा हटाया, तब कहीं जाकर शव को बाहर निकाला जा सका। कुछ दूर तक मूर्छित रहे कफील ने होश में आने के बाद बताया कि उनके तीन बच्चे गांव में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। ग्रामीणों में चर्चा है कि इसी मकान से पुलिस ने बीते वर्ष छापेमारी कर पटाखे बरामद किए थे। सीओ सिधौली कपूर कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया गैस सिलेंडर फटने से हादसा होना प्रतीत हो रहा है। घटना की गहनता से पड़ताल की जा रही है।

**आर्मी ग्राउण्ड के करीब बेहोश मिली महिला, सीतापुरः** नगर स्थित आर्मी मैदान के निकट एक महिला बेहोशी की अवस्था में मिली। मासूम बच्चे के साथ मिली महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर कोतवाल अनूप शुक्ला का कहना है कि होश में आने के बाद महिला ने खुद को सिद्धार्थनगर का निवासी बताया है। उसके परिजनों को इसकी जानकारी दी जा रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कण्डारी - विकास खण्ड पहला सीतापुर**

पत्रांकः मेमो / कण्डारी/ सा0आपूर्ति / नि.प्र./2023-24 दिनांकः 06/11/2024

अल्पकालिक निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से पंचम वित्त/15 वॉ वित्त योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला/ग्राम पंचायत के पंजीकृत दुकानदारों/फर्मो से सामग्री आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.11.2024 से 12..11.2024 अपरान्ह 4.00 बजे निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत अधिकारी कण्डारी से प्राप्त की जा सकती है। मोहरबन्द निविदा दिनांक 12.11.2024 को अपरान्ह 4.00 बजे ग्राम पंचयत अधिकारी कण्डारी एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारों की उपस्थित में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत | सामग्री का नाम | सा0 अपूर्ति की अवधि | निविदा का शुल्क | निविदा की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सलारपुर में रामबक्श के घर से रामलाल के घर तक खड़ंजा मरम्मत कार्य | 142092/- | ईट | 1 माह | नि0 शुल्क | ग्रा0पं0 पंजीकृत दुकानदार |
| 2 | ग्रा0पं0 कण्डारी के विद्यालय में कायाकल्प का कार्य (प्रधानाचार्य कार्यालय बरान्डा) रसोई कक्ष 1 व 2 टायलीकरण का कार्य | 145789/- | सी0 मौरंग, ईट रोडी, टाइल्स इत्यादि | 1 माह | नि0 शुल्क | ग्रा0पं0 पंजीकृत दुकानदार |

निविदा की पात्रता :-
1- निविदा सम्बधी अन्य जानकारी दिनांक 07.11.2024 से किसी भी कार्य दिवस कार्यालय ग्राम पंचायत / ग्राम विकास अधिकारी कण्डारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती
2 - निविदा प्रपत्रो के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।

अशीष कुमार वर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम कण्डारी, वि0ख0 पहला-सीतापुर

**कार्यालय नगर पंचायत महोली-सीतापुर**

पत्रांकः 1260 न0पं0म0 / सार्व0सूचना/2024-25 दिनांक 06/11/024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित प्रार्थना पत्र दाखिल-खारिज हेतु कार्यालय नगर पंचायत महोली को प्राप्त हुए है. जिसके सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्तियाँ लिखित रूप से कार्यालय नगर पंचायत महोली में दे सकते हैं। बाद मियाद यह समझा जायेगा कि उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है और दाखिल खारिज की कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | वार्ड संख्या | मोहल्ला/वार्ड का नाम | मकान संख्या/ गाटा संख्या | प्रार्थना पत्र देने वाले का नाम | आधार | किससे प्राप्त किया | मकान/ प्लाट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04 | मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी | - | श्रीमती रेशमा पत्नी ठाकुर | बैनामा | श्री गंगाराम पुत्र मैकू | प्लाट |
| 2 | 02 | मो0 विकास नगर | 309 | श्री राकेश कुमार पुत्र महादेव प्रसाद | बैनामा | श्री गुरमुखदास पुत्र स्व0 मोटूमल | प्लाट |
| 3 | 04 | मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी | 339 | कु0 सीमा राठौर पुत्री सुन्दर लाल राठौर | वसीयत | श्रीमती मंजू राठौर पत्नी स्वः सुन्दर लाल राठौर | मकान |
| 4 | 04 | मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी | - | श्रीमती सुमन देवी पत्नी कौशल किशोर वर्मा | बैनामा | श्री भीमसेन पुत्र श्री नेतराम | प्लाट |
| 5 | 09 | मो0 मास्टर कालोनी पश्चिमी | - | श्रीमती आशा देवी पत्नी राम निवास | बैनामा | श्रीमती फूलमती पत्नी चन्द्रमणि कटियार | प्लाट |
| 6 | 09 | मो0 मास्टर कालोनी पश्चिमी | 84 | श्री हरिशंकर व शिव शंकर व राजकुमार पुत्रगण स्व0 रामदयाल | वसीयत | श्री रामदयाल पुत्र श्री बलदेव प्रसाद | मकान |

(श्रीश मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत महोली
सीतापुर

**खबर का असर** जिलाधिकारी के निर्देश के बाद पीडब्लूडी विभाग ने लगाया नदी एक एक छोर तक प्लाटून (अस्थाई पुल)

## चौका नदी पर लगा प्लाटून, क्षेत्रीय लोगों को मिली राहत

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी के आदेश पर चौका नदी पर प्लाटून (अस्थाई पुल) पुल बना दिया गया। ऐसे में 20 हजार से अधिक की आबादी ने राहत की सांस ली। आने जाने में खस्ताहाल नाव से हो रही दिक्कतों को अमृत विचार ने प्रकाशित किया था। इस खबर का असर कारगर रहा। जिलाधिकारी ने प्रकाशित खबरों को संज्ञान में लेते हुए पीडब्लूडी के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिये, नतीजा 24 घंटे के भीतर रामपुर मथुरा इलाके से गुजरी चौका नदी पर प्लाटून (अस्थाई पुल) पुल बना दिया गया।

बता दें कि 20 हजार की आबादी बाढ़ और कटान के कारण दूसरे छोर और बंधे पर रह रही थी। इसको चौका नदी पार कर किनारे तक पहुंचने में खस्ताहाल नाव का सहारा लेना पड़ता था। ऐसे में एक ग्रामीण की गहरे पानी में फिसलकर मौत भी हुई। बड़ी आबादी की समस्या को अमृत विचार ने उठाया था। रामपुर मथुरा इलाके की ग्राम पंचायत शुकुलपुरवा, कनरखी सहित कई अन्य ग्राम पंचायतों के मजरों के लोगों को राहत मिली है।

अर्जुन पुरवा निवासी उर्मिला देवी का कहना है कि प्लाटून बनने से आवाजाही का संकट खत्म हुआ। अब गृहस्थी भी गांव तक आसानी से ले जा सकेंगे। शुकुल पुरवा की रामावती निषाद का कहना है कि एक छोर तक जाने में पैसे नहीं पड़ेगे क्योंकि नाव की सवारी पर पैसे लिये जाते थे। कोठार निवासी इकमी निषाद ने बताया कि छोटी सी नांव घरेलू सामान ले जाना जोखिम भरा था। कोठार निवासी मनीराम और माता प्रसाद निषाद का मानना है कि छठी माई का त्यौहार अब परंपरागत रूप से पूरा होगा।

वहीं पीडब्लूडी के जेई राजेश पाल का कहना है कि प्लाटून को सीधा करवाकर चौकी नदी के किनारे तक जोड़ दिया गया है। इसके चलते लोगों का आवागमन शुरू हो गया है। इसके चलते अब लोगों को राहत मिलेगी।


उर्मिला देवी।


माता प्रसाद।


थपेड़ों में बह रहा विकास, लोगों को पुल की आस

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।


चौका नदी पर लगाए गए प्लाटून। अमृत विचार

## एक नजर

### बीडीओ ने की समूह सखी के साथ बैठक

**सतरिख, अमृत विचार :** हरख ब्लॉक के सभागार में खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समूह सखी के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खाता खुलने पर सीसीएल पर चर्चा की गई। गुरुवार को खंड विकास अधिकारी हरख प्रीति वर्मा की अध्यक्षता में पटेल सभागार में बैंक की सखी व समूह की सखियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र से आई करीब 5 दर्जन समूह सखी व बैंक सखी को खाता खुलवाने व आजीविका मिशन को बढ़ाये जाने सीसीएल के बारे में जानकारी दी गई। जिससे रोजगार को बढ़ावा दिया जा सके। इस मौके पर एडीओ मीना श्रीवास्तव, आलोक कुमार और सुनील कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान के निधन से शोक की लहर

**सतरिख, अमृत विचार :** हरख ब्लॉक की ग्राम पंचायत बरबसौली की ग्राम



प्रधान सुनीता देवी (38) का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार की रात्रि निधन हो गया। जिससे ग्राम पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम प्रधान के निधन की सूचना पाकर ग्रामीणों सहित अन्य लोगों ने प्रधान के घर पहुंचकर दुख जताया। स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्राम प्रधान सुनीता देवी हमेशा विकास कार्यों को प्राथमिकता देती थीं। उनका कहना था कि गांवों के विकास से ही देश की तरक्की होगी। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष सीमा वर्मा, चट्टान सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मोतीलाल कनौजिया, प्रधान रीना देवी, प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र वर्मा और प्रधान प्रतिनिधि राहुल यादव आदि रहे।

# राज्यमंत्री की फर्जी आईडी बनाकर ठगों ने मांगे रुपये

## सतीश शर्मा ने अपील कर लोगों को किया सावधान, केस दर्ज

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** साइबर ठग अब बड़े अधिकारियों और मंत्रियों को भी नहीं छोड़ रहे। ताजा मामले में साइबर ठगों ने राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर उनके परिचितों को संदेश भेजे और रुपये मांगने शुरू कर दिए। जानकारी होने पर राज्यमंत्री ने दरियाबाद थाने में सूचना दी और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। साथ ही फेसबुक और एक्स समेत अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से लोगों से सचेत रहने की अपील की।

सतीश शर्मा दरियाबाद विधानसभा सीट से भाजपा विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्यमंत्री हैं। साइबर ठगों ने उनके नाम की फर्जी आईडी बनाई और उनके परिचितों से संपर्क साधकर रुपयों की मांग करने लगे। फर्जीवाड़े के बारे में जब लोगों ने राज्यमंत्री को जानकारी दी तो वह



सतीश शर्मा, राज्यमंत्री। अमृत विचार

हैरान रह गये। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी दरियाबाद थाना पुलिस को दी। राज्यमंत्री के समर्थक थाना बदोसराय के गांव थाना डीह निवासी पुष्पेंद्र शुक्ला उर्फ अंशु की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। साथ ही सतीश शर्मा ने अपने फेसबुक और एक्स समेत अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से पोस्ट करते हुए लोगों से अपील करते हुए लिखा कि मेरे नाम की फर्जी आईडी बनाकर शुभ चिंतकों से पैसे की मांग का मामला सामने आया है। मेरी इस आईडी के अलावा दूसरी कोई अन्य आईडी नहीं है। उचित कार्रवाई के लिए बाराबंकी पुलिस को निर्देश दिए गए हैं। अतः फर्जीवाड़े से सावधान



Satish Sharma
मेरे नाम की फर्जी आईडी बनाकर शुभचिंतकों से पैसे की मांग का मामला सामने आया है।
मेरी इस आईडी के अलावा दूसरी कोई अन्य आईडी नहीं है।
उचित कार्यवाही हेतु बाराबंकी पुलिस को निर्देश दिए गए हैं।
अतः फर्जीवाड़े से सावधान रहें और तत्काल मुझे सूचना देने का कष्ट करें, जिससे दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।
FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 173 B.N.S.S)

राज्यमंत्री द्वारा जारी की गई अपील।

रहें और तत्काल मुझे सूचना देने का कष्ट करें जिससे दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। उन्होंने दर्ज हुए मुकदमे का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। वहीं थानाध्यक्ष दरियाबाद अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

### खेलकूद स्पर्धा में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ बताया खेल का महत्व

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद स्पर्धा का कंपोजिट विद्यालय सनौली में आयोजन हुआ। शुभारंभ नोडल अधिकारी श्रीश चतुर्वेदी ने किया। प्रतियोगिता की थीम 'तेज, ऊंचा, मजबूत–एक साथ' रखी गई। खेल शिक्षक राजीव साहू, अरविंद कुमार यादव, अंकित तिवारी, संदीप आदि ने खेलों को सकुशल संपन्न कराया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आये बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर न्याय पंचायत के वरिष्ठ अध्यापक अवधेश कुमार, नंद किशोर मिश्रा, राजेश सिंह, योगेंद्र त्रिपाठी, सुनीता देवी, राजिया बानो, उमाकांत मिश्रा, उमेश यादव, विकास चंद्र, आशीष वर्मा, दिनेश वर्मा, मानवेन्द्र सिंह, रामजी सोनी, शैलेश यादव, राकेश कुमार, दीपक कुमार, अभिषेक वर्मा, अयाज, संतोष तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# मशरूम की खेती से किसान हो रहे मालामाल

**विकास पाठक, बनीकोडर बाराबंकी**

**अमृत विचार:** मशरूम जहां खाने का स्वाद बढ़ाता है वहीं सेहत के लिए भी समर्पित है। किसानों के लिए भी इसकी खेती वरदान साबित हो रही है। विकासखंड बनीकोडर में किसान इस समय गेहूं और धान जैसी परंपरागत खेती से दूर हटकर मुनाफे वाली खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यही वजह है कि किसान इस समय मशरूम की खेती बड़े पैमाने पर कर रहे हैं।

विकासखण्ड क्षेत्र के दुरौंधा गांव में बड़ी संख्या में किसान मशरूम की खेती कर अच्छा लाभ कमा रहे हैं। मशरूम की खेती में बेहद कम लागत आती है और मुनाफा कई गुना मिलता है। किसान राजेश गुप्ता



मशरूम की खेती के बारे में जानकारी देते किसान राजेश गुप्ता। अमृत विचार

बताते हैं कि मशरूम की खेती के लिए सबसे पहले एक बंद स्थान की जरूरत होती है। जिसके लिए बांस और फूस की झोपड़ी किसी खाली जगह पर लगा देते हैं। उसके बाद मशरूम की खेती में सबसे जरूरी है कॉम्पोस्ट खाद। इसे बनाने के लिए सबसे पहले गेहूं के भूसे का प्रयोग किया जाता है। गेहूं के भूसे में फार्मलीन, बेवस्टीन की उचित मात्रा मिलाकर भूसे को भिगा दिया जाता है। फिर उसमें मुर्गी की बीट, यूरिया और गेहूं का चोकर डालकर मिक्स कर देते हैं और उसको एक हफ्ते के लिए छोड़ दिया जाता है। एक हफ्ते के बाद उसका तापमान 70 डिग्री सेंटीग्रेड हो जाता है। तापमान कम करने के लिए भूसे के पलट दिया जाता है और पांच दिन बाद ढेर को दोबारा उलट देते हैं। लगभग 28 दिन में कंपोस्ट खाद मशरूम उगाने के लिए तैयार हो जाती है। ढेर को अलग अलग दिनों के अंतर से उलटने से उसका तापमान कम हो जाता है। दुरौंधा गांव के किसान राजेश गुप्ता बताते हैं कि वह पिछले 15 सालों से मशरूम की खेती करके अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं।

किसान राजेश गुप्ता अच्छी खेती के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से सम्मानित भी किए जा चुके है। राज्यपाल के द्वारा नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में आयोजित 24वें दीक्षांत समारोह 2023 में उत्तर प्रदेश में उत्कृष्ट मशरूम उत्पादन में प्रथम स्थान हासिल करने के फल स्वरूप राजेश गुपता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा चुका है।

## चारा मशीन से कटा किसान का हाथ

**सतरिख, अमृत विचार:** चारा मशीन में पुआल लगाते समय किसान का हाथ कट गया। स्थानीय इलाज के बाद डाक्टरों ने किसान को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। सतरिख कस्बे के पूरेभग्गन वार्ड के गुड्डू यादव बुधवार को ट्रैक्टर से चलने वाली चारा मशीन से चारा काट रहा था। उसी दौरान मशीन में पुआल लगाते समय उसका हाथ फंस गया। जिससे उसका हाथ कट गया। गंभीर हालत में किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतरिख में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद डाक्टरों ने किसान को ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## 12 केंद्रों पर हुई 550 क्विंटल धान खरीद

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** ब्लॉक बनीकोडर अंतर्गत धान केंद्रों पर धान खरीद की शुरु हो गई है। धान बेचने का इंतजार कर रहे किसान खरीद शुरू होते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर ब्लॉक के अलग अलग केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। ब्लॉक अंतर्गत सहकारी समिति धान क्रय केंद्र और खाद्य विभाग धान क्रय केंद्र के लगभग एक दर्जन केंद्रों पर करीब 550 क्विंटल से धान की खरीद हुई।

शासन ने इस बार खरीद का लक्ष्य 1.37 लाख एमटी निर्धारित किया है। इसके लिए पूरे ब्लॉक में एक दर्जन धान खरीद केंद्र खोले गए हैं। एएमओ आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि ब्लॉक बनीकोडर



धान क्रय केंद्र पर होती हुई तौल। अमृत विचार

अंतर्गत रामसनेही घाट प्रथम/द्वितीय, भिटरिया प्रथम/द्वितीय, छंदवल, खुशहेटी, सादुल्लापुर, थुर्थिया प्रथम/द्वितीय, रामपुर, मो उपाध्याय, बनीकोडर है जहां धान टोकन देकर दिन और तारीख बता दी गई है। इससे किसानों को असुविधा भी नहीं होगी और उनका धान निर्धारित समय पर तौला भी जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन धमरेंद्र प्रदेश प्रभारी मायाराम यादव ने बनीकोडर के धान क्रय केंद्र का दौरा किया और बताया कि अभी धान तौल और टोकन वितरण में कोई भी लापरवाही सामने नहीं आई है। कुछ किसानों से बात भी की गई तो बताया कि तौल सही हो रही है।

# महिला हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**मसौली, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान फेज पांच के तहत बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय करपिया में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में महिला पुलिस कर्मियों द्वारा किशोरियों को जागरूक किया गया। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा ने कहा कि स्कूल कॉलेज रास्ते आते जाते समय अगर कोई मनचला शोहदा उनके साथ छेड़छाड़ करता है तो घबराएं नहीं बल्कि महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जारी किए गए टोल फ्री नंबरों पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उन्हें तत्काल सहायता मुहैया कराई जाएगी तथा अपने साथ गलत होने पर चुप





कार्यक्रम में मौजूद पुलिसकर्मी और छात्राएं। अमृत विचार

न रहें।

हेड कांस्टेबल करुणेंद्र पटेल व कांस्टेबल सचिन सचान ने साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए। महिला सुरक्षा दल की महिला कांस्टेबल राधिका द्विवेदी ने वूमेन पावर लाइन के लिए 1090, आपातकालीन सेवा के लिए 112, महिला हेल्पलाइन के लिए 181, चाइल्ड लाइन के लिए 1098, एंबुलेंस सेवा के लिए 108, स्वास्थ्य सेवा के लिए 102, फायर ब्रिगेड के लिए 101 तथा साइबर संबंधी सुरक्षा के लिए टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी। इस मौके पर आवासीय विद्यालय की वार्डन विभा मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# देवउठनी एकादशी 12 को, शुरू होगा शादियों का दौर

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** पांच दिन बाद यानी 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी का महापर्व है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु चार माह बाद योग निंद्रा से उठते हैं। सीधे तौर पर यह कहा जाए कि चार महीने की योग निद्रा के बाद भगवान श्री हरि विष्णु 12 नवंबर को जागेंगे। और चार महीने से मांगलिक कार्यों पर लगा विराम भी हट जाएगा। नवंबर और दिसंबर में 18 दिन विवाह के मुहूर्त मिलेंगे। इसके बाद खरमास शुरू होगा और सभी मांगलिक कार्य मकर संक्रांति तक बंद रहेंगे।

ज्योतिषाचार्य पं.अखिलेश चंद्र शास्त्री के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 11 नवंबर



को शाम 6:47 बजे लगेगी और 12 नवंबर को शाम 4:06 बजे तक रहेगी। पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र 12 नवंबर को सुबह 7:53 बजे से उसी दिन अर्धरात्रि के पश्चात 5:41 मिनट तक रहेगा। हरिप्रबोधिनी एकादशी का व्रत उदयातिथि के अनुसार 12 नवंबर को रखा जाएगा। कार्तिक शुक्लपक्ष की एकादशी तिथि से

### मांगलिक कार्य

▸▸ बैंडबाजों की धुन और गूंजेगी शहनाई, चमेका अच्छा कारोबार

कार्तिक पूर्णिमा तक शुद्ध देशी घी के दीपक जलाने से जीवन के सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है। 12 नवंबर से सभी मांगलिक कार्य आरंभ हो जाएंगे। इसके साथ शादी की सहालग का दौर भी शुरू हो जाएगा। 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक इस बीच 18 दिनों की सहालग रहेगी। जिले भर में शादियों की धूम के साथ बैंडबाजे की गूंज सुनाई पड़ेगी। सहालग को लेकर गेस्ट हाउस, बैंडबाजा, कैटर्स, टेंट हाउस आदि के संचालक समेत शादी की सहालग से जुड़े छोटे-बड़े सभी व्यवसाइयों में अच्छा कारोबार की उम्मीद है। लॉज एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. सबाह बताते हैं कि शादी की सहालग को लेकर अच्छे कारोबार की उम्मीद है। नवंबर व दिसंबर में डेढ़ दर्जन शादियों की डेट की बुकिंग है।

**16 दिसंबर से 15 जनवरी तक खरमास:** 16 दिसंबर को सूर्य के धनु राशि में प्रवेश के साथ खरमास का अतिरिक्त माह शुरू हो जाएगा। इस बीच एक माह तक कोई भी मांगलिक कार्यक्रम नहीं होंगे। 15 जनवरी को मकर संक्रांति के साथ ही एक बार फिर से शादियों का दौर शुरू होगा। जो लगभग पूरे वर्ष तक रहेगा। खरमास के चलते कारोबार पर भी थोड़ा बहुत असर पड़ता दिखाई देता है।

### यह है एक साल में विवाह का शुभ मुहूर्त

नवंबर : 12, 13, 16, 17, 18, 24, 25, 26, 28, 30
दिसंबर : 1, 2, 3, 4, 5, 9, 10, 11
जनवरी 2025 : 16, 18, 19, 20, 21, 24, 26, 27
फरवरी : 1, 2, 3, 8, 12, 14, 15, 16, 22, 23, 24
मार्च : 1, 2, 3
अप्रैल : 15, 16, 20, 25, 26
मई : 1, 7, 8, 9, 11, 15, 16, 22, 23, 24, 27, 28
जून : 3, 4, 5
नवंबर : 2, 3, 4, 7, 8, 12, 13, 14, 15, 16, 18, 20, 21, 24
दिसबंर : 1, 4

## मंगल महोत्सव की तेज हुई तैयारी

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** हैदरगढ़ कस्बा स्थित सार्वजनिक इंटर कालेज के परिसर में आगामी दस नवंबर को आयोजित होने वाले नारायणी मंगल महोत्सव की तैयारियां जोर शोर से जारी हैं। महोत्सव में झुंझुनूनवाली दादी जी के भक्तों की भीड़ जुटाने के लिए संस्था के पदाधिकारियों द्वारा आस पास के अन्य जनपदों के दादी भक्तों को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

प्रति वर्ष आंवला नवमी के अवसर पर श्री राणी सती दादी सेवा संस्था द्वारा आयोजित किये जाने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा से होगा। सुबह रामलीला कोठी मैदान से निकलने वाली भव्य कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल सार्वजनिक इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंचेगी। इस यात्रा में भव्य झांकियां भी शामिल रहेंगी। इसके उपरांत कोलकाता से आने वाली हर्षिता डिडवानिया द्वारा मंगल पाठ किया जायेगा। मंगल पाठ के समापन पर मुजफ्फरपुर के भजन गायक राजीव मनमोहन सोनी द्वारा दादी मां को समर्पित भजन प्रस्तुत किये जायेंगे। समापन रात दस बजे बनारस से आये ब्राम्हणों द्वारा किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष अल्लू अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, शिव कुमार चतुर्वेदी, दिलीप अग्रवाल, जितेंद्र सिंघल, संजीव गोयल, कृष्ण कुमार शुक्ल, आशुतोष झुनझुनवाला और शिव बहादुर सिंह समेत कई भक्त महोत्सव की तैयारी में लगे हुए हैं।

## एक सप्ताह से नहीं मिल रहा गेहूं का बीज

**त्रिवेदीगंज, अमृत विचार:** रजिस्ट्रेशन करा धन जमा करने के बाद भी किसान कल्याण केन्द्र से किसान एक सप्ताह से बीज के लिए लौट रहे हैं। एक सप्ताह पूर्व से रजिस्ट्रेशन करा कर चक्कर काट रहे किसानों का आज किसान कल्याण केन्द्र पर जमावड़ा लगा रहा। किसानों ने बताया कि गेहूं के बीज के लिए रोज लौटना पड़ रहा हैद्ध जीवन लाल, जीत कुमार, लल्लन, राकेश, संजय ने बताया रजिस्ट्रेशन व रूपये जमा है फिर भी एक सप्ताह से गेहूं का बीज नही मिल रहा है। किसान कल्याण केन्द्र प्रभारी अमर नाथ मिश्रा ने बताया कि आज बीज देर से आया लेकिन वितरण किया गया है।

# वार्ता फेल, वकीलों का प्रदर्शन जारी

**फतेहपुर, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** अधिवक्ताओं की हडताल सातवें दिन भी जारी रही। अधिवक्ताओं और उपनिबन्धक के बीच शुरू हुई वार्ता विफल हो गयी। इस दौरान अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया, और हडताल अनिश्चितकाल के लिए जारी रखने के लिए निर्णय लिया गया है। रजिस्ट्री दफ्तर का स्थानान्तरण कचेहरी परिसर से 500 मीटर की दूरी पर स्थित बाईपास रोड पर किया जाना प्रस्तावित है जिसके लिए करीब 10 दिन पहले मौके पर निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा शुरू कर दिया था। बुधवार को हडताले के सातवें



तहसील परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

दिन उपनिबन्धक अवधेश कुमार मिश्रा ने वकीलों के एक प्रतिनिधि मण्डल से वार्ता की। करीब एक घण्टे चली इस वार्ता का परिणाम कोई नहीं निकल सका। बाद में बार संघ अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम ने अधिवक्ताओं से वार्ता करते हुए उन्हें जानकारी दी कि जो नक्शा प्रस्तावित उपनिबन्धक भवन के लिए बनाया गया है वह मात्र 3200 वर्गफिट का है ऐसी दशा में इतनी छोटी जगह में कैसे दस्तावेज नवीस और वकील बैठेंगे यह सबसे बड़ी समस्या है। इस मौके पर संजय सिंह राजीव नयन तिवारी, ओम प्रकाश यादव, हरीश मौर्या, हरिनाम सिंह वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, सतीश वर्मा, इंद्रेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### दहेज नहीं मिला तो महिला को घर से भगाया

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को घर से भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना लोनीकटरा क्षेत्र के ग्राम भागू का पुरवा निवासिनी सोनी पुत्री राम सेवक का बिवाह लगभग पांच साल पहले जनपद लखनऊ थाना नगराम के खवास खेड़ा निवासी अंकित के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। क्षमता के अनुसार दान दहेज भी दिया गया लेकिन वर पक्ष संतुष्ट नहीं था। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने से नाराज सास गिरजा देवी, ससुर गिरीश व पति अंकित ने मारपीट कर घर से भगा दिया। थाना अध्यक्ष दौमित्र सेन रावत का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### प्रधान संघ ने किया नवागत बीडीओ का स्वागत



बीडीओ का स्वागत करते संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को नवागत खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव का स्वागत किया तथा शिष्टाचार मुलाकात में विकास कार्यो में सहयोग की अपील की। बताते चलें कि विगत दिनों खण्ड विकास अधिकारियों के हुए स्थानांतरण में दरियाबाद विकास खण्ड से स्थानांतरित होकर आये खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव का बुधवार को प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सोमनाथ राजपूत, महामंत्री नीरज कुमार, उपाध्यक्ष संदीप सिंह, अनिल कुमार वर्मा, आलम ने ब्लॉक पहुंचकर गुलदस्ता भेंट कर मुलाकात किया। इस दौरान ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को लेकर विचार–विमर्श हुआ। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायतों में विकास को लेकर हर सम्भव सहयोग का अश्वासन दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत वर्मा, विनोद कुमार वर्मा, बिजय बहादुर वर्मा, रामसिंह यादव, अजय वर्मा, मोहम्मद असलम, शैलेन्द्र कुमार जायसवाल, बलजीत सिंह, अजय कुमार वर्मा सहित ग्राम प्रधान मौजूद थे।

### दूसरी पत्नी से रिश्ता तोड़ा, दी धमकी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** पहले से शादीशुदा होकर दूसरा ब्याह रचाने वाले युवक ने प्रेमिका के गर्भवती होते ही उसे छोड़ दिया। अब वह पहली पत्नी के साथ रह रहा। दूसरी पत्नी ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गौरा गजनी के रहने वाले मनीष कुमार की पत्नी ने पुलिस से शिकायत की कि उसका विवाह वर्ष 2023 में मनीष के साथ हुआ था। शादी के करीब डेढ़ वर्ष बीतने के बाद वह गर्भवती हो गई है। अब पति मनीष कुमार उसे खर्चा दे रहा न ही कोई वास्ता रखता है। जब उसने आपत्ति जताई तो मनीष ने अभद्रता करते हुए अपने घर से भगा दिया। वह अत्यन्त परेशान है। मनीष पूर्व से ही विवाहित है। अब वह धमकी दे रहा कि तुम्हारी जगह पर वह पहली पत्नी को रखेगा। अगर कोई कार्रवाई की तो जान से हाथ धो बैठोगी।

# नैट व नैस परीक्षा की तैयारी करें पूरी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी 23**

**अमृत विचार:** नैट व नैस परीक्षा शुचितापूर्ण ढंग से पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो, इसके लिए बीईओ व प्रधानाध्यापक पूरी तैयारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही नकल विहीन एवं पारदर्शी आकलन के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों का विकास खण्डवार सचल दल गठित किया जाये।

यह बात जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बुधवार को लोक सभागार में दोनों परीक्षाओं की तैयारी बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि नैस परीक्षा के लिए समस्त परिषदीय विद्यालय, मदरसा, सहायता प्राप्त विद्यालय एवं समस्त निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों/कॉलेजों में कक्षा 3, 6



परीक्षा को लेकर दिशा-निर्देश देते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

व 9 के विद्यार्थियों की परीक्षा पूर्व तैयारी सुनिश्चित कर ली जाए। इसके साथ ही नैट परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्रों के मुद्रण आदि कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। परीक्षाओं के लिए जनपद स्तर व ब्लॉक स्तर पर कन्ट्रोल रूम बनाया जाए।

बीएसए संतोष देव पाण्डेय ने बताया कि सभी बेसिक स्कूलों में निपुण एसेसमेंट टेस्ट (नैट) की परीक्षा 25 व 30 नवंबर को प्रस्तावित है। वहीं नेशनल

### निर्देश

▸▸ जिलाधिकारी ने दोनों परीक्षाओं को लेकर की बैठक

अचीवमेंट सर्वे (नैस) की परीक्षा चार दिसंबर को होगी। जिले के 132 कक्षाओं का चयन एनसीईआरटी दिल्ली द्वारा करते हुए परीक्षा से पूर्व सूची उपलब्ध करायी जायेगी, इसके लिए समस्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों/कॉलेजों में कक्षा तीन, छह और नौ के विद्यार्थियों को मॉडल प्रश्न पत्रों के द्वारा ओएमआर पर अभ्यास कार्य प्रत्येक शनिवार को कराया जा रहा है। बैठक में सीडीओ अन्ना सुदन, डायट राजेश आर्या समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।





जिला अस्पताल में मौजूद चेयरमैन राजेश तिवारी और सीएमएस। अमृत विचार

### आईआईए ने जिला अस्पताल में दान किया आईसीयू बेड

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन (आईआईए) बाराबंकी चैप्टर के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिला अस्पताल में एक आईसीयू बेड, गद्दा, बबल गद्दा, नेबुलाइजर, जीवन रक्षक दवाइयां, रूई, सीरिंज और एडल्ट डायपर समेत अन्य सामान दान किया। जिला चिकित्सालय अधीक्षर डाक्टर बृजेश कुमार ने इसके लिए उनकी सराहना की एवं एक वाटर कूलर दान देने के लिये निवेदन भी किया। जिस पर आईआईए बाराबंकी चैप्टर के चेयरमैन कैप्टेन राजेश तिवारी ने चिकित्सा अधीक्षक को आश्वस्त किया कि मरीजों एवं तीमारदारों की सुविधा के लिये हरसंभव मदद उनके संगठन द्वारा की जायेगी। इस दौरान डा. निशांत शर्मा, अभिषेक पाठक और मयंक गुप्ता समेत आईआईए के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खरना के साथ महिलाओं ने शुरू किया 36 घंटे का निर्जला व्रत


फलों की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार


बाजार में खूब बिके मिट्टी से बने दीये।


दौरी और सूप की जमकर हुई खरीदारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** भगवान भास्कर की उपासना के महापर्व छठ पूजा पर महिलाओं ने बुधवार से निर्जला व्रत शुरू किया। पूजन के बाद छठ माता की गवनई गाई और पर्व का मुख्य प्रसाद ठेकुआ बनाया। दिन भर उपवास रहने के बाद ठेकुआ व गुड़, दूध व चावल से खीर प्रसाद से छठ मैया को भोग लगाकर खरना यानि छोटी छठ मनाई और व्रत शुरू किया। अब व्रती महिलाएं शुक्रवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही व्रत का पारण करेंगी। शाम को भोग लगाकर व्रत रखने वाली महिलाओं व पुरुषों ने रसियाव, रोटी व लौकी व कद्दू की सब्जी का स्वल्पाहार लिया। खरना के बाद 36 घंटे तक चलने वाले निर्जल व्रत की शुरुआत की।

महापर्व में उगते हुए सूर्य के साथ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। छठ पूजा के चार दिवसीय अनुष्ठान के अंतर्गत बुधवार को महिलाओं ने व्रत रखा तथा ठेकुआ बनाया। शाम को गुड़ और साठे के चावल व गुड़ से बनाए गए रसियाव का भोग लगाया तथा स्वल्पाहार लिया। घर के लोगों को रसियाव प्रसाद के रूप में दिया गया। कई स्थानों पर पुरुषों के भी व्रत रखने की परंपरा है। छठ मइया के पारंपरिक गीतों से घरों में उत्सव जैसा माहौल हो गया है। बुधवार को व्रत रखने वाली महिलाओं ने दिन में चूल्हे में आम की लकड़ी से छठ मइया के गीत गाते हुए ठेकुआ बनाया। ठेकुआ की भीनी-भीनी खुशबू घर आंगन महक उठा। खरना के साथ रसियाव का भोग लगा महिलाओं ने व्रत शुरू किया।

### अस्ताचल सूर्य को आज दिया जाएगा अर्घ्य

आज व्रती महिलाएं अस्त होते सूर्य को पूजा का पहला अर्घ्य देंगी। रेठ नदी के चिलहटा घाट, आलापुर घाट, बंकी, नागेश्वरनाथ मंदिर तालाब व आवास विकास कॉलोनी में बने अस्थाई तालाब पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान सूर्य की पूजा अर्चना की जाएगी। बुधवार को नागेश्वरनाथ मंदिर स्थित तालाब किनारे व्रती महिलाओं ने बेदी बनाई और पूजा अर्चना की। गुरुवार को अस्त होते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

### दुकानों पर लगी रही भीड़

बाजार में महिलाओं ने छठ पूजा की तैयारियों का सामान खरीदा। बाजार में फलों की खूब डिमांड रही। बाजार पहुंची महिलाओं ने पूजा में जरूरत की सामग्री सुथनी, कच्ची हल्दी, कच्ची अदरख, गाजर, शकरकंद, आंवला, कैथा, अनानास, गन्ना, सिंघाड़ा, शरीफा, केला, सेब, संतरा, कच्ची सुपारी की खरीदारी की।

## एक नजर

### उर्स मेले में ऑल इंडिया मुशायरा आज

**फतेहपुर, अमृत विचार:** मखदूम शेख सारंग रह. की दरगाह पर चल रहे उर्स मेले में आज ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें देश विदेश के नामचीन शायर अपने कलाम पेश करेंगे। इस मुशायरा में प्रोफेसर वला जमाल मिश्र, शोएब अनवर, ओम शर्मा ओम, जौहर कानपुरी, डा. नदीम शाद, शबीना अदीब, खुर्शीद हैदर, अज्म शाकिरी, हामिद भुसावली, डा. अना देहलवी, सरदार चरन सिंह बशर, काविश रूदौलवी, सुन्दर मालेगांव, उस्मान मिनाई, अली बाराबंकवी, सबा बलरामपुरी, फैज खुमार बाराबंकवी, आमिर बाराबंकवी और जहूर फैजी बाराबंकवी आदि अपने कलाम से मुशायरे की शाम को रंगीन बनायेंगे। इस मुशायरे की निजामत वासिफ फारूकी करेंगे। इसकी जानकारी मुशायरा कन्वीनर चौधरी वकार ने दी।

### एसडीएम ने खाद की दुकानों पर की छापेमारी

**फतेहपुर, अमृत विचार:** महंगे दामों में खाद की बिक्री होने की सूचना पर एसडीएम ने तीन खाद की दुकानों पर छापेमारी की। एसडीएम ने सख्त निर्देश दिये कि मूल्य से अधिक खाद की बिक्री न की जाये। यदि कालाबाजारी अधिक मूल्य में बिकती पायी गयी तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। बुधवार को एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा ने ग्राम मजरखा में गुप्ता फर्टिलाइजर, अग्रवाल एण्ड सन्स व मल्लांवा में दुर्गा खाद भण्डार की दुकानों में छापेमारी की। इस दौरान स्टॉक रजिस्टर के साथ खाद का मिलान किया। दुकान पर आये किसानों से एसडीएम ने वार्ता की जिसमें पूछा कि अधिक मूल्य में तो खाद नही दी जा रही है जिस पर किसानों ने बताया कि खाद निर्धारित मूल्य पर ही अभी तक मिल रही है। एसडीएम ने बताया कि तीन दुकानों पर छापेमारी की गयी।

## मांगने पर मोटरसाइकिल नहीं मिली तो किया जानलेवा हमला

**बाराबंकी, अमृत विचार:** मांगने पर भाई की बाइक न देना एक युवक को भारी पड़ गया। उस पर दबंगों ने जानलेवा हमला किया, हमले में उसकी नाक कट गई। पुलिस से शिकायत की तो एकतरफा रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। अब पीड़ित की बहन की गुहार पर एसीजेएम कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम मिर्जापुर मजरे मोहिद्दीनपुर के हरी प्रसाद की पुत्री अंजनी का कहना है उसका भाई निर्मल कुमार अपनी बाइक सर्विस कराकर लाया, निर्मल के साथ उसका चचेरा भाई कृष्णा भी था। गांव के सौरभ उर्फ भुर्री ने 20 सितंबर को बाइक मांगी तो निर्मल ने बाइक देने से मना कर दिया। भुर्री ने निर्मल को दौड़ा लिया, इसी बीच भुर्री के परिवार के भोला व अवधराम पुत्र राजाराम, रमेश पुत्र नौमीलाल उर्फ पहलवान, सुनीता यादव पत्नी कालीचरन आकर झगड़ा करने लगे। भुर्री ने निर्मल कुमार पर फावड़े से वार कर दिया जिससे उसकी नाक कट गई। छीना झपटी में फावड़ा सौरभ उर्फ भुर्री को लग गया। भुर्री ने अपने बचाव में उसके भाई निर्मल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवा दी। भाई निर्मल कुमार की पुलिस ने सीएचसी देवां में चिकित्सा कराई। रिपोर्ट की मूल प्रति पुलिस को मिली पर उसकी एफआईआर थाने पर दर्ज नहीं की गयी। नतीजा उसका भाई इस समय जिला कारागार में निरुद्ध है।

## 226 वाहनों का चालान, सात पुलिसकर्मी भी शामिल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने व उल्लंघन पर नियम अनुसार कार्रवाई के लिए शुरु हुआ यातायात माह जारी है। बुधवार को नियमों को तोड़ने पर कुल 226 चालान किए गए, इनमें सात पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। पकड़े जाने पर काफी मान मनुहार की पर एक न सुनी गई।

यातायात विभाग की ओर से नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए कुल 226 वाहनों जिनमें दो पहिया वाहन शामिल हैं का चालान किया गया। यातायात निरीक्षक रामयतन यादव की अगुवाई में चालान की कार्रवाई हुई, इस दौरान सात पुलिसकर्मी नियमों को तोड़ते हुए बिना हेल्मेट के गुजरे, जिन्हे रोका गया तो वह सभी बेचारगी की मुद्रा में आ गए, हालांकि इन सभी का चालान कर दिया गया। इसी क्रम में शहर के अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कालेज में छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए टीआई रामयतन ने नियमों के पालन की अपील की। यातायात विभाग की इस कार्रवाई के बीच ही नाबालिक किशोर भी बाइक पर फर्राटा भरते नजर आए पर इन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक वाहन पर तीन सवारी भी दिखी। रही बात बड़े वाहनों की तो एक भी चौपहिया वाहन सवार का चालान सीट बेल्ट न लगाने की वजह से नहीं किया गया।


चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों का चालान करते टीएसआई रामयतन यादव।

## सार-संक्षेप

### बिना परमिट काटे आम और जामुन के पेड़

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम दनापुर गांव में मंगलवार की रात को एक बाग से लकड़ी माफियाओं ने दस आम के पेड़, एक जामुन का पेड़ बिना परमिट के काटकर गिरा दिया। रातों-रात पिकअप वाहन से लकड़ी लादकर ढोई जा रही थी। लकड़ी लदे पिकअप वाहन को बदोसराय कस्बे के मुख्य चौराहे पर कटान सेल के प्रभारी विनीत जयसवाल की अगुवाई में पहुंची टीम पिकअप वाहन को पकड़ कर कार्रवाई के लिए अपने साथ ले गई। इस संबंध में काटन सेल प्रभारी विनीत जायसवाल ने बताया कि 25 हजार जुर्माना लगाया गया है।

### स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लक्षबर बजहा के निकट स्कार्पियो की चपेट में आकर 48 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गयी। हादसा बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे हुआ। बाबा का पुरवा मजरे सैदाबाद निवासी रामगोपाल लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित देवा डेयरी में दूध देने के बाद अपनी बाइक से बाराबंकी मंडी जा रहा था, तभी लखनऊ की ओर से तेज रफ्तार मे आ रही स्कार्पियो ने बाइक में जोरदार टककर मार दी।

### पुलिस चौकी के नए कार्यालय का उद्घाटन


चौकी का उद्घाटन करते एसपी दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** एसपी ने बुधवार को थाना देवा क्षेत्र में माती चौकी के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने क्षेत्रीय जनसहयोग से थाना देवा क्षेत्र के माती चौकी में नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, सुमित त्रिपाठी, अनिल कुमार पाण्डेय व धर्मेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिविर लगाकर की फाइलेरिया की जांच

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** फाइलेरिया के प्रति लोगों में जागरूकता और जांच के लिए मंगलवार को बसौली और एंडौरा गांव में सीएचसी सूरतगंज की ओर से शिविर लगाया गया। इसमें दोनों गांवों में फाइलेरिया रोग की जांच हुई। करीब 152 लोगों के रक्त की स्लाइड बनाई गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. राजर्षी त्रिपाठी ने बताया कि फाइलेरिया की पहचान चलते फिरते व्यक्ति के खून की जांच से नहीं हो सकती। इस रोग की जांच तभी संभव है जब शरीर आराम की अवस्था में हो।

### किशोरी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** लगभग दस दिन पहले कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 15 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। किशोरी को भगा ले जाने के मामले में पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर पड़ोसी जनपद अमेठी के थाना इन्हौना अशरफपुर गांव निवासी युवक संदीप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### विद्यार्थियों ने किया जंगल का भ्रमण


जंगल भ्रमण के दौरान बच्चे। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** इको पर्यटन के शुभ आरम्भ के तहत नियामतपुर जंगल का उच्च प्राथमिक विद्यालय मुश्कीनगर के छात्र छात्राओं को भ्रमण कराया गया। और उनको पेड़ पौधों और जानवरों के प्रति जागरूक किया गया। विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत नियामतपुर जंगल में पाये जाने वाले पशु पक्षियों एवं पेड़ों की प्रजातियों के सम्बन्ध में जानकारी देने व पहचान कराने के लिए छात्र/छात्राओं को भ्रमण के दौरान पशु पक्षियों एवं पेड़ों की प्रजातियों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा उन्हें बताया गया कि जीव-जन्तु, पक्षी एवं पेड-पौधे परिस्थितियों के अनुसार संतुलन बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बढ़ते प्रदूषण, तापमान, जलवायु परिवर्तन, संसाधनों का अत्यधिक दोहन आदि कारणों से जीव-जन्तुओं, पक्षियों के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। छात्र/छात्राओं को प्रेरित किया गया कि हम सब मिलकर वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### अवैध प्लाटिंग पर गरजी जेसीबी, ढहाया निर्माण

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** बिना नक्शा पास कराए अवैध प्लाटिंग कर रहे लोगों पर कार्रवाई जारी है। बुधवार को एसडीएम की अगुवाई में सतरिख क्षेत्र में एक डेवलपर पर कार्रवाई की गई। बुलडोजर चलवा कर प्लाटिंग ध्वस्त करा दी गई। बताते चलें कि शहर व शहर से सटे क्षेत्र में डेवलपर बिना नक्शा पास कराए बड़ी संख्या में प्लाटिंग कर रहे हैं। जानकारी होते ही इन पर कार्रवाई भी की जा रही है। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है। सतरिख थाना क्षेत्र में वादीनगर के निकट समृद्धि क्लब एंड रिसार्टस नामक फर्म बिना नक्शा पास कराए प्लाटिंग करा रही थी। इसकी सूचना पर एसडीएम नवाबगंज आर जगत सांई ने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर कड़ा रुख दिखाया। जेसीबी के जरिए अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करा दी गई।

### भक्त प्रहलाद की कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** बहुताधाम में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास डॉ. जितेंद्र नाथ पांडेय ने सूत्र वाक्य बोलते हुए कहा कि कृतघ्न व्यक्ति की कभी भी सद्गति नहीं हो सकती। मां अपनी संतान को नौ महीने पेट में रखती है उसके बाद नौ वर्ष तक उसकी सेवा करती है और अगर संतान अपनी मां के प्रति ही कृतघ्न हो जाए तो वह कुछ भी करे उसकी सद्गति नहीं हो सकती। कथा के अगले चरण में ध्रुव चरित सुनते हुए कथा व्यास ने बताया कि ध्रुव बालक के रूप में तपस्या करने वन में चले गए और जब भगवान ने उनको दर्शन दिए तो ध्रुव के कपोल पर अपना शंख स्पर्श कराया जिससे ध्रुव की वाणी स्फुरित हुई और ध्रुव भगवान की स्तुति करने लगे। प्रहलाद चरित्र के अंतर्गत कथा व्यास ने बताया कि प्रहलाद का पिता हिरण्यकश्यप राक्षस था, परंतु गर्भधारण के दिन उसकी मां कयाधू ने युक्ति करके उससे 108 बार नारायण का उच्चारण करवा लिया जिससे उसको एक भक्त पुत्र की प्राप्ति हुई। प्रहलाद जन्म के साथ ही नारायण की भक्ति में रत हो गए। प्रहलाद की भक्ति को छुड़ाने के लिए उसे अनेक यातनाएं दी, परंतु भगवान ने उसकी हर बार रक्षा की। भागवत ग्रंथ ऐसा है जिसमें सैकड़ो ऐसे मार्ग बताए गए हैं जो हमें भगवान की ओर लेकर जाते हैं।

## इलाज के दौरान महिला व गर्भस्थ शिशु की मौत

**हैदरगढ़, अमृत विचार:** सीएचसी पर इलाज के दौरान महिला व उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। मौत के बाद ससुराल पक्ष पुलिस से कार्रवाई न करने की लिखा पढ़ी कर शव अपने साथ ले गए। जानकारी के अनुसार कोतवाली के देवचा मजरे लाही गांव निवासी स्वर्गीय रामनरेश गौतम की 20 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी का विवाह क्षेत्र के ही अलमापुर मजरे बेलहरी गाँव निवासी गुलशन से हुआ था। लक्ष्मी का पति मृतका को मायके में छोड़कर दिल्ली नौकरी करने गया था। मृतका लक्ष्मी के भाई विनोद ने बताया कि एक हफ्ते पहले उसकी बहन की तबीयत खराब हुई तो सीएचसी त्रिवेदीगंज इलाज के लिए ले गए, वहां का इलाज चल रहा था। बुधवार सुबह तबीयत ज्यादा खराब हुई तो बहन को लेकर सीएचसी त्रिवेदीगंज गए। वहां खून की कमी बताई गई, उसके बाद डॉक्टर ने सीएचसी हैदरगढ़ ले जाने की बात कही। हैदरगढ़ ले जाने पर डाक्टरों ने बहन व उसके पेट में पल रहे आठ माह के शिशु को मृत घोषित कर दिया। विनोद ने बताया कि कोतवाली पुलिस को कार्रवाई व पोस्टमार्टम न कराने की बात लिखित रूप में दी है। इसके बाद मृतका के ससुराली जन शव को अंतिम संस्कार करने के लिए अपने घर लेकर चले गए।

## बकाया मांगने पर मां-बेटियों को पीटा

**जैदपुर, अमृत विचार:** दुबई भेजने के नाम पर ठगे गए 95 हजार रुपये पुत्री की मंगनी के चलते मांगे गए तो दबंगों ने महिला की पिटाई कर दी। बेटियां बचाने के लिए आगे आईं तो उन्हे भी पीट दिया गया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र के ग्राम मौथरी की रहने वाली मोहसिना बानो ने पुलिस को बताया कि उसके पुत्र नूर आलम को दुबई भेजने के नाम पर अजमतुल पत्नी सिराज अहमद निवासी ग्राम रमई का इन्दारा मजरे भेलसर थाना पटरंगा जनपद अयोध्या ने 95 हजार लिए थे। शिकायत थाना पटरंगा में की गई तो लिखित समझौता यह हुआ था कि पांच नवंबर को रुपया वापस कर दिया जाएगा।

## 15 हजार मीट्रिक टन पराली एकत्र, 91 पर लगा जुर्माना

**बाराबंकी, अमृत विचार:** खेत में पराली जलाने के मामलों पर कार्रवाई जारी है। अब तक सीबीजी प्लांट के माध्यम से करीब 15 हजार मीट्रिक टन पराली एकत्र की जा चुकी है। पराली व कूड़ा-करकट जलाने वाले 91 व्यक्तियों पर 2 लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया इसके विपरीत 82 हजार 500 रुपये की वसूली की गई। जबकि बिना एसएमएस के संचालित 10 कंबाइन मशीन को सीज किया गया।

इस बारे में उपकृषि निदेशक प्रसार श्रवण कुमार ने बताया कि पराली प्रबन्धन के लिए रिलायन्स इण्डस्ट्रीज लिमिटेड ने नामित अधिकृत मेसर्स बायोफ्यूल सर्किल द्वारा तहसील सिरौलीगौसपुर के ग्राम सैदनपुर, तहसील रामनगर के ग्राम अशोकपुर चाचूसरांय एवं तहसील हैदरगढ़ के ग्राम राजापुर में अपने कलेक्शन सेन्टर स्थापित किये हैं। जिसके माध्यम से आस-पास के 15 से 20 किमी क्षेत्र की पराली संग्रहित कराई जा रही है। अब तक 15 हजार मीट्रिक टन पराली एकत्र की जा चुकी है। इससे एक ओर जहां किसान की कटाई और जुताई का खर्च बच रहा है वहीं पराली का प्रबन्धन भी सुगमता से हो पा रहा है। इस बारे में जनपद के कई किसानों से वार्ता की गई तो उन्होंने प्रसन्नता जताई।

## किशोर पर किया जानलेवा हमला

**रामसनेहीघाट, अमृत विचार:** दबंगों ने अकारण एक घर में तोड़फोड़ करने के साथ ही किशोर पर जानलेवा हमला किया। ग्राम दिलौना के पुष्पराज ने पुलिस को बताया सोमवार को धर्मराज पुत्र शिवकैलाश, जनमेजय पुत्र धर्मराज व सुमन देवी पत्नी धर्मराज व शालिनी, मोहिनी पुत्री धर्मराज ने गिरोहबन्द होकर अकस्मात विवाद शुरु कर दिया तथा बातो ही बातो मे घर के सामने स्थित शौचालय का दरवाजा तोड़ डाला। यही नहीं वहां से जाकर ब्लाक बनीकोडर के सामने स्थित दुकान में ताला बंद कर दिया। विरोध किया गया तो दबंगों ने अभय को मारा पीटा तथा धारदार हथियार से हमला कर दिया।

## कथित पुत्र बनकर संपत्ति पर ठोंका दावा, रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी, अमृत विचार:** मृत व्यक्ति का कथित पुत्र बनकर सम्पत्ति पर दावा करने का मामला सामने आया है। आरोपी फर्जी दस्तावेज बनाकर सम्पत्ति पर अपना दावा ठोंक रहा। मृतक के वृद्ध भतीजे ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भटपुरवा मजरे बधौली के रहने वाले 71 साल के जगदीश प्रसाद का कहना है कि उसके चाचा धर्मदत्त पुत्र परमेश्वर निवासी ग्राम भटपुरवा मजरे बधौली की मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद चाचा की समस्त चल अचल सम्पत्ति उसके व दो अन्य भाईयों के हिस्से में आ गई। चाचा का कोई वारिस नहीं था लेकिन नरेन्द्र बहादुर 52 पुत्र देवतादीन निवासी ग्राम चांदपर मजरे बराइन थाना जैदपुर मृत चाचा का कथित पुत्र बनकर चल अचल सम्पत्ति पर दावा कर रहा है। सम्पत्ति में हिस्सा पाने की नीयत से फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार करके अभिलेखों में अपना नाम दर्ज करवा लिया है।


खाद की बिक्री का निरीक्षण करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने खाद बिक्री का किया औचक निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बुधवार को उर्वरक बिक्री केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। ग्राम दानियालपुर की सहकारी समिति पर वितरित हो रही उर्वरक का निरीक्षण करते हुए डीएम ने उपस्थित कृषकों से फसलों की बुआई एवं उर्वरक के बिक्री दर के संबंध में जानकारी ली तथा निजी क्षेत्र के उर्वरक बिक्री केंद्र में बीएम सेल्स उर्वरक बिक्री केंद्र का भी निरीक्षण किया। वहां पर उपलब्ध फर्टिलाइजर के बारे में जानकारी लेने के साथ ही किसानों द्वारा खरीदे जा रहे उर्वरक के रेट के बारे में सवाल किया। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि कृषकों को डीएपी के विकल्प के रूप में ट्राई सुपर फास्फेट टीएसपी के बारे में समझाया जाए, कहा कि एनपीके खाद के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाए। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी राजित राम, संतोष अग्रवाल और सर्वदेव श्रीवास्तव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## सरयू नदी पर बनेगा नया घाट

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार:** लोधेश्वर महादेवा आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सरयू नदी पर घाट बनाया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने तहसीलदार के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर आगे कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। जिलाधिकारी में तत्काल एस्टीमेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लोधेश्वर महादेवा धाम को अयोध्या एवं काशी की तर्ज पर कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है। लोधेश्वर महादेवा आने वाले श्रद्धालु लाखों की संख्या में बडनपुर गणेशपुर तट बांध के नीचे स्थित सरयू नदी में स्नान करने आते हैं। यहां बाढ़ के दौरान कटान हो जाने के कारण शिव भक्तों को स्नान करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के द्वारा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से घाट बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बेहतर और सुंदर घाट के निर्माण को कॉरिडोर से ही जोड़कर देखा जा रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता ने रामनगर तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह के साथ डिपुवा गांव के पास जहां श्रद्धालु स्नान करते हैं का स्थलीय निरीक्षण किया।


लोधेश्वर महादेवा मंदिर। अमृत विचार

## मौथरी न्याय पंचायत ने जीती ओवरआल चैंपियनशिप

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार:** बंकी ब्लॉक की विखं स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा स्पर्धा बुधवार को संपन्न हो गई। अंतिम दिन प्राथमिक स्तर के विभिन्न खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर मौथरी न्याय पंचायत टीम ने ओवरआल चैंपियनशिप जीती। बरौली जाटा न्याय पंचायत की टीम उप विजेता रही। बीईओ चंद्रशेखर यादव के साथ विजेता-उप विजेता टीम को प्रधान वंदना देवी व दिवाकर अवस्थी ने सम्मानित किया। अंतिम दिन 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्राथमिक स्कूल दामोदरपुर जहांगीराबाद के पूर्णाश ने बाजी मारी। प्राथमिक स्कूल जफरपुर के हर्षित दूसरे व कंपोजिट बहादुर नवीन के मो. फैजान तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में कंपोजिट स्कूल कुम्हरौरा की शहनुमा प्रथम, कंपोजिट स्कूल डल्लूखेड़ा की रिया दूसरे व कमरपुर की नैनसी तीसरे स्थान पर रही। कबड्डी बालक वर्ग में मौथरी विजेता व जाटा बरौली की टीम उपविजेजा रही। 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में कंपोजिट स्कूल कुम्हरौरा की शहनुमा ने जीती। प्राथमिक स्कूल भोजपुरगढ़ी की मिष्टी दूसरे व मोहिउद्दीनपुर की दुर्गा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालक वर्ग दौड़ में प्राथमिक स्कू भोजपुरगढ़ी के श्रमन यादव ने बाजी मारी। मुहिउद्दीनपुर के अविनाश दूसरे व बहादुरपुर प्रथम के अक्षत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में भोजपुर गढ़ी के छात्र अमन प्रथम, पीएस सुलतानपुर के आरुष राज दूसरे व मौथरी के हमजा तीसरे स्थान पर रहे। इस मौके पर वेद प्रकाश श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह, दिवाकर अवस्थी, राखी वर्मा, अजिता श्रीवास्तव, अतुल दिवाकर, आलोक यादव आदि रहे।



विजयी प्रतियोगियों के साथ शिक्षक। अमृत विचार

## मदरसा बोर्ड: सुप्रीमकोर्ट के फैसले का स्वागत

**बाराबंकी, अमृत विचार:** सुप्रीम कोर्ट के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए उत्तर प्रदेश मदरसा एक्ट को सांविधानिक करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मदरसा शिक्षकों के साथ ही मुस्लिम समाज के लोगों ने भी स्वागत किया है।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अनुसार जिले भर में 321 मदरसे हैं। इनमें 22 मदरसे अनुदानित हैं। इन मदरसों में मुंशी, मौलवी, आमिल, कामिल, फाजिल दर्जे में हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके अलावा पर्याप्त संख्या में शिक्षक, कर्मचारी भी तैनात हैं। बीते 22 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को असांविधानिक करार देते हुए धर्मनिरक्षेता के खिलाफ बताया था। इस पर मदरसा शिक्षकों ने सुप्रीम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। सुनवाई के दौरान पांच अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के इस फैसले पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा बोर्ड को सांविधानिक करार देते हुए फैसला सुनाया है। कारी अब्दुल कदीर इस्मायली ने बताया कि हाईकोर्ट के फैसले से मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को चिंता संताने लगी थी। बच्चों के भविष्य को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मदरसों के हक में फैसला सुनाया है। वहीं हाफिज सलाहुद्दीन रशीदी ने कहा सुप्रीप कोर्ट ने मदरसा शिक्षकों, बच्चों और कर्मचारियों के हित में फैसला सुनाया है। मोहम्मद रेहान सिद्दीकी ने भी फैसले का स्वागत किया है।


मदरसा में छात्रों की सांकेतिक फोटो। अमृत विचार

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्या प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनाजर्न करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# असाधारण वापसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के प्रमुख कमांडर के रूप में अपनी भूमिका को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। बुधवार को ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई देते हुए दुनिया भर के नेताओं ने उनकी वापसी को इतिहास की सबसे बड़ी वापसी कहा है। चुनाव में जीत हासिल करके ट्रंप ने सिद्ध कर दिया कि वे राजनीति में एक बड़े खिलाड़ी थे और रहेंगे। वह पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें आपराधिक आरोपों में दोषी करार दिए जाने के बाद भी इस पद के लिए नामांकन का अवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। ट्रंप अगले वर्ष जनवरी में कार्यभार संभालेंगे। ट्रंप की जीत के बाद भारत के संदर्भ में कई ऐसे सवाल हैं, जो सामने आना शुरू हो चुके हैं। ट्रंप प्रशासन के नेतृत्व में भारत अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर पड़ेगा?

गौरतलब है कि दीपावली के अवसर पर ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया था। उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही अपनी सरकार आने पर दोनों देशों के बीच की साझेदारी को और आगे बढ़ाने का वादा किया। चीन मामले में भी ट्रंप ने भारत का समर्थन किया है। पिछली बार ट्रंप के कार्यकाल में ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच सुरक्षा साझेदारी क्वाड को मजबूत किया गया था। हालांकि भारत के प्रति ट्रंप की वीजा नीति प्रवासियों के लिए काफी मुश्किलें पैदा कर सकती हैं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में एच-1 बी वीज़ा नियमों पर सख्ती दिखाई थी। इसका भारतीय पेशेवरों और टेक्नोलॉजी कंपनियों पर असर दिखा था। अगर ये नीति जारी रही तो भारतीयों के लिए अमेरिका में नौकरियों के अवसर कम होंगे। महत्वपूर्ण है कि भारत और अमेरिका के बीच एक मजबूत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो लंबे समय से साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, साझा हितों और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर आधारित है। ऐसे में भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और बेहतर व मजबूत होने की संभावनाएं हैं।

# कैंसर से जंग की नई उम्मीदें



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और दवाओं ने कई असाध्य रोगों पर विजय प्राप्त कर ली है, लेकिन खतरनाक कैंसर सभी चिकित्सा विधियों को चकमा देकर आगे बढ़ने वाला रोग साबित हुआ है। पिछले 20 सालों में दुनियाभर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आइसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन ने अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी एक प्रकार का कैंसर उपचार है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने व नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्होंने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट



राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस

कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। कैंसर के दोबारा बढ़ने या होने से रोकने के लिए संभावित दवा हो सकती है। कैंसर के दोबारा होने की संभावना को 30 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा रिसर्च ने जो दवा विकसित की है डॉक्टर्स करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया, लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानी ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल यानी 2028 तक का समय लगेगा। लोगों को इसका लाभ मिलने के लिए कुछ वर्षों तक इंतजार करना पड़ सकता है।

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। कोलकाता के जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डॉ. टीके चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए हैं। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगांतकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाइयों का नैदानिक परीक्षण करता है।

इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था। किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए सामान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है- पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टॉक्सिकोलॉजिकल) परीक्षण। ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं को प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। 'पोषक ऊर्जा' के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रिया देखी गई उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी और दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे। इस औषधि में कैंसर को रोकने और उससे लड़ने की अपरिमित संभावनाएं हैं।'

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी, लेकिन डीएस रिसर्च सेंटर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सन्निहित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थीं। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था, जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉ. उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है, बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है। सन 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए, जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। सेंटर के वैज्ञानिक तिवारी के निर्देशन में परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अंततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव-परिणाम की सकारात्मकता, रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही, पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े स्तन सर्विकल, मुख, बृहदांत्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज नैनो इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके संपर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलॉजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं बेहद सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# शारदा सिन्हा का पान भी सुरीला था

छठ मईया की आवाज, लोकसंगीत की लता मंगेशकर, स्वर कोकिला, बिहारी माटी की सुगंध, भोजपुरी-मैथिली गीतों की पवित्रता, मां शारदा की शक्ति, जैसी पहचान बनाने वाली शारदा सिन्हा का जिक्र और गीत गूंज रहे हैं। ये छठ महापर्व का शोक काल है। उनके कई गीत भावुक कर देते हैं, छठ की संगीतमय फिजाओं में शारदा की विदाई बेहद भावुक करने वाली है।

आस्था को चरम पर पहुंचाने वाले उनके गीतों की स्वर लहरियां जब फिजाओं में तैर रहीं हैं। ऐसे में उनकी रुखसती ने कइयों को रुला दिया। त्योहारों के अलावा मांगलिक आयोजनों में भी बिहार की इस स्वर कोकिला के गीत गूंजे बिना यहां सब कुछ अधूरा सा लगता है। सुपर हिट फिल्म- 'मैंने प्यार किया' के अलावा दर्जनों फिल्मों में भी उनके लोकगीतों ने धमाल मचा दिया था। साड़ी, बिंदी, सिंदूर। भारतीय संस्कारमय महिला का रूप, मां का स्वरूप शारदा ने छठ मईया की आस्था को भावनात्मक परंपराओं की उन ऊंचाइयों तक पंहुचा दिया, जहां आस्था के आगे कोई टिक ही नहीं सकता। पाश्चात्य संस्कृति की गोद में रहने वाले बिहार, यूपी, झारखंड इत्यादि सूबों के एनआरआई भी छठ पर्व पर शारदा के गीत सुनने की तलब में बेचैन हो जाता है, उनकी एक धुन से तड़प उठते हैं। धर्म, आस्था, सनातन धर्म और अपनी जड़ों की तरफ खिंचे चले आते हैं। जैसे उनकी मिट्टी की सुगंध उन्हें आवाज दे रही हो। ये बेचेनी साबित करती है कि किसी भी धर्म की आस्था तलवार की रक्षा से नहीं, सत्ता के स्वार्थ वाली धर्म-जाति की राजनीति से नहीं, बल्कि संगीत की ताकत से सुरक्षित होती है, आगे बढ़ती है और फलती-फूलती है।

धर्म कोई भी हो पारंपरिक धुन, लय, गीत और संगीत की परंपराओं से धार्मिक आस्था परवान चढ़ती है। सनातन, सिख, क्रिश्चियनिटी तो छोड़िए इस्लाम धर्म तक में धुनों के बिना मजहबी अरकान अधूरे हैं। हालांकि इस्लाम के बहत्तर फिरकों में कुछ संगीत को गैर इस्लामी मानते हैं। जबकि अजान तक रिदम और लय के बिना अधूरी समझी जाती है। कुरआन की तिलावत भी लयबद्ध होती है। मिलाद, नात, कव्वाली, सलाम, पेशखानी, मातम, नौहा ख्वानी सबमें संगीत है, लय, रिदम और धुन के साथ ही ये आस्था में धार पैदा करते हैं। परंपराएं शुरू करते हैं, जो अटूट बन जाती हैं। ये रवायतें लोगों को खींचती हैं, जोड़ती हैं और आकर्षित करती हैं। शारदा सिन्हा ने अपने गीत-संगीत और मधुर आवाज की जादूगरी से सनातन धर्म की सेवा की, रक्षा की और पाश्चात्य युग में भी नई पीढ़ी को संगीत के माध्यम से धार्मिक परंपराओं से जोड़ा। क्योंकि संगीत में जोड़ने की जो शक्ति है वो तलवार से डराकर, सियासत से रिझाकर भी नहीं पैदा की जा सकती।

संगीत फेविकोल से कहीं अधिक जोड़ना की ताकत रखता है। चौबीस बरस पहले भी शारदा सिन्हा की तूती बोलती थी, उस जमाने में लखनऊ महोत्सव में देश के नामी-गिरामी कलाकार महोत्सव की रौनक बनते थे। यहां उनकी परफार्मेंस थी। गोमती होटल में वो ठहरी थीं। महोत्सव के दौरान लखनऊ के सांस्कृतिक संवाददाता बहुत व्यस्त रहते थे। मैं भी व्यस्त था। उन दिनों पान की लत थी। ये लत लगाई थी लखनऊ के जागरण चौराहे पर दीवान पान वाले ने। आजकल जिस चौराहे पर पुलिस बूथ है यहां दीवान की बड़ी सी पान की गुमटी हुआ करती थी। दीवान के पान की दीवानगी ये थी कि उसके हाथ के लगे पान के अलावा कहीं का पान अच्छा नहीं लगता था। उस दिन व्यस्तता के कारण उसके हाथ का लगा पान नहीं खा सका था। गोमती होटल में शारदा सिन्हा का इंटरव्यू लेने गया। बात करते-करते उन्होंने अपना पानदान निकाला और पान निकालकर खाया। बताया कि वो ये छोटा सा पानदान हमेशा अपने पास रखती हैं। बात करते-करते मैं रुक गया और मेरी लालच भरी निगाहों को उन्होंने ताड़ लिया। बोलीं-पान खाना है? झिझक से बोला जी खिला दीजिए। उनका पान खाकर दीवान का पान का स्वाद फीका पड़ गया। उनके पान में ऐसी मुलायमियत, ताजगी और अपनी मट्टी के सौंधे पन जैसा संगीत था। इतना स्वादिष्ट और सुरीले पान का स्वाद आज भी महसूस करता हूं।

चौबीस बरस हो गए अभी भी मुंह में उनके पान का स्वाद है। छठ महापर्व पर जब-जब शारदा सिन्हा के गीत कानों तक पहुंचे मुंह में उनके पान का स्वाद ताजा हो गया। सच तो ये है कि मां शारदा की भक्तन शारदा सशरीर नहीं रहीं, लेकिन उनकी आवाज, लोकगीत, धुने, भक्ति हमेशा जीवित रहेगी। छठ हो, मांगलिक कार्य या जीवन का संघर्ष, हर मौके पर शारदा सिन्हा का लोकसंगीत मिट्टी की सुगंध के साथ महकता रहेगा।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

# पहाड़ों का मौन संघर्ष



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा?

अल्मोड़ा में बीते दिनों फिर एक बस, किसी पुरानी घड़ी की टूटी सुई की तरह, खाई में गिर गई। हर बार की तरह, इस बार भी बस में भीड़ थी, उतनी ही जितनी अमूमन होती है- जैसे लोग अपनी जिंदगियों का बोझ साथ लेकर चल रहे हों और मौत एक बेजान पहरेदार हो, जो हर मोड़ पर मौन घात लगाए बैठा है। बसें तो वैसे भी पहाड़ों में उस संयम से नहीं दौड़तीं, जैसा मैदानों में।

यहां की बसें, अनियमित हैं-कभी आती हैं, कभी नहीं। लोग अपने भाग्य को बस की सीट पर यूं फेंक देते हैं, जैसे कोई सिक्का उछालते हों, जिसमें सामने मौत और पीठ पर जिंदगी हो। कोई विकल्प नहीं है उनके पास, शायद पहाड़ों ने उन्हें यही सिखाया है कि भीड़-भाड़, अनिश्चितता और असुरक्षित सफर ही उनकी नियति है। सरकार का ध्यान इस पर क्यों नहीं जाता कि इन संकरे रास्तों पर हर मोड़ पर एक बैरियर की जरूरत है। यहां हर खाई जैसे चुपचाप इंतजार कर रही है-किसी अनजान यात्री के लिए, जो उसे भरने आ सके। क्या ये सारे सुरक्षा उपाय, ये मापदंड, केवल आंकड़ों तक सीमित हैं? इस तरह जैसे पहाड़ों ने अपनी नियति को स्वीकार कर लिया हो, यहां हर सफर एक अंतिम सफर की तरह लगता है।

रात का अंधेरा...वह पहाड़ों का अपना है, जो रास्तों को मौन की चादर में लपेट देता है। इन अंधेरी सड़कों पर रोशनी नहीं है, शायद यह संदेश देने के लिए कि अंधेरा ही यहां का स्थाई साथी है। समय जैसे ठहर जाता है और हर मोड़ पर जिंदगी कहीं खो सी जाती है। बसें जब गुजरती हैं तो जैसे कोई प्राचीन गाथा की प्रतिध्वनि सुनाई देती है, जो हर साल थोड़ी और धुंधली होती जाती है। हर साल सरकार बजट बनाती है, जिनमें पर्वतीय क्षेत्रों का भी जिक्र होता है, लेकिन यह बजट किस खाई में गिरकर खो जाता है, यह सवाल हर पहाड़ी के दिल में कहीं चुपचाप बैठा है। वे अनायास ही इस खोखले आश्वासन को महसूस करते हैं, जैसे कोई बरसात के बाद की कुहासा हो, जो कुछ पल को तो दिखे, लेकिन छूते ही बिखर जाए। ये संकरी सड़कें बस प्रतीक्षारत हैं, जैसे किसी ने उनके हिस्से का इंतजार उन पर थोप दिया हो और बस दुर्घटनाएं हैं, जो उनकी जीवंतता की याद दिलाती हैं।

अस्पताल, जैसे एक ऐसी उम्मीद, जो खुद अपने अस्तित्व को लेकर अनिश्चित है और फिर वही परिचित घटना। कोई हादसा होता है, अधिकारी आते हैं, निरीक्षण करते हैं और कुछ आश्वासनों के कागजों पर हस्ताक्षर करके लौट जाते हैं। ऐसा लगता है जैसे पहाड़ के लोग केवल दुर्घटनाओं का इंतजार करें और उनके दर्द को किसी पुराने इतिहास के धूल भरे पन्नों में दफन कर दिया जाए। लोग कुछ दिनों के शोक में डूबते हैं और फिर इस दुख को कहीं गहरे छिपा लेते हैं। यह मान लिया गया है कि पहाड़ के लोग बस यूं ही जिएं, जैसे जीवन एक लंबा रास्ता हो, जिसमें हर मोड़ पर एक खाई इंतजार कर रही है। पहाड़ों में असुरक्षा एक अनिवार्य सत्य बन गई है। यहां हर दिन लोग इस अनिश्चितता के बीच रहते हैं- भीड़ से भरी बसों का सफर, मोड़ों पर बैरियर का न होना, और अस्पतालों में इलाज की उम्मीद न होना। जैसे यह सब महज घटनाएं नहीं, बल्कि यहां के लोगों के जीवन का स्थायी हिस्सा हैं। शायद यह लोग सोचते हैं कि एक दिन कोई उनकी चीखें सुनेगा, लेकिन तब तक अनगिनत आवाजें इन वादियों में कहीं खो जाती हैं।

यह त्रासदी सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि उन अनकही चीखों का स्वर है, जो इन वादियों में गूंजता है। हर झरने की धारा, हर खाई की गहराई, मानो इस पीड़ा को अपने भीतर समेटे हुए है। यह खामोशियां एक इंतजार हैं कि एक दिन कोई इनकी बात सुनेगा। पर कब? कब तक पहाड़ों के लोग यूं ही खाइयों में गुम होते रहेंगे? कब तक उनकी आवाजें इस सन्नाटे में डूबी रहेंगी? कहते हैं, पहाड़ों में धैर्य होता है- हर शिखर तक पहुंचने का, हर मौसम की मार सहने का। पर क्या यही धैर्य उनकी नियति बन गया है? यह चीखें, जो पहाड़ के सन्नाटे में दबी हैं, क्या हमेशा के लिए मौन ही रहेंगी? यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा? हर हादसे के बाद एक उम्मीद जन्म लेती है कि शायद अब कुछ बदलेगा। शायद अब पहाड़ों की तकलीफें सुनी जाएंगी। पर क्या यह एक भ्रम नहीं? क्या यह पर्वतों की ऊंचाइयों में गूंजता एक असंभव प्रश्न है, जिसका उत्तर शायद कभी न मिले?

## सोशल फोरम

# तेजी से बढ़ रहा कैंसर

घोर यातना से गुजर जाना है कैंसर इंस्टीट्यूट में चंद घंटे गुजारना। हर तीसरे चौथे आदमी के चेहरे के हिस्से कटे-पिटे देखना पड़ता है। कच्चे टांके और ताजी उगती खाल, रिसता पस और उधड़ी हुई मुंह के अंदर की सफेद चर्बी के साथ लाल गुलाबी खाल ज्यादातर ने अंगोछे से अपना मुंह ढक रखा है और कुछ ऐसे ही डॉक्टर को दिखाने के लिए बैठे या लेटे हैं।

लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टिट्यूट के हर कोने आतर में मरीज और उनके तीमारदार इधर उधर बैठे हैं। डॉक्टर रोजाना औसतन सौ सवा सौ की ओपीडी कर रहे हैं। डब्ल्यूएचओ कहता है हर साल करीब एक करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत कैंसर से होती है। भारत में कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इंडिया अगेंस्ट कैंसर के मुताबिक भारत में सन 2020 में कैंसर से करीब 8.5 लाख लोगों की मौत हुई। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में छपे एक पेपर में कहा गया है कि अगर लाइफस्टाइल में बदलाव कर लिया जाए तो कैंसर को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। एक हालिया रिसर्च में खुलासा हुआ है कि मुंह के कैंसर के मामले साउथ एशिया में सबसे ज्यादा हैं और इसकी सबसे बड़ी वजह तंबाकू है। इंटरनेशनल कैंसर रिसर्च एजेंसी की स्टडी कहती है कि सन बाइस में कुल 3,89,800 ओरल कैंसर मामलों में से 1,20,200 मामले बिना धुएं वाली तंबाकू से भारत में हुए थे।

स्टडी में यह भी बताया गया है कि महिलाओं में मुंह के कैंसर के मामलों का सबसे बड़ा कारण सुपारी 30 प्रतिशत और तंबाकू वाले पान मसाले 28 प्रतिशत हैं। इसके बाद गुटखा 21 प्रतिशत और खैनी 21 प्रतिशत का नंबर आता है। पुरुषों में ओरल कैंसर की सबसे बड़ी वजह खैनी 47 प्रतिशत, गुटखा 43 प्रतिशत, तंबाकू वाला पान मसाला 33 प्रतिशत और सुपारी 32 प्रतिशत है। इंस्टीट्यूट में जगह-जगह तंबाकू खाकर न आने के लिए तो लिखा है, लेकिन यह कहीं नहीं लिखा है कि गुटखा न खाएं, जो सबसे ज्यादा तेजी से कैंसर फैला रहा है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की तारीफ करनी ही पड़ेगी, जिन्होंने अपने स्टेट में गुटखे के प्रोडक्शन, कंजम्पशन और बिक्री, तीनों पर कड़ा प्रतिबंध लगाया। कैंसर इंस्टीट्यूट जाकर लगता है कि गुटखा यहां कैंसर की आपदा लाकर ही रहेगा।

-फेसबुक वॉल से



सुहेल वहीद अंसारी
उर्दू लेखक

# मीराबाई और प्रेतकल्प आलोचक

मीरा भारत के लोकजीवन और लोकमानस की इतनी और इतनी गहराइयों में व्याप्त है, जितनी गहराइयों में उसका मोल में खरीदा हुआ गिरिधर-गोविंद व्याप्त है-माई मैंने गिरिधर लीयौ मोल! कोई कहै सस्ता कोई कहै महंगा अरी मैंने लियौ तराजू तोल। जब मीरा ने गिरिधर को मोल में ले ही लिया तो फिर मीरा और कृष्ण में भेद ही नहीं रहा। उपास्य और उपासक का भेद मिट गया। दोनों एक रूप-एक रस हो गए। मीरा और कृष्ण एक हो गए-राधा के भी श्याम और मीरा के भी श्याम। भारत के भक्त संगीत में मीरा एक धारा या परंपरा बन चुकी है। मीरा की वाणी भारत के लोकमानस के साथ एक रस हो चुकी है, जहां तक मीरा की साहित्य संपदा की बात है, मीरा की साहित्य संपदा बहुत ही विशाल है।

मीरा की क्रांति चेतना ने राणा को चुनौती दी थी। ऐसी चुनौती कि महात्मा गांधी ने सत्याग्रह दर्शन की चर्चा में मीरा बाई का स्मरण किया था। मीरा की क्रांति चेतना अपनी आन-मरजाद, कुल परंपरा को छोड़ने की घोषणा कर दी। मीरा की विद्रोही चेतना ने निस्संकोच होकर कह दिया था कि संतन ढिंग बैठि बैठि लोकलाज खोई। अथवा लोग कहें मीरा भई रे बाबरी सास कहे घर नासी रे। राणा जी के विरुद्ध विद्रोह की नायिका थी मीरा। जहर का प्याला राणा जी ने भेजा पीबत मीरा नाची रे। सुकरात को भी जहर दिया गया था और मीरा को भी। सुकरात मर गया और मीरा जीवित बच गई, लेकिन सत्य तो दोनों के पास था। उन दिनों वृंदावन में श्री जीवगोस्वामी भक्ति संप्रदाय के बड़े आचार्य थे, मीराबाई जब उनसे मिलने गईं तो उन्होंने कहलवा दिया कि "मैं स्त्रियों से नहीं मिलता।" मीराबाई ने कहने वाले को उत्तर दिया कि "अच्छा, वृंदावन में श्रीकृष्ण के अतिरिक्त भी कोई पुरुष रहता है, यह मुझे आपसे ही ज्ञात हुआ है" और तुरंत चली गईं,



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है।

### विमर्श में कंवल भारती का व्याख्यान

जब जीव गोस्वामी के पास मीरा का उत्तर पहुंचा तब वे पहचान सके कि जो स्त्री आई थी, वह तो असाधारण थी। मीरा के दर्शन शास्त्र में पुरुष ही एक हैः ऐसे वर को क्या वरों, जो जन्में और मर जाय।/ ऐसे वर को मैं वरों, जो मेरा चुलड़ा अमर है जाय। मीरा वृंदावन से द्वारका की ओर चल दीं। उस मीराबाई को लेकर कोई आलोचक यह लिखे कि कोई आदमी था गिरिधर जोगी और मीरा उससे सांसारिक प्रेम करती थी तो उस आलोचक को आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में "प्रेतकल्प" ही कहा जा सकता है। क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है। ध्यान से समझने की बात यह है कि लोकचेतना में मीराबाई का क्या स्वरूप है?

# जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं शारदा

जगदंबा घर में दियरा बार अइनी हे, जगतारन घर में दियरा बार अइनी हे। शारदा सिन्हा का यह गीत उनकी पहचान था। शारदा जिज्जी जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं। भोजपुरी की ख्यातनाम गायिका शारदा सिन्हा के गीतों के बिना छठ के पर्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। छठ के घाटों पर उनके गीत न बजें, ऐसा हो ही नहीं सकता। छठ के गीत गाने वालों की कोई कमी नहीं है।

भोजपुरी के गायक भी कम संख्या में नहीं होंगे, लेकिन भोजपुरी माटी के सोंधेपन की जो अनुभूति शारदा जिज्जी के गीतों में मिलती है, वह दुर्लभ है। वह आवाज शांत हो गई। उनके गाए गीतों का संकल हमारे सबके साथ रहेगा और उनकी स्मृतियों को सदैव जीवंत रखेगा। शारदा सिन्हा जीवनभर भोजपुरी की पहचान के लिए कार्य करती रहीं। भोजपुरी गीतों में आए फूहड़पन को वे बिल्कुल पसंद नहीं करती थीं। आज भी भोजपुरी गीतों की मिठास और जीवंतता इसी फूहड़पन के कारण समाज के बड़े वर्ग से दूर है। शारदा जी ने इस रिक्तता को भरा था। उनका स्वर जितना सुरीला और भोजपुरिया लहजे से पूर्ण था, उतना ही शब्दों की मर्यादा, गीतों के मुखड़े-बोल-अर्थ की मर्यादा का उन्होंने ध्यान रखा। इसी कारण उनके सामाजिक-सांस्कृतिक गीतों को आज भी अनेक पारिवारिक कार्यक्रमों में, विभिन्न संस्कारों में संस्कार के गीतों के रूप में गाया जाता है, सुना जाता है। शारदा सिन्हा जी जीवनपर्यंत भोजपुरिया संगीत, साहित्य व संस्कृति के लिए सक्रिय रहीं। इससे बड़ी बात उनकी भारतीयता के प्रति आस्था की है।

आज देश ही नहीं, विदेशों में भी भोजपुरी गीत-संगीत सहित समग्र भारतीय सांस्कृतिक चेतना की सशक्त हस्ताक्षर के रूप में शारदा सिन्हा की जो छवि है, उसे किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। शारदा सिन्हा जी का देहावसान ऐसी रिक्तता दे गया है, जो कभी नहीं भर पाएगी। शारदा सिन्हा जी के गीत न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को जिलाए रखेंगे, वरन भोजपुरिया गीत-संगीत के भविष्य को एक दिशा भी देते रहेंगे, पथ प्रदर्शन करते रहेंगे।



डॉ. राहुल मिश्र
मुंबई

## एक नजर

### 1576 किसानों ने धान क्रय के लिए कराया पंजीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** धान क्रय के लिए अभी तक मंडल में 1576 किसानों ने पंजीकरण कराया है। लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर-खीरी, उन्नाव और रायबरेली में धान खरीद 1 नवंबर से शुरू हो गई है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने धान क्रय को लेकर बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। सामान्य धान का मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि ग्रेड ए धान का मूल्य 2320 रुपये प्रति क्विंटल है। उन्होंने कहा कि धान क्रय योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए कृषकों को पंजीयन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि क्रय के बाद किसानों को शीघ्र भुगतान किया जाए।

### आयुष पीजी की तीसरी काउंसिलिंग 11 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी कॉलेजों में रिक्त परास्नातक (पीजी) सीटों पर दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को अंतिम मौका 11 नवंबर से मिलेगा, तीसरे चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू होगी, 16 नवंबर को सीट आवंटन किया जाएगा। आयुष पीजी काउंसिलिंग के नोडल अधिकारी एवं निदेशक यूनानी प्रो. जमाल अख्तर ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसिलिंग चल रही है। दाखिले के बाद भी कॉलेजों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 11 नवंबर से पंजीकरण शुरू होगा, 13 व 14 नवंबर में दस्तावेजों का सत्यापन कर पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी जाएगी। 20 नवंबर तक कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### आकांक्षा हाट 2024 की शुरुआत 9 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 9 नवंबर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले आकांक्षा हाट 2024 की शुरुआत करेंगे। यह कार्यक्रम उप्र. की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक नई पहल है, जिसका उद्देश्य महिला उद्यमियों और स्व-सहायता समूहों को अपने उत्पादों और कौशलों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। आकांक्षा हाट 2024 में ट्विन स्टेट इनिशिएटिव के तहत जम्मू और कश्मीर से महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को भी आमंत्रित किया गया है।

# अधिवर्षता आयु बढ़ाने के बाद भी विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी

## अधिवर्षता आयु 65 साल करने से औचित्यहीन हुई पुनर्नियोजित योजना, वीआरएस मांगने वालों के बढ़े आवेदन

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ



**अमृत विचार :** अधिवर्षता आयु 65 साल करने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर नहीं हुई है, बल्कि बढ़ गयी है। इसकी वजह स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेवानिवृत्त चिकित्सकों के लिए शुरू की गयी पुनर्नियोजित योजना औचित्यहीन होना भी कारण है। क्योंकि अब अधिकतर चिकित्सक 62 साल में स्वैच्छिक सेवानिवृत्त (वीआरएस) की मांग कर रहे हैं।

> संयुक्त निदेशक स्तर ग्रेड-पांच तक के चिकित्सक 62 साल में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, योजनांतर्गत चिकित्सकीय सेवाएं जारी रखने के लिए पुर्नियोजित हो सकते हैं। फिलहाल, योजना में आयु बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।
> -शिव सहाय अवस्थी, विशेष सचिव एवं निदेशक प्रशासन स्वास्थ्य विभाग

अब तक 40-45 चिकित्सकों को वीआरएस मिल चुका है। इनमें से तमाम चिकित्सक चाह कर भी तकनीकी कारणों से पुनः सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं।

19011 चिकित्सकों के कैडर वाले स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2014 में 60 साल की आयु में सेवानिवृत्त होने वाले चिकित्सकों को पुनः पांच साल तक यानी 65 साल आयु तक सरकारी सेवाओं में बनाए रखने के लिए पुनर्नियोजित योजना लागू की गयी थी। विभिन्न जिलों में पद निर्धारित कर पूरे प्रदेश में कुल 1000 पद सृजित किए गए थे। साल 2017 में विशेषज्ञ और एमबीबीएस चिकित्सकों में 500-500 पद आरक्षित कर दिए गए। उसी साल 2017 में अधिवर्षता आयु 62 साल होने से यह योजना सेवानिवृत्त चिकित्सकों के लिए तीन साल के लिए रह गयी। इसके बाद भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी न खत्म होने पर प्रदेश सरकार ने चिकित्सकों की अधिवर्षता आयु 65 साल कर दी है। सरकार के इस निर्णय के बाद विशेषज्ञ चिकित्सक तकनीकी रूप (शारीरिक अक्षम) से विभाग छोड़ने को मजबूर हो गये। जिसकी वजह से विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बनाए रखने में विभाग को खासा झटका लगा है।

### वीआरएस लेना मजबूरी

मेडिकल अनफिट प्रमाणित चिकित्सक तकनीकी रूप से पुनर्नियोजन के अंतर्गत चिकित्सकीय सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं। सरकारी चिकित्सकों का कहना है कि रिटायर होने पर पीएफ फंड समेत समस्त देयों का भुगतान हो जाता है। समय पर समस्त भुगतान प्राप्त करने के लिए वीआरएस लेना मजबूरी है।

### नियम में हो बदलाव

पुनर्नियोजित योजना में सेवा देने वाले चिकित्सकों का कहना है कि एनएचएम और चिकित्सा शिक्षा विभाग में 70 साल तक सेवाएं देने का नियम है। उक्त को नजीर मानकर प्रदेश सरकार को पुनर्नियोजन में भी आयु 65 वर्ष से बढ़ाकर 68 वर्ष या 70 वर्ष कर देनी चाहिए। ताकि सेवाएं देने के इच्छुक चिकित्सक सेवाएं दे सकें।

### सेवानिवृत्ति में आई कमी

अधिवर्षता आयु 65 साल करने के बाद स्वास्थ्य विभाग में स्तर पांच, छह व सात के चिकित्सक ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। विभाग में इनकी कुल संख्या 127 है, इनमें हर माह गिनती के चिकित्सक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जबकि पुनर्नियोजित योजना 19011 पदों के सापेक्ष लागू हुई थी।

### 652 पद रिक्त

स्वास्थ्य विभाग में पुनर्नियोजित योजना के तहत मात्र 273 विशेषज्ञ चिकित्सक और 75 एमबीबीएस चिकित्सक सेवारत हैं, शेष 652 पद रिक्त हैं। सबसे ज्यादा राजधानी में 80 पद हैं, इनमें भी सात पद रिक्त हैं। इसी प्रकार दूरदराज के अवेसित जिलों में बड़ी संख्या में पद रिक्त चल रहे हैं।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली तीन निजी कंपनियों को नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में उपभोक्ताओं के आवासों पर लगाये जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीडिंग, स्वीकृत भार व समय के गलत ढंग से रिकॉर्ड होने की आशंका बन गई है। उप्र. पावर कॉरपोरेशन की उच्च स्तरीय तकनीकी टीम की जांच में मीटर में कई खामियां पाई गई हैं। कॉरपोरेशन की ओर से मीटर लगाने वाली तीन निजी कंपनियों को नोटिस जारी की गई है।

जिन निजी कंपनियों को नोटिस दी गई है, उसमें पोलरिस, इन टेलीस्मार्ट व जीएमआर शामिल हैं। ये तीनों कंपनियां दिल्ली की एलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स में निर्मित मीटर लगाने का कार्य कर रही हैं।

# लखनऊ में बनेगी अत्याधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब, काम शुरू

**18 महीने में निर्माण कार्यों को पूरा करने का रखा गया है लक्ष्य**

## 87.50 करोड़ की लागत से 20,572.80 स्क्वॉयर मीटर बिल्ड अप एरिया में होगा निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने लखनऊ में अत्याधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण को गति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस आधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण बेसमेंट समेत 7 मंजिला परिसर (बीएस 5) के रूप में होगा। 87.50 करोड़ की लागत से 20,572.80 स्क्वॉयर मीटर बिल्ड अप एरिया में इसका निर्माण व विकास कार्य किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने का जिम्मा नियोजन विभाग के ईपीसी सेल को सौंपा गया है तथा डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट, आर्किटेक्चरल डिजाइन समेत विभिन्न रिपोर्ट्स की निर्धारण

**▸▸ चारबाग स्टेशन से 20 किमी दूरी पर होगा फॉरेंसिक लैब का निर्माण**



प्रक्रिया शुरू हो गई है।

मालूम हो कि यूपी स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट द्वारा उपलब्ध कराई गई जमीन पर यह निर्माण प्रस्तावित है तथा रानीपुर रोड के जरिए लखनऊ-कानपुर हाइवे से इसे कनेक्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार, भविष्य की जरूरतों के अनुसार इस फॉरेंसिक लैब का निर्माण किया जाएगा।

### ईपीसी सेल ने बनाई विस्तृत कार्य योजना

आधुनिक फॉरेंसिक लैब के निर्माण व विकास के लिए नियोजन विभाग के ईपीसी सेल ने कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है। 18 महीने में सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने की समयावधि तय की गई है। वहीं, निर्माण प्रक्रिया को पूरा करने के पूर्व एक डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जाएगी, जो मास्टरप्लान की तरह कार्य करेगा। मास्टरप्लान में आर्किटेक्चरल डिजाइन, टोपोग्राफी, साइट सर्वे, सब सॉयल सर्वे समेत विभिन्न रिपोर्ट्स का संकलन व निर्धारण होगा और 90 दिनों की समयावधि के बीच इस कार्य को पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। देश के प्रतिष्ठित संस्थान जैसे कि आईआईटी दिल्ली, आईआईटी कानपुर, आईआईटी रुड़की, आईआईटी बीएचयू तथा एनआईटी प्रयागराज जैसी संस्थाओं की रायशुमारी और अनुशंसा को भी फॉरेंसिक लैब के निर्माण में शामिल किया जाएगा।

चिह्नित क्षेत्र में निर्मित होने वाले परिसर चारबाग स्टेशन से 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह सोलर पीवी इनेबल्ड होगा तथा अंडरग्राउंड टैंक, इंसीनरेटर, कंपोज्ड प्लांट, अकॉस्टिक वॉल पैनलिंग, गैस बेस्ड फायर फाइटिंग सिस्टम, डीजी सेट, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन तथा हॉर्टिकल्चर समेत सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्यों को पूरा किया जाएगा।

# 60 आईपीएस अफसरों के प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू, चल रहा मंथन

## जनवरी में कमेटी की बैठक में हो सकती है डीपीसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में लगभग पांच दर्जन आईपीएस अफसरों के प्रमोशन होने हैं, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में मंथन चल रहा है। अगले वर्ष जनवरी माह में होने वाली विभागीय प्रोन्नत कमेटी की बैठक में करीब दो दर्जन एसपी से डीआईजी, आधा दर्जन डीआईजी से आईजी और तीन आईजी से एडीजी स्तर के अधिकारियों के प्रमोशन पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा डेढ़ दर्जन से अधिक सहायक पुलिस अधीक्षकों को पुलिस अधीक्षक की रैंक मिल सकती है।

जानकारी के अनुसार, आईजी से एडीजी के पद पर प्रोन्नत होने वाले अफसरों में गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, लखनऊ रेंज के आईजी प्रशांत कुमार-द्वितीय और एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी के नाम शामिल हैं। जबकि डीआईजी से आईजी होने वालों में जोगेन्द्र कुमार, रवि कुमार छवि, विनोद कुमार सिंह, भारती सिंह, बाबूराम, राकेश प्रकाश, योगेश सिंह और गीता सिंह हैं। इसी तरह एसएसपी से डीआईजी बनने की प्रक्रिया में मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक सिंह, मथुरा के एसएसपी शैलेश पांडेय, फर्रुखाबाद के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, झांसी की एसएसपी सुधा सिंह और शाहजहांपुर के एसपी राजेश के अलावा एसपी रामबदन सिंह, हृदयेश कुमार, तेजस्वरूप, देवरंजन वर्मा, अजय कुमार, हेमंत कुटियाल, शालिनी, स्वप्लिन ममगैन, प्रदीप कुमार, सूर्यकांत त्रिपाठी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, विकास कुमार वैध, राजेश कुमार सक्सेना, डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, सुनीता सिंह, दिनेश सिंह, कमला प्रसाद यादव, अरविन्द मौर्य और सुभाष चंद शाक्य के नाम शामिल हैं।

### इन अफसरों के प्रमोशन में हो सकती है देरी

डीपीसी बैठक में आईपीएस अतुल शर्मा, शगुन गौतम, हिमांशु कुमार, अमित पाठक, धर्मवीर सिंह, विपिन मिश्रा और अजय पाल शर्मा के प्रमोशन का लिफाफा बंद हो सकता है। बताया जाता है कि इन अफसरों के खिलाफ किसी न किसी मामले को लेकर विभागीय जांच चल रही है। चूंकि डीपीसी बैठक होने में अभी लगभग दो महीने का समय है। हो सकता है तब तक कुछ अफसरों को जांच में क्लीन चिट मिल जाय।

# चमकेंगे टोल प्लाजा व सड़कें

## टोल कर्मचारियों को दिया जाएगा व्यवहार कौशल प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ महाकुंभ से पहले हाईवे और मार्गों का किया जा रहा कायाकल्प**

**▸▸ एनएचएआई के चेयरमैन ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** प्रयागराज महाकुंभ से पहले रास्ते में पड़ने वाले टोल प्लाजा की लगातार मॉनीटरिंग की जाएगी। कुंभ में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को बेहतर अनुभव देने के लिए टोल प्लाजा की सुंदरता बढ़ायी जाएगी। इतना ही नहीं टोल प्लाजा स्टाफ की भी बिहेवियरल ट्रेनिंग (व्यवहार कौशल प्रशिक्षण) कराई जाएगी, ताकि वे सभी आने वालों से विनम्रता से पेश आएं।

दरअसल, प्रदेश सरकार का जोर महाकुंभ के अवसर को ऐतिहासिक बनाने पर है। इसी क्रम में हाईवे से लेकर प्रयागराज सिटी को जोड़ने वाली सड़कों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी हाईवे और सिटी को जोड़ने वाली सड़कों को चमकाने में जुट गए हैं। महाकुंभ 2025 के दौरान जब देश और दुनिया से करोड़ों श्रद्धालु सड़क मार्ग से होकर प्रयागराज पहुंचेंगे तो उन्हें चौड़ी सड़क के साथ ही निश्चित अवधि में मल्टीलिंग्वल साइनेज बोर्ड, ग्रीनरी और पेंटिंग नजर आएंगी। यही नहीं, टोल प्लाजा के पास भी उन्हें तमाम सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

बुधवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित सभागार में एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान के साथ एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाकुंभ ऐतिहासिक अवसर है और इस दौरान हमें सिर्फ सड़क नहीं बनानी है, बल्कि उसे अच्छा और खूबसूरत भी बनाना है। उन्होंने कहा कि सड़क ऐसी हो कि जिसकी चमक श्रद्धालुओं को आनंदित करे।

### महाकुंभ में हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम महाकुंभ 2025 में परिंदा भी पर न मार सके, इसके लिहाज से स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं।

महाकुंभ से पहले केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर प्रॉब्लम से निपटने के लिए भी टीम को तैयार कर लिए जाने की योजना है। इसके लिए बकायदा कर्मचारियों को हर आपदा से निपटने की विधिवत ट्रेनिंग दी जाएगी। यही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए भी प्रयागराज के अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपग्रेड करने में लगे हैं।

महाकुंभ के दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 291 एमबीबीएस व स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। इसके अलावा 90 आयुर्वेदिक और यूनानी विशेषज्ञ भी इस अभियान में सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। साथ ही 182 स्टॉफ नर्स इन चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जरूरतमंदों के स्वास्थ्य की देखभाल करेंगी।

# कानून के अनुसार सर्वेक्षण किया अथवा नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ बहराइच ध्वस्तीकरण मामले में नोटिस जारी करने को लेकर सरकार से पूछा सवाल**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच में कथित अतिक्रमण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से पूछा है कि कानून के अनुसार सर्वेक्षण व सीमांकन किया गया अथवा नहीं। कोर्ट ने राज्य सरकार से अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी मांगते हुए मामले में अगली सुनावाई के लिए 11 नवम्बर की तिथि नियत कर दी है।

वहीं, राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसका जवाबी हलफनामा दाखिल हो चुका है। इस पर न्यायालय ने याची को प्रत्युत्तर दाखिल करने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को अगली तिथि पर यह भी बताने को कहा है कि क्या इस बात की जांच कराई गई थी कि जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है, वह संपत्ति के असली मालिक हैं या नहीं? वहीं याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि जिन अधिकारियों ने नोटिस जारी की है, वे संबंधित प्रावधानों के तहत नोटिस जारी ही नहीं कर सकते। उन प्रावधानों के तहत नोटिस जारी करने का अधिकार सिर्फ जिलाधिकारी को है। न्यायालय ने अगली सुनवाई पर यह भी बताने को कहा कि क्या नोटिस उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किया गया। न्यायालय ने याची के अधिवक्ता से भी कहा है कि जिन व्यक्तियों को नोटिस जारी की गई है, उसका विवरण अगली सुनवाई पर पेश करें।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर योगी ने जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए बड़े फैसलों पर आभार व्यक्त किया। योगी ने एफसीआई में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी निवेश व पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी देने के फैसले की सराहना करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा की।

## वर्ग पहेली-244

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | 2 | 3 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ |
| ■ | 5 | | | ■ | 6 |
| 7 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 8 | | | |

### वर्ग पहेली -243 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | ■ | ■ | 2 कृ |
| व | ■ | ■ | 3 पे | ■ | पा |
| 4 डे | ढ़ी | ■ | 5 गं | धा | लु |
| र | ■ | ■ | ब | ■ | ■ |
| ■ | 6 झिं | गा | र | 7 ना | ■ |
| 8 पू | ■ | ■ | ■ | जु | ■ |
| ती | ■ | 9 रे | खां | क | न |

## सुडोकू -157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 5 | | 9 | | 8 | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | | |
| | 7 | | 2 | | | | | |
| | 8 | | 4 | 1 | | 9 | | 3 |
| 5 | | | | | | | | 8 |
| 9 | | 2 | | 6 | 5 | | 4 | |
| | | | | | 4 | | 1 | |
| | | 3 | | | 7 | | 8 | |
| | 6 | 8 | | 5 | | 2 | 9 | |

### सुडोकू - 156 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 नवंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 8 नवंबर 00.34 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11.47 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** - आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आपको दूसरों की मदद करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे। साधु प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा। दांपत्य जीवन का असंतोष भी आप संवाद के बल पर दूर कर सकते हैं।

**वृष** - आज दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। घर और कार्यक्षेत्र आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण आप क्रोधित हो सकते हैं। नए प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण दस्त और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**मिथुन** - आज नव विवाहित जोड़े परिवार आगे बढ़ाने के फैमिली प्लानिंग करने का विचार बना सकते हैं। जॉब व व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय पूर्व ही निपटा लेंगे। आपको एक बड़ा पद सौंपा जा सकता है। ससुराल पक्ष से शुभ सूचना मिल सकती है।

**कर्क** - आज नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी। अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ बेहतरीन रचनात्मक विचार आएंगे। इसका प्रयोग आप नए स्टार्टअप के लिए भी कर सकते हैं।

**सिंह** - आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। आप लोगों के बीच आपकी लोकप्रिय रहेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या** - आज पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घर के बुजुर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। प्रेमीजन के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। ऑफिस में काम ज्यादा न होने के बाद भी आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**तुला** - आज कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज लोन से जुड़े मामले उलझने की आशंका है। कब्ज के रोगियों को परेशानी होगी। बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। फाइनेंस से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है।

**धनु** - आज कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पाने में सफल रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन बेहद सुखद रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे।

**मकर** - आज पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं। शाम के समय आप दिखावे में धन खर्च करेंगे। विदेशी स्रोतों से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है।

**कुंभ** - आज पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपके द्वारा बनाई हुई योजना सफल होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतरीन अवसर प्राप्त होने की संभावना है। आप अपने घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं।

**मीन** - आज नए कार्य की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रति आपके मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
हिरासत - सुबह : 08.17
मि. नटवरलाल - शाम : 06.23

**&pictures**
एक विवाह ऐसा भी - सुबह : 11.07
कोई...मिल गया - रात : 08.00

**SONY PIX**
इट चैप्टर 2 - सुबह : 10.31
2012 - रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
बिजनेसमैन 2 - सुबह : 10.08
खिचड़ी 2 - रात : 08.00

**ZEE ACTION**
फूल और अंगार - सुबह : 10.49
जलजला - रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए। अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं, अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।

# महिलाओं ने खरना से शुरू किया 36 घंटे का निर्जला व्रत

## छठ महापर्व : नगर पालिका की ओर से राजघाट, शहीद स्मारक, शारदा नहर के किनारे कराई गई साफ-सफाई

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचारः पूर्वांचल और बिहार का प्रमुख पर्व छठ पूजा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। नगर पालिका की ओर से शहर के राजघाट, शहीद स्मारक, शारदा नहर सुल्तानपुर रोड, अमावा रोड पर साफ-सफाई कराई गई। इस दौरान छठ पूजा के दूसरे दिन महिलाओं ने खरना किया।

छठ पूजा के दूसरे दिन की शुरुआत खरना से होती है। छठ के चारों दिन का अलग-अलग महत्व होता है। छह नवंबर बुधवार के दिन खरना मनाया गया। छठ के महापर्व में खरना का विशेष महत्व हैं, क्योंकि, इस दिन छठ का विशेष प्रसाद बनाया जाता है। इसी दिन शाम से लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत का आरंभ हो जाता है। इस दिन से रोटी, गुड़ की खीर और फल का भोग लगाया जाता है।

खरना वाले दिन भगवान का विशेष प्रसाद व्रत रखने वाले ही तैयार करते हैं और शाम के समय भगवान को अर्पित करने के बाद ही वह उसे ग्रहण करते हैं। खरना से जो उपवास आरंभ होता है वह सप्तमी तिथि के दिन अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त होता है। गुरुवार को डूबते हुए तो शुक्रवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने बताया कि सभी प्रमुख स्थलों पर नगर पालिका की ओर से साफ-सफाई करा दी गई है। साथ ही चूने का छिड़काव भी कराया गया है।



छठ पूजा के दूसरे दिन घर पर खरना की पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### मिट्टी के चूल्हे पर बनाई गुड़ की खीर

अमृत विचार : इस दिन मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर बनाई जाती है। इसके लिए पीतल के बर्तन का प्रयोग किया जाता है। यह खीर बहुत ही शुद्धता और पवित्रता के साथ बनाई जाती है। इसलिए मिट्टी के चूल्हे का प्रयोग किया जाता है। खीर के अलावा गुड़ की अन्य मिठाई, ठेकुआ और लड्डू आदि भी बनाए जाते हैं। यह खास खीर सिर्फ और सिर्फ व्रती इंसान ही बनाता है। पूरे दिन व्रत रखने के बाद शाम के समय व्रती व्यक्ति इसी गुड़ की खीर का सेवन करते हैं। शाम के समय व्रत रखने वाला व्यक्ति कमरा बंद करके ही खीर का सेवन करता है। इसके बाद पूरा परिवार व्रती व्यक्ति से आशीर्वाद लेता है। साथ ही सुहागन महिलाएं व्रती महिलाओं से सिंदूर लगवाती हैं।



राजघाट सई नदी किनारे पूजा करती सुरजूपुर की सलोनी श्रीवास्तव।



छठ पूजा को लेकर राजघाट सई नदी किनारे साफ-सफाई करते नपाप कर्मचारी।



राजघाट पर सई नदी के किनारे स्वच्छता का संदेश देते नपाप कर्मचारी।

### राजघाट पर सबसे अधिक रहती है भीड़

रायबरेली, अमृत विचार : शहर के राजघाट पर सबसे अधिक भीड़ रहती है। यहां पर पूजा करने के साथ ही काफी संख्या में लोग देखने के लिए भी पहुंचते हैं। शहर में आईटीआई कालोनी, दूरभाष नगर, इंदिरा नगर, सोनिया नगर, गांधी नगर, शक्तिनगर, सर्वोदय नगर समेत कई मुहल्लों में पूर्वांचल और बिहार के लोग रहते हैं। सभी लोग इन स्थलों पर पहुंचकर विधिविधान से पूजन अर्चन करते हैं।

# कलश यात्रा का जगह-जगह किया गया जोरदार स्वागत

सलोन, रायबरेली, अमृत विचार। नगर रामलीला मैदान में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश शोभा यात्रा के साथ बुधवार को शुरू हुआ। भक्तिमय माहौल में लोगों ने जगह-जगह कलश शोभा यात्रा का स्वागत किया। सुबह रामलीला मैदान से कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान कथाव्यास आचार्य प्रद्युम्न महाराज पर फूलों की वर्षा की गई। कलश यात्रा से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा गया। कलश यात्रा रामलीला मैदान से रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग होते हुए तहसील मार्ग स्थित बाबा माधवदास मंदिर, तहसील प्रांगण के अभयदाता मंदिर और कोतवाली के शंकर महादेवा मंदिर से परिक्रमा करते हुए पुन: तहसील चौराहे से ऊंचाहार मार्ग पहुंचा। इस दौरान महिलाएं पीला वस्त्र धारण कर कलश को सिर पर रखे भागवत कथा का स्मरण करते हुए ऊंचाहार मार्ग से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर विधिवत कलश को स्थापित किया। इस बीच जगह-जगह लोगों ने कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सैकड़ों महिलाओं एवं कन्याओं ने मंगल गीत गाते हुए कलश धारण कर परिभ्रमण किया। कार्यक्रम के व्यवस्थापक प्रखर रस्तोगी ने बताया कि भागवत कथा का रसपान सात दिनों तक प्रतिदिन होगा। गुरुवार को महाराज द्वारा भागवत कथा की उत्पत्ति की कथा सुनाएगे। कथा का रसपान सांय चार बजे से रात्रि आठ बजे तक होगा। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्र शेखर रस्तोगी, विपिन कौशल सुभाष, रज्जन गुप्ता, शनि बाबा, सत्यम जायसवाल, मुरारी साहू, अतुल, विनय आदि लोग मौजूद रहे।



पीले वस्त्र पहन कर कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

# डीएम व एसपी से मिले नगर पंचायत अध्यक्ष, महोत्सव में किया आमंत्रित

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। नगर पंचायत अध्यक्ष पं. बृजेश दत्त गौड़ ने कार्तिक पूर्णिमा डलमऊ की व्यवस्थाओं के संबंध में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह से मुलाकात की। मेले की तैयारियों पर चर्चा की। साथ ही कार्तिक पूर्णिमा मेला, डलमऊ महोत्सव में गंगा आरती के लिए आमंत्रित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि डीएम और एसपी ने बेहतर व्यवस्था के लिए भरोसा दिया है। कार्तिक पूर्णिमा मेला और डलमऊ महोत्सव को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। नगर पंचायत की ओर से कहीं पर कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। व्यापारियों के साथ ही स्नानार्थियों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा। घाटों के किनारे प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था के साथ ही मेला की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बेहतर तरीके से कार्य कराया गया है।



डीएम हर्षिता माथुर को गंगा महोत्सव का आमंत्रण पत्र देते नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेशदत्त गौड़।

## सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए एम्स निदेशक होंगे सम्मानित

रायबरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज को देश के सभी एम्स में से शीर्ष के तीसरे स्थान पर चुना गया गया। जिसमें विश्व उच्च रक्तचाप दिवस सेवाओं में रोगी देखभाल सेवाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए एम्स रायबरेली को तीसरे स्थान प्राप्त हुआ है। इसके लिए निदेशक प्रो. डॉ अरविंद राजवंशी को मंगलवार को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। प्रो डा भोलानाथ के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम मे अपर निदेशक डॉ. एल स्वस्तिचरण ने निदेशक प्रो डा अरविंद राजवंशी को अच्छे कार्य के लिए बधाई दी है। अधीक्षक प्रो. डॉक्टर सुयश सिंह ने बताया कि देश के शीर्ष तीन एम्स में चुना गया है। एम्स दिल्ली पहले स्थान और एम्स रायपुर दूसरे स्थान पर है। कार्यक्रम प्रो. भोलानाथ के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पुरस्कार स्वीकार करने के लिए निदेशक को बुलाया गया है। डीन प्रोफेसर नीरज कुमारी ने बताया कि यह एम्स के सभी स्टाफ के लिए गर्व की बात है। इस तरह के पुरस्कार फैकल्टी को भविष्य में बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। एफए कर्नल यूएन राय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि उच्च रक्तचाप एक वैश्विक सार्वजनिक समस्या है। रोगी देखभाल के सभी स्तरों पर अच्छे प्रबंधन की आवश्यकता है।



निदेशक प्रो. डॉ अरविंद राजवंशी।

## संघ के पदाधिकारियों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

रायबरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षामित्र की भर्ती प्रक्रिया से सहायक अध्यापक बने साथियों से पुरानी पेंशन का विकल्प पत्र भरवाए जाने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। बीएसए से इस पर वार्ता भी की गई। जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी ने शीघ्र इस विषय पर कार्रवाई कर विकल्प पत्र भरवाए जाने की मांग की। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जल्द ही बेसिक शिक्षा सचिव से इस प्रकरण पर वार्ता कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जनपदीय कोषाध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह, जनपदीय संयुक्त मंत्री डॉ. चंद्रमणि वाजपेई, जनपदीय संगठन मंत्री सुजीत चौधरी, जगतपुर अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह, संघर्ष समिति के जिला मंत्री सुधीर सिंह, पुष्पेंद्र त्रिवेदी, अशोक मौर्य, अनुज त्रिवेदी, अभिषेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## खोजनपुर व ऊंचाहार देहात में 35 लाख से बनेगा नाला



पक्का नाला निर्माण का शिलान्यास करते जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता।

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार : जिला पंचायत द्वारा क्षेत्र के गांव खोजनपुर और ऊंचाहार देहात के गांव अमलीहा पुरवा के पास जल निकासी के लिए नल का निर्माण कराया जाएगा। करीब 35 लाख रुपये लागत से होने वाले इस निर्माण कार्य का बुधवार को जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता ने शिलान्यास किया। क्षेत्र के गांव खोजनपुर में जल निकासी की समस्या से निजात दिलाने के लिए गांव के जगदीश प्रसाद सरोज के दरवाजे से गंदा नाला पुल तक करीब सात सौ मीटर पक्के नल का निर्माण कराया जाएगा। इस नाले में का निर्माण करीब 20 लाख रुपये खर्च होगा। इसके अलावा एनटीपीसी रोड स्थित सोमनाथ जायसवाल के घर से अमलिहा का पुरवा मोड़ तक करीब ढाई सौ मीटर लंबे पक्के नल का निर्माण जल निकासी के लिए किया जाएगा। यह करीब 15 लाख रुपये की लागत से निर्माण होगा। दोनों कार्यों का बुधवार को जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता ने शिलान्यास किया। इस मौके पर अनिल कुमार विश्वकर्मा, दिनेश गौड़, राहुल अग्रहरि, सोमनाथ जायसवाल, विनोद कुमार अग्रहरी, राजेश कुमार मौर्य, शिवा प्रजापति, सुनील कुमार पाल, मनोज सिंगर, जगतपाल सरोज आदि मौजूद रहे।



# शिकायत लेकर गए पीड़ित को चौकी इंचार्ज व सिपाही ने बूटों से पीटा

## ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र की एनटीपीसी चौकी का मामला

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली


घायल युवक। अमृत विचार

▸▸ पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय दिलाने की गुहार

**अमृत विचारः** घुरवारा कांड अभी ठंडा भी हुआ कि फिर से जिले में पुलिस की बर्बरता का एक और मामला सामने आया है। एक शिकायतकर्ता को ही चौकी इंचार्ज और उसके कारखास सिपाही ने बेरहमी से जूतों की बूट से पीटा। बाद में उसे शांति भंग करने के आरोप में चालान कर दिया। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर से सवाल उठने लगे हैं।

मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के एनटीपीसी चौकी के मीरा पुर मजरे बभनपुर गांव का है। गांव के रहने वाले प्रमोद कुमार ने बताया कि उसके पड़ोस के रहने वाले राजकुमार और उनकी पत्नी बेसहारा मवेशियों को पकड़ लेते है। मवेशियों का दूध निकालने के बाद उन्हें छोड़ देते है। मवेशी उसके घर के अंदर घुस आते हैं। बच्चों को मारने दौड़ते है। इसी की शिकायत उसने कई बार राजकुमार से की, ताकि उन मवेशियों को दूर ले जाकर छोड़े। लेकिन जब विपक्षी नहीं माने तो उसने पांच नवम्बर को कोतवाली ऊंचाहार और एसडीएम ऊंचाहार को शिकायती पत्र दिया। इसके बाद एनटीपीसी चौकी इंचार्ज ने उसे शाम को सिपाहियों द्वारा चौकी बुलवाया। वहां पहुंचने पर उसकी बूट से जमकर पिटाई की गई। उसे इतनी बुरी तरह पीटा गया कि उसकी आंख में चोट आई है। इस मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। इसकी जांच करके कार्रवाई की जाएगी ।

## एक नजर

### किशोरी के अपहरण का लगाया आरोप

खीरों, रायबरेली। थाना क्षेत्र के गांव शिवराजबलीखेड़ा (कुम्हारनखेड़ा) मजरे मदनापुर निवासी एक किशोरी का सोमवार को शाम लगभग छह बजे उन्नाव जिले का एक युवक अपहरण कर ले गया। अपहृता के पिता ने नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। सुरेश लोधी ने आरोप लगाया है कि विगत सोमवार को दोपहर बाद मैं अपने परिजनों के साथ खेतों में काम कर रहा था। मेरी बेटी सुभाषिनी (17) घर पर अकेली थी। शाम लगभग छह बजे घर पहुंचने पर जानकारी हुई कि उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र मौरावां के गांव पिंजरा निवासी नंदकिशोर पुत्र धनपाल मेरी बेटी का अपहरण कर ले गया है। प्रभारी निरीक्षक बालेन्दु गौतम ने बताया कि अपहृता के पिता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अपहृता और आरोपी की तलाश की जा रही है।

### मुश्किल हालात में समाचार पत्र वितरक की मदद की

संवाददाता, रायबरेली। शहर के नेहरू नगर निवासी कौशल किशोर मिश्रा समाचार पत्र वितरण का कार्य करते हैं। बीते दिनों उनकी पत्नी सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। जीविकोपार्जन का एक मात्र सहारा होने के कारण आर्थिक संकट से जूझ रहे कौशल किशोर को कुछ नहीं सूझ रहा था। ऐसी दशा में कैलाशपुरी निवासी उदय सिंह आगे आए। उन्होंने मदद की। वहीं दीपावली में आर्थिक दिक्कत को देखते हुए सरस्वती त्रिवेदी और पुष्पा त्रिवेदी ने मदद की। समाचार पत्र वितरक ने बताया कि मुश्किल हालात में सहारा बने लोगों की जितनी भी प्रशंसा करे कम होगी। समाज में बिरले लोग ही होते हैं, जो मदद करने के लिए आगे आते हैं।

### पत्नी को पीटकर किया घायल, जिला अस्पताल रेफर

बछरावां, रायबरेली। घरेलू विवाद में पति ने पत्नी को पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना बुधवार सुबह नौ बजे के आसपास की है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टांडा मजरे शेखपुर समोधा निवासी ममता पत्नी संतोष कुमार को उसके ही पति ने किसी बात से नाराज होगी पिटाई कर दी। मौके पर सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल का इलाज बछरावां सामुदायिक केंद्र में कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस बाबत थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

### समाज के एक वर्ग को गाली देने पर आक्रोश

लालगंज, रायबरेली। पूरे ब्राह्मण मजरे गेगासो निवासी दयाशंकर ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 4 अक्टूबर को गेगासो के श्री नारायण के यहां तेरहवीं कार्यक्रम था, जहां पर गेगासो के एक युवक ने जाति विशेष को गालियां दी। दयाशंकर सहित भाजपा के मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे, विकेश द्विवेदी, आशीष पांडे, श्री नारायण, मोनू आदि ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वही चौकी इंचार्ज ने बुधवार को आरोपी को बुलाकर पूछताछ की है, लेकिन देर शाम उसे छोड़ दिया है। कार्रवाई न होने के चलते जाति विशेष के लोगों में नाराजगी व्याप्त है। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से करने की बात कही है।

### दरवाजे से बाइक चोरी

जगतपुर, रायबरेली। दरवाजे से मोटर साइकिल चोरी होने पर युवक ने थाने में एक तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।थाना क्षेत्र के बिंदागंज के रहने वाले श्रवण कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके दरवाजे पर बाइक खड़ी थी। बीती रात अज्ञात चोर दरवाजे से बाइक चुरा ले गए। इस बाबत थानाध्यक्ष अजय राय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

## फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

**लालगंज, रायबरेली,अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे बंधन सिंह मजरे मीठापुर गांव में 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार सुमित कुमार पटेल (22) पुत्र अवधेश पटेल का घर के बाहर मवेशी बांधने के अहाते में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणो का पता चलेगा।

### ट्रामा सेंटर में घायल अधेड़ की मौत

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सांड के हमले से घायल अधेड़ की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रोझइया भीखम शाह निवासी श्याम बाजपेई सोमवार को जिंगना बाजार सब्जी खरीदने गए थे। वापस लौटते समय कोल्ड स्टोर के निकट सांड ने अचानक उस पर हमला बोल दिया था।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचारः** कूलर में संचालित हो रहे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।


मृतक की फाइल फोटो।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव कोटिया चित्रा का है। गांव निवासी सूर्यबख्श सिंह का 21 वर्षीय बेटा ओम सिंह बुधवार की सुबह सोकर उठा। इसी दौरान उसने कूलर बन्द करने का प्रयास किया। तभी उसमें प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। आनन-फानन परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। बताया जा रहा है कि मृतक अपने माता पिता के साथ छत्तीसगढ़ प्रान्त में रहता था। दिसंबर में उसके बहन की शादी होनी है। इसलिए तैयारियों के लिए वह तीन दिन पहले मां के साथ गांव आया था। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि मृत अवस्था में युवक को सीएचसी लाया गया था। कोतवाल सजंय कुमार का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# साढ़े तीन बीघा जमीन पर मिला अवैध कब्जा

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली


भूमि की नापजोख करती राजस्व टीम। अमृत विचार

▸▸ क्षेत्रीय विधायक के याचिका समिति में शिकायत करने के बाद जागा तहसील प्रशासन

**अमृत विचारः** नगर के सीएचसी से जुड़ी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण किए जाने के मामले में बुधवार को राजस्व टीम ने पुनः नाप की है। जिसमें करीब साढ़े तीन बीघा जमीन पर कई लोगों का अवैध कब्जा पाया गया है। इसी में प्लाटिंग करके रास्ता भी बनाया गया है।

राजस्व विभाग ने यह कार्रवाई क्षेत्रीय विधायक डॉ. मनोज पांडेय द्वारा याचिका समिति में उठाने के बाद की है। बुधवार को राजस्व विभाग की टीम ने दूसरे छोर के गांव मलकाना की सीमा से जमीन की नाप की है। जिसमें जिला सहकारी संघ की जमीन, नगर पंचायत की जमीन और ऊंचाहार देहात ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया है। सरकारी जमीन पर बड़े-बड़े कई मंजिला भवन बने हुए हैं। यही नहीं ऊंचाहार देहात ग्राम पंचायत की सरकारी जमीन पर कब्जा करके न सिर्फ प्लाटिंग की गई है बल्कि सरकारी जमीन से ही प्लाटिंग के लिए रास्ता भी बनाया गया है। यह कार्य कई साल पहले हुआ है। मजेदार बात यह है कि शासन से सरकारी आवास का लाभार्थी बनकर लाभ लिया गया और सरकारी जमीन पर ही कब्जा करके उसमें आवास बना डाला गया है। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब क्षेत्रीय विधायक ने मामले को उच्च स्तर पर उठाया। इसके बाद आवास के लाभार्थियों से रिकवरी का आदेश भी हुआ है। इससे जुड़ी भूमि की नाप की गई तो बड़ा खुलासा हुआ है। जिसमें करीब एक दर्जन से अधिक लोगों के आवास अवैध पाए गए हैं। अब तहसील प्रशासन इन आवासों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी कर रहा है। जिसकी प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि अभी पूरी भूमि की पैमाईश नहीं हुई है। राजस्व टीम भूमि की नाप कर रही है। नाप पूरी होने के बाद पूरी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

## सिलेंडर में लगी आग तीन लोग झुलसे

**अमावां, रायबरेली,अमृत विचारः** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव मे चाय बनाते समय गैस रिसाव से आग लग गई। इसमें तीन लोग झुलस गये। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना बुधवार की सुबह करीब सात बजे की है। थाना क्षेत्र के राही गांव निवासी जसवंत साहू ने घर मे चाय बनाने को बोला। चाय बनाते समय एलपीजी गैस सिलेंडर में आग लग गई। रसोई घर मे चीख पुकार की आवाज सुनकर पहुंचे जसवंत साहू व उनके बड़े भाई रजवंत साहू ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। आग पर काबू पाने की मसक्कत मे मामूली रुप से जसवंत साहू, रजवंत साहू व उनकी 10 वर्षीय बेटी झुलस गईं।

## किसानों को राहत, साधन सहकारी समिति में आज बटेंगी खाद

संवाददाता,शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचारः** नगर पंचायत के भवानीगढ़ चौराहा स्थित साधन सहकारी समिति शिवगढ़ में गुरुवार को प्रातः नौ बजे से किसानों को डीएपी खाद का वितरण किया जायेगा।

यह जानकारी एडीओ कोऑपरेटिव अभिषेक सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि साधन सहकारी समिति शिवगढ़ में 500 बोरी डीएपी खाद आई है। स्टॉक सीमित है, इसलिए प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को खाद मिल जाए। उन्होंने बताया कि नियमतः लाइन में खड़े होने वाले लोगों को ही नम्बर के हिसाब से खाद का वितरण किया जाएगा। स्टॉक सीमित है इसलिए अभी एक किसान को अधिकतम दो बोरी ही खाद दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 4000 बोरी की डिमांड लगाई गई थी। इसमें से 500 बोरी साधन सहकारी समिति बैंती में और 500 बोरी साधन सहकारी समिति शिवगढ़ में आई थी।

## प्रो. शीला श्रीवास्तव बनी एडिशनल डीन

संवाददाता,लालगंज, रायबरेली


एडिशनल डीन बनने पर प्राचार्य का स्वागत करते प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह।

**अमृत विचारः** बैसवारा डिग्री कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव को लविवि द्वारा एडिशनल डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल नियुक्त किया गया है। जिले से प्रो. शीला श्रीवास्तव की नियुक्ति लविवि कुलपति ने किया है।

महाविद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। इससे महाविद्यालय के अकादमिक उन्नयन और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि बैसवारा कॉलेज से पहली बार किसी प्राचार्य को एडिशनल डीन, कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल नियुक्त किया गया है।महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों छात्र एवं छात्राओं ने हर्ष व्यक्त किया है। राजेंद्र बहादुर सिंह उर्फ रज्जू भैया, प्रो. अरुण कुमार सिंह मुन्ना, ब्रह्म प्रकाश सिंह, डॉ. दीपक सिंह, प्रो. निरंजन राय, प्रो. पुष्पा बरनवाल ने भी बधाई दी।

## ब्लॉक दिवस में फरियादियों का रहा टोटा

संवाददाता,सतांव, रायबरेली


सतांव ब्लाक कार्यालय में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी।

**अमृत विचारः** प्रचार-प्रसार के अभाव में ब्लाक दिवस में सन्नाटा पसरा रहा। छह नवम्बर को मलिकमऊ चौबारा स्थित सतांव विकासखण्ड कार्यालय में आयोजित ब्लॉक दिवस में सन्नाटा पसरा रहा। जानकारी के अभाव में फरियादियों की संख्या शून्य रही। वहीं विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी नदारद नजर आए। कार्यालय के आस-पास के लोगों ने बताया कि ब्लॉक दिवस के आयोजन की जानकारी आम जनता को ना मिलने के कारण फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच नहीं पाते है। सरकार की मंशानुसार जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए समाधान दिवस, तहसील दिवस की तर्ज पर खण्ड विकास कार्यालय में महीने के प्रथम और तृतीय बुधवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दिन विभिन्न विभागों के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करते हैं।

## छात्रों ने निकाली यातायात सुरक्षा सप्ताह रैली

संवाददाता,लालगंज, रायबरेली



जारुकता रैली निकालते विद्यार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** यातायात सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत बैसवारा इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने एक विशाल रैली निकालकर नगर के लोगों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश दिया।

विद्यालय द्वारा इन दिनों सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें प्रार्थना सभा में प्रतिदिन शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा भाषण और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात के नियमों की जानकारी दी जाती है। प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र बहादुर सिंह ने बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सभी से यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। रैली में एनसीसी, एनएसएस, और स्काउट समेत लगभग 400 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस रैली में यातायात उपनिरीक्षक सुखराम, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला, एनसीसी प्रभारी पुनीत तिवारी, भवानी श्रीवास्तव, राजेंद्र राठौड़, सीमा, सरिता, विपिन सिंह, राम बहादुर मौर्य आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक हुए सम्मानित


सम्मान समारोह में मौजूद सम्मानित सेवा निवृत्त शिक्षक। अमृत विचार

संवाददाता,लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र डलमऊ के प्राथमिक विद्यालय ऐहार प्रथम में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व वाइस चांसलर छत्तीसगढ़ डॉ. शिव बरन शुक्ल ने की। समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद के संगठन मंत्री कृपाशंकर द्विवेदी, जिलाध्यक्ष विक्रमाजीत सिंह, मंत्री गणेश बखश सिंह, संरक्षक कृष्ण कुमार शुक्ल, मोहम्मद अयूब खान के साथ जनपद के भारी संख्या में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया ।कंपोजिट विद्यालय मखदूमपुर की सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका कृष्णावती यादव, प्राथमिक विद्यालय शोभवापुर की प्रधानाध्यापिका मनोरमा और प्रमोद कुमार समेत 50 शिक्षकों को अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय ऐहार प्रथम की प्रधानाध्यापिका रचना दीक्षित, सहायक शिक्षिका श्वेता तिवारी, रचना कटियार, सच्चिदानंद वर्मा का भी आभार जताया गया। समारोह में डलमऊ ब्लॉक के प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री कीर्ति मनोहर शुक्ला, रामविलास सिंह, जिला कोषाध्यक्ष बालकृष्ण चौधरी सहित भारी संख्या में सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। संचालन करुणा शंकर त्रिवेदी ने किया।

## चोरों ने ट्रैक्टर की ट्राली को किया पार

**जगतपुर, रायबरेली,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के खैरहनी पहाड़गढ़ में ट्रैक्टर की ट्राली चोरों ने पार कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। बुधवार को अभिषेक साहू पुत्र अनंत राम निवासी खैरहनी पहाडगढ थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती रात उनके ट्रैक्टर की ट्राली दरवाजे पर खड़ी थी। अज्ञात चोर चुपके से ट्राली उठा ले गए। सुबह देखा तो दरवाजे पर ट्राली नहीं थी। पीड़ित ने काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। जगतपुर थानेदार अजय कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराई जाएगी।

## टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन घायल

संवाददाता,बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के अंतर्गत खैरहनी मोड़ के निकट अनियंत्रित टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार दो भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना मंगलवार देर शाम की है। ग्राम जोहवाशर्की थाना हरचंदपुर निवासी आदर्श कुमार पुत्र सालिकराम अपनी ममेरी बहन सुहासिनी पुत्री रामसुमिरन के साथ बाइक द्वारा असहन जगतपुर जा रहे थे। खैरहनी मोड़ के निकट एक अनियंत्रित टेम्पो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए।

### ट्रक - पिकअप की टक्कर से चालक की हालत गंभीर

हरचंदपुर, रायबरेली। हरचंदपुर थाना क्षेत्र लखनऊ-प्रयागराज हाइवे पर डिडौली राधास्वामी के निकट तेज रफ्तार ट्रक और पिकअप में टक्कर हो गई। इसमें पिकअप चालक गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल विवेक पांडेय पुत्र दिनेश कुमार पांडे लखनऊ जिले के गायत्री नगर फैजुल्लागंज का रहने वाला है।


क्षतिग्रस्त वाहन।

# धनुषभंग लीला देखकर दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

संवाददाता,खीरों,रायबरेली


रनापुर पहरौली में रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विकास क्षेत्र के गांव रनापुर पहरौली में आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में परम्परागत तरीके से चल रही रामलीला के तीसरे दिन स्थानीय कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। मंगलवार की रात को सीता स्वयंवर, रावण बाणासुर संवाद, धनुषभंग, राम विवाह, परशुराम लक्ष्मण संवाद लीला का सुन्दर मंचन किया गया। जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

सीता स्वयंवर में उपस्थित अलग-अलग देश के राजाओं के सामने बंदीजनों ने राजा जनक की विरुदावली का बखान किया। फिर मखशाला में राजाओं के सामने सीता स्वयंवर की शर्त बताई गई। अनेक राजाओं ने धनुष उठाकर चाप चढ़ाने का असफल प्रयास किया। रावण धनुष की ओर बढ़ा तो बाणासुर ने रावण को रोका। जिस पर दोनों के बीच तीखा संवाद हुआ। जब सभी राजा असफल हो गए तो जनक जी विलाप करते हुए कहने लगे "उठहु भूप निज निज गृह जाहू। लिखा न विधि वैदेहि विवाहू"।। अंत में जनक ने कहा वीर विहीन मही मैं जानी। तो लक्ष्मण जी क्रोधित होकर भरी सभा में जनक जी से तीखा संवाद करने लगे। राम ने उन्हें शान्त किया। इतने में गुरु विश्वामित्र ने राम को धनुष पर चाप चढ़ाने की आज्ञा दी। राम के धनुष पर चाप चढ़ाते ही धनुष टूट गया। सीता ने राम के गले में जयमाल डाल दी। तभी क्रोधित परशुराम सभा में पहुंचे। रोचक परशुराम लक्ष्मण संवाद हुआ। उनके जाने के बाद राम सीता का विवाह सम्पन्न हुआ। देर रात तक चली इस लीला को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता समेत आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 28.11.2024 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग , डेबिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 12002024 दिनांक 05.11.2024 |
| कार्य का नाम | सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर जंघई के अनुभाग में रेल और स्लीपरों का आकस्मिक नवीनीकरण ओवरहालिंग डिस्ट्रेसिंग LWR की बॉक्सिंग और प्रोफाइलिंग आदि जैसे वचे हुए कार्य। |
| अनुमानित राशि | Rs. 1,49,56,598.60 |
| धरोहर राशि | Rs. 2,24,800.00 |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से 12 माह |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 14.11.2024 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.11.2024 15.00 बजे. |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी: निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3434/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

**लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अधिकार क्षेत्र में गति-शक्ति मल्टी-मोडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के निर्माण के लिए इच्छुक निवेशकों, लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं, कंटेनर ट्रेन ऑपरेटरों, औद्योगिक इकाइयों आदि से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है, उत्तर रेलवे।** लखनऊ डिवीजन में गति-शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल विकसित करने के लिए जिन स्टेशनों का चयन किया गया है और जिनके लिए ईओआई मांगी गई है, वे निम्न हैं : **(1) अनूपगंज (APG):** यह स्टेशन लखनऊ शहर के दक्षिण में स्थित है। प्रस्तावित टर्मिनल के निकट से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जाती है। प्रस्तावित टर्मिनल किसान पथ (बाहरी रिंग रोड) एवं शहीद पथ के द्वारा पूरे लखनऊ शहर एवं सभी राजमार्गों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। जिससे ट्रकों का आवागमन प्रस्तावित टर्मिनल से सहज है। प्रस्तावित टर्मिनल में लखनऊ शहर के निकट एक सीमेंट, उर्वरक, ऑटोमोबाइल और कंटेनर हब के रूप में विकसित होने की क्षमता है। **(2) मगरवारा (MGW):** यह स्टेशन लखनऊ-कानपुर रेल खंड पर स्थित है और यह उन्नाव औद्योगिक क्षेत्र के बहुत निकट है। NH-27 (लखनऊ-कानपुर राजमार्ग) प्रस्तावित टर्मिनल के निकट में है, एवं प्रस्तावित टर्मिनल के समानांतर चलता है। अकरमपुर औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित टर्मिनल के 2 किमी के अंतर पर स्थित है। बंधरा और दहीचौकी औद्योगिक क्षेत्र भी प्रस्तावित टर्मिनल के निकट में है। **(3) हरपालगंज (HRPG):** यह स्टेशन जौनपुर जिले में स्थित है और लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग के बहुत निकट है और वाराणसी औद्योगिक क्षेत्र से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। कई औद्योगिक केंद्र हरपालगंज के निकट है जिनमें सतहरिया, सिथवान और करखियांव सम्मिलित है। **(4) यदि कोई निवेशक ऊपर बताए गए स्टेशनों** (लखनऊ डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में) **के अतिरिक्त किसी अन्य स्टेशन के निकट अपना गति शक्ति कार्गो टर्मिनल बनाना चाहता है, तो वे अपनी रुचि की अभिव्यक्ति का उल्लेख प्रस्ताव में कर सकते हैं।**

इस प्रस्ताव का उद्देश्य गति-शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) नीति-2022 के तहत रेल कार्गो प्रबंधन के अतिरिक्त टर्मिनल विकसित करने के लिए सभी हितधारकों के द्वारा निवेश को बढ़ावा देना है। नए कार्गो टर्मिनलों की स्थापना का उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों, लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं आदि को रेलवे के माध्यम से अपनी सामग्री के परिवहन के लिए बढ़ावा देना है, जिससे समग्र लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी। लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता, माल अग्रेषणकर्ता, कंटेनर ट्रेन ऑपरेटर आदि इस अवसर का उपयोग लखनऊ मंडल में नए टर्मिनल स्थापित करने के लिए कर सकते हैं। इससे न केवल व्यापार भागीदारों के लिए थोक कार्गो की आवाजाही में मदद मिलेगी बल्कि निवेशक के लाभ में काफी तेजी से वृद्धि आएगी।

गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल पॉलिसी 2022 के तहत, निवेशक निम्नलिखित प्रकार से जीसीटी का निर्माण कर सकते हैं-: **(1)** गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो (जीसीटी) टर्मिनल निजी भूमि पर यानी पूरी तरह से गैर रेलवे भूमि पर (अनुसूची-1); **(2)** गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो (जीसीटी) टर्मिनल पूर्ण/आंशिक रूप से रेलवे भूमि पर(अनुसूची-2)। **विस्तृत जानकारी और ईओआई दस्तावेज दिनांक 07.11.2024 से 21.11.2024 तक नीचे दिए गए लिंक से प्राप्त और डाउनलोड किया जा सकता है https://nr.indianrailways.gov.in > निविदाएं >निविदाएं >डीटी से भी सक्रिय निविदाएं दिखाने के लिए यहां क्लिक करें।** इच्छुक निवेशक अपने ईओआई को अपने लेटर हेड पर अनुबंध 'ए' में मांगी गई जानकारी के साथ एक सीलबंद लिफाफे में "वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक कार्यालय, डीआरएम कार्यालय परिसर, उत्तर रेलवे , हजरतगंज, लखनऊ- 226001" या हस्ताक्षरित प्रस्ताव **ईमेल आईडी:** srdomlko@gmail.com **पर 28/11/2024 तक भेजे।** 3431/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 29.11.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 12102024 दिनांक 05.11.2024 | | | |
| 2 | निविदा संख्या | 17/Sr.DEN-I/LKO/2024-25, 18/Sr.DEN-I/LKO/2024-25, 19/Sr.DEN-I/LKO/2024-25, 20/Sr.DEN-I/LKO/2024-25 | | | |
| 3 | कार्य का नाम | 1. स्टेशन के प्रमुख पुनर्विकास के तहत लखनऊ (चारबाग) रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 8, 9 एवं एमआर 2 लाइनों पर गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान/(दोहरी पैकेट प्रणाली) | | | |
| | | 2. लखनऊः- सहायक मण्डल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड अभि०/रेल पथ/प्रथम/लखनऊ के अनुभाग में विविध ट्रैक रखरखाव कार्य जैसे रेल और स्लीपरों का आकस्मिक नवीनीकरण, ओवरहालिंग, डिस्ट्रेसिंग, एलडब्ल्यूआर की बॉक्सिंग और प्रोफाइलिंग आदि। | | | |
| | | 3. लखनऊः- सहायक मण्डल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड अभि०/रेल पथ/द्वितीय/लखनऊ के अनुभाग में विविध ट्रैक रखरखाव कार्य जैसे रेल और स्लीपरों का आकस्मिक नवीनीकरण, ओवरहालिंग, डिस्ट्रेसिंग, एलडब्ल्यूआर की बॉक्सिंग और प्रोफाइलिंग आदि। | | | |
| | | 4. लखनऊः- सहायक मण्डल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ के खण्ड अनुभाग में समपार संख्या - 213, 211, 207, 205, 204, 219, 222, 8-सी आदि पर सड़क की सतह की मरम्मत और पानी की आपूर्ति। | | | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 15,26,91,993.13 | 2. Rs. 2,41,83,911.57 | | |
| | | 3. Rs. 2,08,49,093.95 | 4. Rs. 24,99,244.99 | | |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 9,13,500.00 | 2. Rs. 2,70,900.00 | | |
| | | 3. Rs. 2,54,300.00 | 4. Rs. 50,000.00 | | |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र0 सं0 01 के लियेः स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। | | | |
| | | क्र0 सं0 02 से 03 तक के लियेः स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह। | | | |
| | | क्र0 सं0 04 के लियेः स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। | | | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 15.11.2024 | | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 29.11.2024 15:00 बजे | | | |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। 3444/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### परीक्षार्थियों को त्रुटि सुधार के लिए 12 तक मौका

**अयोध्या, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में शामिल होने वाले हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों को माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आवेदन में त्रुटि सुधार का अंतिम मौका दिया गया है। डीआईओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बुधवार को बताया कि परीक्षार्थी 12 नवंबर तक आवेदन में अंकित विवरण में सुधार कर सकते हैं। साथ ही कक्षा 11 के पंजीकरण में दर्ज हाईस्कूल के त्रुटिपूर्ण अनुक्रमांक को संशोधित कर सकते हैं। संस्था के प्रधानाचार्य को छात्र का प्रवेश आवेदन पत्र, एसआर रजिस्टर की प्रमाणित प्रति, परीक्षार्थी का पहचान पत्र, कक्षा 9 व 11 का पंजीकरण प्रपत्र, हलफनामा, डीआईओएस द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित टीसी तथा आवेदन पत्र पर प्रधानाचार्य की संस्तुति सम्बन्धी समस्त प्रपत्र डीआईओएस कार्यालय में जमा करना होगा।

### डेंगू के 11 मरीज मिले

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में बुधवार को डेंगू के 11 मरीज मिले हैं। हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक नगर में 6, सोहावल में 3 व मसौधा में 2 मरीज मिले हैं। अब तक 432 मरीज मिल चुके हैं, जिसमें 414 ठीक हो चुके हैं। 18 अभी उपचाराधीन हैं।

### कैंपस प्लेसमेंट में 38 छात्रों को मिली नौकरी

**कुमारगंज अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में बुधवार को फार्मर फेस कंपनी ने छात्रों के प्लेसमेंट के लिए साक्षात्कार आयोजित किया। इसमें विभिन्न महाविद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक के 100 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कंपनी के निदेशक की ओर से कुल 38 छात्र-छात्राओं को चयनित कर उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया।

# रामलला के साथ होगी पंचवटी, रामेश्वरम में मौजूदगी की अनुभूति

## वर्चुअल रियलिटी के जरिए होगा दर्शन के साथ उस स्थान पर होने का अहसास ▶ एडीए ने शुरू की श्रीराम से जुड़े स्थानों के दुर्लभ दर्शन कराने की तैयारी

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या






आरजेबी मार्ग पर अयोध्या विकास प्राधिकरण के दुर्लभ दर्शन केंद्र पर वर्चुअल रियलिटी से श्री राम वन गमन यात्रा का दर्शन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अब अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ पंचवटी, रामेश्वरम जैसे स्थानों के दर्शन और वहां मौजूदगी की अनुभूति भी की जा सकेगी। यह सब संभव होगा वर्चुअल रियलिटी (वीआर) के जरिए। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। श्रीराम वन गमन स्थलों का वर्चुअल रियलिटी (आभासी वास्तविक) पर डेमों शुरू कराया है। जल्द ही श्रद्धालुओं को पूरी अयोध्या के दुर्लभ स्थानों के दर्शन के लिए इसके अन्य केंद्र खोले जाएंगे।

हनुमानगढ़ी से श्रीराम जन्मभूमि मार्ग स्थित राजद्वार पार्क के गेट पर दुर्लभ दर्शन केंद्र पर डेमो की व्यवस्था की गई है। आधुनिक तकनीक से सुसज्जित इस केंद्र में हेडफोन के जरिए श्रीराम वन गमन की अनुभूतिक पूरा यात्रा कराई जाती है। इसमें थ्री डी नियर-आई डिस्पले और पोज ट्रैकिंग का प्रयोग किया जाता है। इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके एक नकली दृश्य बनाया जाता है। दर्शकों को दृश्य इतना वास्तविक लगता है कि कई लोग वीआर से यात्रा के दौरान दुर्गम ऊंचे पहाड़ों के दृश्य के साथ यात्रा करते अपने को उसके इतना करीब पाते हैं कि गिरने के भय में चिल्लाने लगते हैं। शो रुकवा देते हैं। इस आभासी लेकिन वास्तविक यात्रा में तमसा तट के बाद श्रृंगबेरपुर, प्रयागराज में भारद्वाजमुनि के आश्रम के बाद चित्रकूट के अनुसूइया आश्रम के वास्तविक दृश्यों के साथ घटनाओं को दिखाया और इसके बारे जानकारी दी जाती है। नदियों, पहाड़ों के वास्तिवक दूश्य के साथ वहां मौजूदगी का अहसास होता है। पंचवटी, ऋष्यमूक पर्वत और रामेश्वरम की यात्रा के बाद श्रीराम के साथ अयोध्या वापसी होती है। यहां राम लला के दर्शन होते हैं। केंद्र के निदेशक हर्षित ने बुधवार को बताया कि राम गमन के साथ डेमो शुरू किया गया है। एडीए से अनुमति के बाद अयोध्या के विभिन्न स्थलों हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि में आरती, भरतकुंड, देवकाली, नागेश्वरनाथ जैसे स्थलों की शूटिंग करके इसको समाहित किया जाएगा। 10 से 15 मिनट की वर्चुअल रियलिटी शो में अयोध्या के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों के दुर्लभ दर्शन कराए जाएंगे। लगभग महीने भर में ऐसे कुछ नए केंद्र खोले जाने का प्रयास है।

### उज्जैन, वैष्णोदेवी सहित अन्य स्थानों पर चल रहे ऐसे शो

दुर्लभ दर्शन की व्यवस्था अयोध्या से पहले ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर मंदिर परिसर, काशी विश्वनाथ कारीडोर, मां वैष्णो देवी के भवन, शारदा देवी मंदिर परिसर के साथ ज्योर्तिलिंग ओंकारेश्वर मंदिर गेट के बाहर दुर्लभ दर्शन केंद्र की स्थापना की गई है। यहां श्रद्धालुओं को संबंधित स्थलों से जुड़े स्थानों के दुर्लभ दर्शन कराए जा रहे हैं।

> श्रद्धालुओं को रामलला के साक्षात दर्शन के साथ श्रीराम से जुड़े स्थानों के आभासी वास्तविक दुर्लभ दर्शन कराए जाने का प्रयास है। दुर्लभ दर्शन केंद्र के जरिए श्रीराम वन गमन का डेमो दिखाया जा रहा है। श्री राम जन्म भूमि मंदिर परिसर में शूटिंग के लिए अनुमति मांगी गई है। अनुमति के बाद राम मंदिर सहित अयोध्या के अन्य स्थानों की शूटिंग होगी। फिर पूरी अयोध्या के दुर्लभ स्थानों के वीआर के जरिए दर्शन की व्यवस्था की जाएगी। **-अश्विनी कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण।**

# एक माह पीछे चल रहा परिसर का निर्माण कार्य

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** दिवाली की छुट्टी पर गए श्रमिकों का आने का क्रम शुरू हो गया है। छठ के बाद राम जन्मभूमि परिसर में मंदिरों का निर्माण फिर शुरू कर दिया जाएगा। इसके पूर्व मंदिर निर्माण में किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र बुधवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने कार्यदायी संस्था एलएंडटी के अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन स्थलों का निरीक्षण किया। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि परिसर के निर्माण का काम एक माह पीछे चल रहा है।

उन्होंने बताया कि 100 से अधिक श्रमिक अयोध्या पहुंच भी चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य को प्रारंभ करने के लिए जितने मजदूरों की आवश्यकता है उतने नहीं हैं। जिस कारण निर्माण कार्य पूर्ण रूप से प्रारंभ नहीं हो सका है। परिसर में निर्माण कार्य के लिए लगने वाले पत्थरों को उनके उचित स्थान पर रखने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मंदिर के शिखर निर्माण के लिए गुजरात और राजस्थान के कारीगरों ने बुधवार से कार्य प्रारंभ कर दिया है।

### राम मंदिर में कल होगा गीत रामायण का आयोजन

**अयोध्या। अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम भक्तों को प्रभु के प्रति आस्था समर्पित करने के लिए विभिन्न क्षेत्र के लोगों को अवसर दिया जा रहा है। इसी क्रम में कल शुक्रवार 8 नवंबर को गीत रामायण का आयोजन दक्षिण भारत से आये कलाकारों के द्वारा किया जाएगा। मंदिर की व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि अलग-अलग क्षेत्र से आने वाले भक्त हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ, भरतनाट्यम, संगीत, वैदिक मंत्रों का पारायण करने वाले भक्तों को मंदिर परिसर के यज्ञशाला में स्थान दिया जा रहा है।

# मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य पर दर्ज करें केस

अयोध्या कार्यालय

▶▶ **कंप्यूटर ऑपरेटर प्रभुनाथ की मौत के मामले में कोर्ट ने अयोध्या कोतवाल को दिया आदेश**

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शननगर के प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, दो डॉक्टर व 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना करें। ये आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंशुमाली पांडेय की अदालत से बुधवार को कोतवाल अयोध्या को दिया गया है।

अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह ने बताया कि हैदरगंज थाना क्षेत्र के बिंदा मिश्र का पूरा पछियाना निवासी जगदीश चंद्र मिश्र का पुत्र प्रभुनाथ मिश्रा दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एक कंपनी के आउटसोर्सिंग के माध्यम से कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर 2019 से कार्यरत था। 29 जुलाई को सुबह 11:30 बजे वह अपनी ड्यूटी पर था। इस समय मेडिकल कॉलेज की 2020 बैच की छात्रा रितु व निर्मला कुमावत बलपूर्वक बिना लाइन के उसकी केबिन के अंदर घुसकर रजिस्ट्रेशन पर्चा काटने का प्रयास व दबाव बनाने लगीं। प्रभुनाथ ने दोनों से लाइन में लगकर पर्चा कटवाने को कहा। इस पर वह दोनों 10-12 अज्ञात सामाजिक तत्वों व अन्य अज्ञात डॉक्टर के साथ मौके पर आ गईं और प्रभु नाथ को मारा पीटा। प्रभुनाथ ने घर पहुंचने पर अपने पिता से पूरी बात बताई और शिकायत मेडिकल कॉलेज प्रशासन से भी की। इस संबंध में जांच कमेटी बनाई गई। आरोप है कि जांच कमेटी ने मामला विभागीय होने के नाते कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद रितु व निर्मला कुमावत उनके गैंग के सहयोगी डॉक्टरों द्वारा शिकायत वापस लेने व माफी मांगने के लिए गाली-गलौज व जानलेवा धमकी दी गई। इसकी शिकायत प्राचार्य ज्ञानेंद्र कुमार से की तो उन्होंने प्रभुनाथ को अपने कमरे में बुलाकर दोनों छात्राओं से माफी मांगने को कहा। अन्यथा की दशा में छेड़खानी व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम करवाने की धमकी दी। माफी न मांगने पर प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने 7 अगस्त को प्रभुनाथ को बुलाकर माफी न मांगने पर नौकरी से निकलवा देने और झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवा देने की धमकी दी।

# 16 मंडल के खिलाड़ी कर रहे प्रतिभाग

**हैंडबाल प्रतियोगिता**

संवाददाता, अमेठी



हैंडबाल प्रतियोगिता की शुरुआत करते जिलाधिकारी व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिसका बुधवार को जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई भी जरूरी है आप लोग पढ़ाई पर भी ध्यान दें उसमें भी कड़ी मेहनत करें। इस अवसर पर डीएम ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। उप क्रीड़ाधिकारी मुशर्रफ़ खां ने बताया कि प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में किया जा रहा है यह प्रतियोगिता 6 से 9 नवंबर 2024 तक आयोजित की जाएगी इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 16 मंडल के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं प्रतियोगिता का समापन 9 नवंबर 2024 को किया जाएगा जिसमें विजेता टीम को पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ अब्दुल हमीद ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अयोध्या मंडल अयोध्या चंचल मिश्रा, मंडल सचिव हैंडबॉल संघ प्रमेंद्र सिंह, इंटरनेशनल कोच मोहम्मद तौहीन, सहसचिव उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ अमित पांडे, जिला ओलंपिक संघ अमेठी संदीप सिंह, उप क्रीड़ाधिकारी अमेठी शमीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# मारपीट में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**जगदीशपुर, अमेठी:** जमीनी विवाद के चलते घास छीलते समय पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी देखते देखते लाठी डंडे व धारदार हथियार से एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसे स्थानीय सीएचसी पहुंचाया गया चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल वृद्ध को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी हासिल करते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी।

भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के पूरे मतन पासी मजरे कंजास गांव में जमीनी विवाद के चलते घास छील रहे पिता पुत्र को दूसरे पक्ष ने मना किया जिसको लेकर पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी देखते देखते लाठी डंडे व फावड़े चलने लगे जिसमें राज बहादुर पासी पुत्र विशेश्वर विशेश्वर पासी पुत्र राम पाल पासी गंभीर रूप से घायल हो गए।

# धूमधाम से निकली गई कलशयात्रा

मुसाफिरखाना, अमेठी



कलशयात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा दादरा में विनय प्रकाश तिवारी के यहां सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। मण्डप पूजन के बाद कलश यात्रा निकाली गई जिसमें आसपास के लोग शामिल हुए। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ जयकारा लगाते सर पर कलश रखे महिलाओं के समूह से माहौल भक्ति मय हो गया। कलश यात्रा माँ हींगलाज धाम एवं बाबा पुरूषोत्तम दास होते हुए गोमती नदी के पावन तट से जल भर कर वापस कलश यात्रा का समापन हुआ।वृन्दावन से पधारे कथा वाचक भूपेंद्र जी महाराज अपने मधुर आवाज में श्रीमद् कथा भागवत कथा श्रवण करायेंगें।

बुधवार को पूजा अर्चना के साथ क्षेत्र की सैकड़ो महिलाएं सज धज कर सर पर कलश लेकर यात्रा पर निकली। गाजे बाजे की धुन पर लोग जयकारा लगाते नजर आए कथा को लेकर क्षेत्र वासियों में जबरदस्त उत्साह नजर आया। यहाँ क्षेत्रवासी भक्ति गानों पर भारी संख्या में महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग थिरकते नजर आये। इस कार्यक्रम में कथा के मुख्य यजमान राम दुलारे तिवारी सपत्नीक, राम सुधारे तिवारी, विनय प्रकाश तिवारी कृपा शंकर सिंह पूर्व प्रधान उमेन्द्र सिंह, अंजनी श्रीवास्तव विजय प्रताप सिंह उर्फ मिंटू तथा रवि तिवारी रहे।

# विद्यालय भवन का किया लोकार्पण

शुक्ल बाजार, अमेठी



विद्यालय भवन के लोकार्पण अवसर पर मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शिक्षा की रफ्तार को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार कटिबद्ध हैं वही जनपद अमेठी में संविलित विधालय ठाकुर गंज मे नवीन भवन का लोकार्पण जगदीशपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक सुरेश पासी द्वारा संपन्न हुआ विधायक सुरेश पासी ने कहा की बेहतर शिक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। बच्चे पढेगे तभी तो आगे बढेगे योगी आदित्यनाथ जी की सरकार शिक्षा क्षेत्र में बेहतर बनने के लिए कटिबद्ध हैं विद्यालय को हर सुबिधा से लैस किया जा रहा है। संविलिट विद्यालय ठाकुर गंज इन्द्रियां 19 में से 18 पैरामीटर से संत्रप्त है बच्चों को बेहतर शिक्षा बेहतर शैक्षिक परिवेश और माहौल मिल सके जिसके लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। लोकार्पण के अवसर पर मंच का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर अजय त्रिपाठी द्वारा किया गया इस अवसर पर में एआरपी विक्रमादित्य तिवारी राहुल पांडेय वासुदेव शुक्ल अमर बहादुर राघवेन्द्र तिवारी शिवकुश किरण कुमारी पूर्णिमा आलोक सूरज कुमार डम्पीपाल धर्मेंद्र यादव अमर बहादुर तिवारी अध्यापक राहुल पाण्डेय अध्यापक डंपी पाल आदि मौजूद रहे।

# एडीओ पंचायत को दी गई विदाई

**संग्रामपुर, अमृत विचार :** विकासखंड संग्रामपुर में सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत राकेश द्विवेदी के विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इसमें संग्रामपुर एडीओ पंचायत लाल शशिकांत सिंह और ग्राम सचिव प्रवीण त्रिपाठी शामिल हुए। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह टोंटी व समाजसेवी बृजेश सिंह बंटी ने पूर्व एडीओ पंचायत को माल्यार्पण कर उनको उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं ब्लॉक परिसर में सभी अधिकारियों और एडीओ पंचायत संग्रामपुर ने राकेश द्विवेदी को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर प्रदीप सिंह सोनू, अरविंद सिंह छोटकऊ आदि रहे।

# बहादुरपुर में किसान गोष्ठी का आयोजन

फुरसतगंज, अमेठी




कृषि गोष्ठी को संबोधित करते अनिल कुमार गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकासखंड बहादुरपुर में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय किसान गोष्ठी एवं अध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश बहादुर सिंह ने की

किसान गोष्ठी के तहत जिला मुख्यालय से पधारे अनेक वक्ताओं ने अपने सुझाव किसने को दिए जिसमें भूमि संरक्षण अधिकारी अमेठी संदीप कुमार ने किसानों को भूमि को सुधारने के अनेक उपाय बताएं वहीं रवि किसान गोष्ठी के तहत प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार अनिल कुमार गुप्ता ने किसानों को तकनीकी जानकारी देते हुए गेहूं चना मटर आज के बीजों को बीज शोधन, पीएसबी कल्चर, ट्राइकोडर्मा आदि से बीज शोधन कर बुवाई के अनेक तरीके बताएं वहीं इफको जयस के सहायक प्रबंधक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने डीएपी खाद एवं यूरिया खाद की उचित मात्रा के बाबत किसानों को विशेष जानकारी दी

कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के वैज्ञानिक लाल पंकज ने किसानों को पराली जलाने के नुकसान व परली के उपयोग की विशेष जानकारी देते हुए बुवाई की नई-नई तकनीक व शोधित बीज के बारे में विशेष जानकारी दी उद्यान विभाग से आए संतराम जी ने किसानों को सब्जी के बीजों की उपलब्धता के बाबत विशेष जानकारी दी इस गोष्ठी में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता सुखदेव ने खाद की उपलब्धता के बाबत विकासखंड के तहत स्थित पांच समितियां में डीएपी भरपूर बताया साथ ही कहा की किसानों को प्रति एकड़ एक बोरी डीएपी का ही प्रयोग करना चाहिए अधिक मात्रा में डालने से फसल को नुकसान हो सकता है इसी गोष्ठी के तहत पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशुतोष वर्मा ने पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बाबत विधिवत जानकारी दी इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी अमेठी हरिओम मिश्रा भूमि संरक्षण अधिकारी अमेठी संदीप कुमार उद्यान निरीक्षक संतराम श्रीकृष्ण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन सड़कों का किया निरीक्षण

संवाददाता, अमेठी



**अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष अग्रहरि ने आज पनियार, मुसाफिरखाना, और जामों में निर्माणाधीन सड़कों का औचक निरीक्षण किया और टेक्निकल टीम के साथ गुणवत्ता की जांच की

जिला पंचायत अध्यक्ष फिलहाल आए दिन इस तरह की चेकिंग करते रहते हैं क्योंकि उनका मानक पर विशेष जोर है उनकी मंशा रहती है कि विकास के जो भी काम हो अच्छे हो और मानक के तहत, इसी क्रम में आज उन्होंने पनियार के पूरे रामदत्त, माना मदनपुर मुसाफिरखाना, पलिया पूरब मुसाफिरखाना और पूरे अयोध्या शुक्ल जामों में निर्माणाधीन सड़कों का औचक निरीक्षण किया जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ जिला पंचायत के अधिकारियों के साथ ही इंजीनियर भी मौजूद रहे जिला पंचायत अध्यक्ष ने टीम के साथ सड़कों की खुदाई करा कर गुणवत्ता की जांच की।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मानक से कोई समझौता नहीं हो सकता है उनका प्रयास है ऐसी सड़के बनाई जाए जिन पर 20 साल तक कोई काम न करना पड़े यही सरकार की मंशा है यही जिला पंचायत का प्रयास है ना खायेंगे ना खाने देगे के फार्मूले पर वह काम कर रहे हैं और जिस भी ठेकेदार ने इसमें किसी भी तरह की लापरवाही की उसके लिए जिला पंचायत के दरवाजे बंद हो जाएंगे और भुगतान भी नहीं होगा।

# दुर्घटना को दावत दे रहा संपर्क मार्ग, अफसर मौन

**जगदीशपुर, अमेठी:** सम्पर्क मार्ग से सीधे फोरलेन पर चढने से आए दिन दुर्घटनायें घटित हो रही हैं,और लोग चोटहिल व जान भी गवाँ रहे है,क्षेत्र वासियों के द्वारा कई जन-प्रतिनधियों से शिकायतों की गई परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई,

मामला चहेती नगर के पास बने फोरलेन से बाबा सिद्धेश्वर धाम हरगांव मार्ग का है, जो मार्ग सीधे फोरलेन से जुडी है, जिस पर आए दिन दुर्घटनायें हो रही है,यहां तक की हाल मे ही दुलापुर निवासी नन्दलाल की बाइक से फोरलेन पर चढ़ते ही अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई . इस मार्ग पर सियारबासा, इटरौर, पूरे दलेल, पूरे विस्मिल्लाह, पूरे मंजूर साह, वलीपुर, दुलापुर, पूरे राघव पंडित, डीघा कमालपुर सहित दर्जनों गांव हैं, जिनका मुख्य मार्ग मात्र यही यही है,इस मार्ग से सैकड़ो स्कूली बच्चे प्रति दिन जान जोखिम मे डालकर रोड पर चढ़ते हैं, और उलटी दिशा मे चलते हैं,जिसे देख कलेजा कांप जाता है कि कहीं कोई दुर्घटना न हो जाए।

# नेशनल एचीवमेंट मॉक परीक्षा का आयोजन

संवाददाता, अमेठी



परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले भर में लगभग 90 फीसदी छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास सत्र छात्रों की आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें वास्तविक परीक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार करने में सहायक साबित होंगे। इसके अलावा, विद्यार्थियों को आगामी शिक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। परीक्षा का आयोजन दोपहर 12 से 2 बजे तक किया गया, जिसमें जनपद के लगभग 90 फीसदी छात्रा छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। परीक्षा का निरीक्षण विभिन्न जनपद एवं विकास खंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया गया। विकास खंड गौरीगंज में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय पहाड़पुर का निरीक्षण जिला विकास अधिकारी द्वारा किया गया जहां वे बच्चों से सवाल जवाब करते हुए नजर आए। सभी बच्चों द्वारा सवालों के सही जवाब देने पर संतोष जाहिर किया गया। ए डी ओ पंचायत जगदीशपुर द्वारा प्राथमिक विद्यालय लोनहट, सी डी पी ओ अमेठी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय लोनियापुर, जे ई एम आई अजय शुकुलबाजार द्वारा प्राथमिक विद्यालय पूरे झाऊ एवं दाखिनगांव क्यार का निरीक्षण किया गया। विकास खंड भादर एवं भेटुआ में 91 प्रतिशत से अधिक छात्रा छात्राओं द्वारा परीक्षा में प्रतिभाग किया गया। परीक्षा का परिणाम 8 नवंबर 2024 को जारी किया जाएगा।

एक नजर

## जिलाधिकारी ने शुरू कराई धान खरीद

**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने एडीएम वित्त राजस्व शिव प्रताप शुक्ला के साथ बुधवार को नगर के जंगीरोड स्थित मंडी समिति में क्रय केंद्र पर धान खरीद का आरंभ किया। केंद्र पर धान बेचने पहुंचे किसान का माल्यार्पण कर अपरजिलाधिकारी ने स्वागत किया। इस अवसर पर आरएफसी आर बी प्रसाद, डिप्टी आरएमओ संजीव कुमार सिंह, केंद्र प्रभारी राजकुमार सिंह, नारायण जी दुबे रहे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**नरायनपुर (मिर्जापुर)।** अदलहाट थाना के प्रतापपुर गांव के सामनेबुधवार को सुबह सवा नौ बजेमालगाड़ी ट्रेन की चपेट मेआनेसेअधेड़ की मौत हो गई ।पुलिस नेशव को पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया। शव मिलनेकी रेलवे कर्मचारी की सूचना पर मौके परपहुंचेपुलिस चैकी नरायनपुर इंचार्जजयदीप सिंह नेबताया कि अदलहाट थाना क्षेत्र के ग्राम सोनई निवासी 56 वर्षीय अशोककुमार सिंह पुत्र लालमन अपनेमामा सेमिलनेपरसोधा बाजार जा रहेथे। प्रतापपुर गांव के सामनेरेलवेट्रैक पार करतेसमय डाउनलाइन पर आ रही मालगाड़ी ट्रेन की चपेट मेआ गए। जिससेउनकी मौके पर ही मौत हो गई ।घटना की जानकारी होतेही परीजनमौके पर पहुंच गए ।मृतक के पुत्र अभिषेक सिंह नेबताया पिता को न्यूरोलॉजी सम्बंधित समस्या थी, जिसका इलाज चल रहा था ।खेती किसानी सेही परिवार का भरण पोषण करतेथे ।नरायनपुर पुलिस नेशव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस चुनार को भेजदिया।

## ब्राह्मण परिषद का महासम्मेलन 10 को

**प्रयागराज, अमृत विचार :** संघे शक्ति कलयुगे का भाव आवश्यक हो गया है। सभी ब्राह्मण भाइयों को एक मंच पर आने की जरूरत है जिससे हमारा समाज एक साथ सम्मान के साथ खड़ा हो सके। उक्त बातें ब्राह्मण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा ने बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। आगामी 10 नवंबर को ब्राह्मण परिषद बड़े पैमाने पर महासम्मेलन करने जा रहा है। जिसमें कई राज्यों से ब्राह्मण समाज के लोग यहां शामिल होंगे। यह सम्मेलन सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार और समाज को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है।

## युवक ने फंदे से लटक कर जान दी

**बारा/नैनी/प्रयागराज :** बारा थाना क्षेत्र अंतर्गत डेरा गांव के विजय शंकर साहू 22 पुत्र राजधर साहू ने घर के अन्दर पंखे के चुल्ले में साड़ी से फंदा बनाकर उसमें झूल गया। इससे उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। मृतक दो भाईयों में छोटा था और अविवाहित था। पिता राजधर ने बताया कि बड़ा पुत्र बाहर रहता है। चौकी प्रभारी गन्ने ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## व्यापारी समाज के लिए हो एमएलसी, सौंपा मांगपत्र

**प्रतापगढ़ :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार को सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य को मांग पत्र सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष उमा प्रकाश अग्रहरि, कोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी, उपाध्यक्ष दिनेश जायसवाल, अनिल कुमार, दीपू सिंह आदि ने ज्ञापन में बताया कि 36 लाख पुजीकृत व्यापारियों के क्षेत्र अवध,काशी, कानपुर, बुंदेलखंड,पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र में शिक्षक एमएलसी के तर्ज पर व्यापारी समाज के लिए सदस्य विधान परिषद होना चाहिए। 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस घोषित करने सहित पांच सूत्रीय मांगों पर जल्द विचार करने की मांग की गई है।

# आज बेल्हा आ सकते हैं सीएम योगी

कार्यालय संवाददाता, प्रतापगढ़

▸▸ कल उतरेगा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का उड़नखटोला

**अमृत विचार :** प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ गुरुवार को प्रतापगढ़ आ सकते हैं। वह पूर्व जल शक्ति मंत्री,एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह के करमाही स्थित पैतृक आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होंगे। जबकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव शुक्रवार को आएंगे। दो मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस - प्रशासन अलर्ट है।

बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लॉक के करमाही गांव में एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह के घर पर जगद्गुरू स्वामी राघवाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा चल रही है। जिसमें शामिल होने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ सकते हैं,हालांकि अभी तक लिखित कार्यक्रम नहीं आया है,मगर उनके प्रतापगढ़ आगमन की जानकारी मिलने के बाद हेलीपैड निर्माण का काम तेजी से कराया गया। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर आईजी रेन्ज प्रयागराज प्रेम गौतम,एसपी डॉ.अनिल कुमार,एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा के साथ अधिकारियों ने गांव का दौरा किया। सूबे के पूर्व जलशक्ति मंत्री और एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह के घर के निकट हेलीपैड निर्माण की तैयारियों का जायजा लिया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर हेलीपैड का निरीक्षण करते आईजी रेंज प्रयागराज प्रेम गौतम व एसपी डॉ. अनिल कुमार। अमृत विचार

मुख्यमंत्री के आगमन की खबर मिलते ही जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव हेलीकॉप्टर से शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे प्रतापगढ़ पहुंचेंगे। ड्यूटी को लेकर बुधवार को पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग की गई।

## मांगों को लेकर तीसरे दिन भी गरजे बिजली कर्मी

**प्रतापगढ़ :** अधीक्षण अभियंता के कार्यालय के बाहर बुधवार को उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के नेतृत्व में संविदाकर्मियों ने मांगों पर आवाज बुलंद की। संघर्ष समिति की ओर से आरोप लगाया गया है कि उपकेंद्र के कर्मचारियों के नवीनीकरण में एजेंसी से लेकर अधिकारी भी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। बिना प्रशिक्षण प्राप्त लोगों को उपकेंद्र पर तैनाती दी जा रही है। शहर के साथ ही गांव तक विद्युत उपकेंद्र पर कर्मचारियों को सुरक्षा किट नहीं मुहैया कराई गई है। दुर्घटना में शिकार मृत कर्मचारियों के परिजनों को समय पर आर्थिक सहायता नहीं मिल रही है। कर्मचारियों का मानदेय बढ़ोत्तरी नहीं किया जा रहा है। लगातार संगठन की शिकायतों पर विद्युत निगम के अफसरों ने निस्तारण में रुचि नहीं दिखाई है। संगठन ने चेताया है कि मांग पूरी नहीं हुई तो कार्य बहिष्कार कर आंदोलन को बाध्य रहेंगे।

# महाकुंभ में हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी

## एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर चलाएगी अभियान

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर प्रॉब्लम से निपटने की दी जाएगी ट्रेनिंग

▸▸ श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए टीबी सप्रू और स्वरूपरानी अस्पताल को किया जा रहा अपग्रेड

**अमृत विचारः** महाकुंभ 2025 के वृहद आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रही है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में परिंदा भी पर न मार सके, इसके लिहाज से स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं। महाकुंभ से पहले केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर प्रॉब्लम से निपटने के लिए भी टीम को तैयार कर लिए जाने की योजना है। इसके लिए बाकायदा कर्मचारियों को हर आपदा से निपटने की विधिवत ट्रेनिंग दी जाएगी।




यही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए भी प्रयागराज के अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपग्रेड करने में लगे हैं। इसके तहत कर्मचारियों को महाकुंभ में हर आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

### श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट की भी व्यवस्था

संयुक्त निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य) प्रयागराज वीके मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ के दौरान स्वास्थ्य विभाग सभी इंतजाम पुख्ता करने में जुटा है। महाकुंभ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए टीबी सप्रू और स्वरूपरानी अस्पताल को तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम के साथ स्वास्थ्य कर्मियों के मिलकर काम करने की योजना बनाई गई है। सनातन धर्म के सबसे बड़े आयोजन के दौरान हर एक श्रद्धालु को केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर संबंधी हर प्रॉब्लम से सुरक्षित रखने के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

### अनुभवी चिकित्सकों की होगी तैनाती

महाकुंभ के दौरान देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 291 एमबीबीएस व स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। इसके अलावा 90 आयुर्वेदिक और यूनानी विशेषज्ञ भी इस अभियान में सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। साथ ही 182 स्टॉफ नर्स इन चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जरूरतमंदों के स्वास्थ्य की देखभाल करेंगी। इस प्रक्रिया में ज्यादातर अनुभवी चिकित्सकों को ही महाकुंभ के दौरान तैनाती दी जा रही है। मेले में आने वाले दर्शनार्थियों के स्वास्थ्य के लिए खासा ध्यान दिया जाएगा।

# विद्युत उपकेंद्र में लगी भीषण आग, 50 गांवों की बिजली गुल

**बारा, प्रयागराज, अमृत विचारः** बारा क्षेत्र विद्युत उपकेंद्र में बुधवार को अचानक भीषण आग लग गई। जिसके बाद ऊंची लपटे उठने लगी और मुख्य ट्रांसफार्मर सहित विद्युत पूरा उपकेन्द्र धू-धू कर जलने लगा। आग लगने के बाद आसपास के 50 गांव में बिद्युत सप्लाई बंद कर दी गयी। आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई। मौके पर रहे कर्मचारियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना के वक्त मौके पर विद्युत विभाग के अधिकारी भी पहुंचे रहे।



बारा उपकेंद्र मे लगी भीषण आग को बुझाते अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

▸▸ मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने शुरू किया आग को बुझाने का कार्य

यमुनानगर के बारा अंतर्गत लगे विद्युत उपकेंद्र में भीषण आग लग गयी। आग लगने के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। बारा क्षेत्र में बने विद्युत उपकेंद्र लगे 10 केवीए के ट्रांसफार्मर में बुधवार को अचानक भीषण आग लग गयी। आग लगते ही मौके पर हड़कंप मच गया। चारो तरफ अफरा तफरी मच गयी। मौके पर उपकेंद्र में रहे कर्मचारी भागकर बाहर निकल आये। अफरा-तफरी के दौरान सूचना अधिकारियों और फायर स्टेशन को दी गयी।

इसके बाद मौके पर विभागीय अधिकारी और फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां पहुंची। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के ट्रांसफार्मर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। मौके पर रहे सुप्रीडेंट इंजीनियर लोकेश चंद्र ने बताया कि ट्रांसफार्मर से आयल निकल रहा था। जिसकी वजह से आग लग गयी है। आग से काफी नुकसान हुआ है।

### देर रात तक शुरू न हो सकी विद्युत आपूर्ति

आग लगने ने बाद ट्रांसफार्मर जल गया। जिसके बाद विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई। यह रहा कि किसी दूसरे ट्रांसफार्मर से सप्लाई दी जाएगी। लेकिन 10 घंटे तक गांव में आपूर्ति बाधित रही। स्थानीय लोगों के मुताबिक सुबह 10 बजे आग लगी। थोड़ी देर के बाद अधिकारी पहुंचे। आग बुझाने के बाद देर शाम तक सप्लाई नहीं शुरू की गई।

## गिरिनार की परिक्रमा 12 नवंबर से

**प्रयागराज।** गुजरात के जूनागढ़ में भगवान गिरिनार की परिक्रमा और चार दिवसीय विशाल मेला 12 नवंबर से शुरू होकर 16 नवंबर तक चलेगा। इस परिक्रमा में देश से बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। चार दिवसीय गिरिनार की परिक्रमा के विशाल मेले में प्रतिदिन लाखों लोग भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं। मेला आयोजन समिति के व्यवस्थापक जूना अखाड़ा के जगद्गुरु शंकराचार्य गुजरात पीठाधीश्वर महेंद्रानंद गिरी महराज ने बताया कि भगवान गिरिनार की परिक्रमा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। यह स्थली श्रीकृष्ण की लीला भूमि रही है ऐसे में देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु शामिल होने के लिए जूनागढ़ आते है।

# अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देकर शुरू होगी छठ पूजा

**प्रयागराज, अमृत विचारः** लोक आस्था का महापर्व छठ मंगलवार से शुरु हो गया। चार दिवसीय व्रत में व्रतियों ने पूजा-अर्चना कर छठ व्रत का संकल्प लिया। चने की दाल और लौकी की सब्जी को प्रसाद के रूप में ग्रहण कर व्रत की शुरुआत की। बुधवार को खरना में खीर का प्रसाद बनाकर छठी मैया को भोग लगाया। गुरूवार की शाम व्रती महिलाएं घाट पर नदी के किनारे डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन की शुरआत करेगी।

बिहार और पूर्वांचल में पुत्र की दीर्घायु की कामना के लिए मनाए जाने वाला लोक आस्था के महापर्व डाला छठ मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। बुधवार को खरना में शाम को गुड़ और चावल की खीर बनाकर छठ मईया को भोग लगाया जाएगा।

### अधिकारियों ने घाट का किया निरीक्षण

डाला छठ महापर्व को लेकर संगम, बलुआघाट सहित अन्य घाटों पर अधिकारियों ने निरीक्षण किया। घाटों पर विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। साफ-सफाई का काम लागातार चल रहा है। पूजन के लिए गुरूवार की शाम और शुक्रवार घाटों पर भारी भीड़ उमड़ेगी। घाट पर पूजन के लिए जमीन को समतल करा दिया गया है।

# किन्नर संत आज डूबते सूर्य को देंगी अर्घ्य

**प्रयागराज, अमृत विचार :** उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और उप्र किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि (टीना मां) और बड़ी संख्या में उनके शिष्यों ने छठ का व्रत रखा है। आज दूसरे दिन भगवान सूर्य का पूजन कर खरना का प्रसाद लिया।

गुरुवार की शाम को बड़ी संख्या में किन्नर शिष्यों के साथ उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और उप्र किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि के नेतृत्व में डुबते हुए भगवान सूर्य को संगम पर शाम चार बजे अर्घ्य देने के बाद शुक्रवार को सुबह भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर जलपान करेंगे। महामंडलेश्वर



महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिष्यों ने रखा छठ व्रत।

स्वामी कौशल्यानंद गिरि ने कहा कि इस व्रत के माध्यम से भगवान सूर्य और छठी मईया से कामना करती हूं कि वह विश्व का कल्याण करें, लोगों की उन्नति हो और शिष्यों की कामनाएं पूर्ण हो और उनका कल्याण हो। इस दौरान किन्नर शिष्यों में श्रीमहंत संजनानंद गिरि, संध्या, माही नंद गिरि, राधिका, दीवानी, सनाया, रेखा, मोहिनी, अनुष्का, पलक, विशाखा, पप्पी, नगमा सहित बड़ी संख्या में शिष्य थी।

सार-संक्षेप

## मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से निकाली सड़क सुरक्षा रैली



**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की ओर से बुधवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकाली गई। कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। संस्थान में गठित सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में रैली गंगा परिसर से लेबर चौराहा, शांतिपुरम तक गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में यातायात नियमों के प्रति जन मानस में जागरूकता लाने के लिए शपथ दिलाई एवं हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया।

## जूनागढ़ से महाकुंभ में आएंगे 307 दलित संन्यासी

**प्रयागराज।** सनातन धर्म के संरक्षण, प्रचार-प्रसार और उसकी महत्ता के बारे में बच्चों को जानकारी देने के लिए संत, महात्मा लगे हुए हैं। श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के जूनागढ़ के जगद्गुरु शंकराचार्य गुजरात पीठाधीश्वर महेंद्रानंद गिरी महराज ने सनातन धर्म के संरक्षण के लिए सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने 907 संन्यासी बनाए हैं इसमें से 370 संन्यासी दलित समाज के है। इन सभी को सनातन धर्म के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। सनातन धर्म के सभी कर्मकाण्ड सहित अन्य जानकारी है। जगद्गुरु शंकराचार्य गुजरात पीठाधीश्वर महेंद्रानंद गिरी महराज ने बताया कि उनका बचपन से सनातन धर्म की ओर रुझान था। उन्होंने बताया कि पूज्य गुरुदेव श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के संरक्षक और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी हरिगिर महराज के सानिध्य में आने के बाद और उनकी प्रेरणा से सनातन धर्म के लिए कार्य शुरू किया।

## प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़ 50 हजार की चोरी

**जिगना (मिर्जापुर)।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के गैपुरा चैकी अंतर्गत खम्हरिया दमुआन गांव के प्राथमिक विद्यालय मेंमंगलवार की रात चोरों ने रसोई घर का ताला तोड़कर 50 हजार का माल पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन मेंजुट गई है। प्रधानाध्यापक हिमांशु सिंह ने बताया कि वह सुबह नौ बजे स्कूल पहुंचे तो रसोई घर का ताला टूट कर जमीनपर पड़ा था। चोरों ने 80 बच्चों की थाली व अन्य बर्तन के अलावा एक कुंतल अनाज, दो गैस सिलेंडर, कूकर, स्टील की टंकी व स्टेबलाइजर पर हाथ साफ कर दिया था। यहां पहले भी सबमर्सिबल पंप सहित अन्य सामान पहलेही चोरी हो गया था। तीन बार चोरी की घटनाएं हुई। चोरों का पता लगाने में पुलिस नाकाम है। गांव के उत्तर बस्ती से दूर बगीचे में स्थित विद्यालय में चोरी की घटनाओं से अध्यापक परेशान हैं।

## बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर मानव कल्याण संभवः आशीष

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के चक कोटार बीरपुर पहड़ी पर बुधवार को सम्राट अशोक वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में 13 वां विशाल बौद्ध महोत्सव का आयोजन किया गया। बौद्ध महोत्सव के मुख्य अथिति कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने बुद्ध के मूर्ति पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्वलित कर बौद्ध महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि भगवान बुद्ध के बताए गये मार्ग पर चलकर ही विश्व शांति व मानव कल्याण संभव है। विधायक रिंकी कोल ने कहा कि बुद्ध ने कहा है कि इंसान जैसा सोचता है जैसी उसकी सोच होती है वह वैसा ही बन जाता है और ब्रमांड में कुछ नष्ट नही होता सब कुछ बदलता है कारण व अभाव का नियम है। बौद्ध महोत्सव की अध्यक्षता पूर्व प्रधान भटवारी लालजी मौर्या व संचालन केपी शाक्य ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया है। इस मौके पर राकेश मौर्य,दामोदर प्रसाद मौर्य, सूरज मौर्य,संस्थापक राजमणि मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## पुरा छात्र की सफलता पर हर्ष, किया सम्मानित




**प्रतापगढ़ :** डॉल्फिन पब्लिक स्कूल छीटपुर दिलीपपुर में बुधवार को पुरा छात्र यूपीएससी 2023 में चयनित पवन पाण्डेय और नीट 2024 में सफलता पाने वाले सौम्य गुप्ता को सम्मानित किया गया। सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालयव में आयोजित सम्मान समारोह में प्रबंधक अनिल त्रिपाठी, प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने पवन पाण्डेय और सौम्य गुप्ता का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उनकी उपलब्धि को विद्यालय के लिए एक गौरवशाली क्षण बताया। इस अवसर पर पवन पाण्डेय ने कहा कि सफतला के लिए निरंतर अध्ययन की आवश्यकता है। सौम्य गुप्ता ने भी अपने अनुभवों को रखा। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य आशीष, महावीर प्रसाद तिवारी, इति पाण्डेय, पीयूष शुक्ल, ज्ञानेन्द्र शुक्ल, कौशल शुक्ल, प्रखर शुक्ल मौजूद रहे।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में एसवीएम कॉलेज ने दर्ज की जीत



राज्य विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनीता यादव के साथ वालीबॉल प्रतियोगिता के प्रतिभागी खिलाड़ी एवं शिक्षकगण। अमृत विचार

**प्रतापगढ़ :** प्रो .राजेन्द्र सिंह ( रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज की अन्तर महाविद्यालयीय वालीबॉल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में एसवीएम पीजी कॉलेज लालगंज ने एमएमपीजी कालाकांकर की टीम को दो सेटों में 15 -09, 15 - 11 से शिकस्त दी। महिला वर्ग में भी एमडीपीजी को हराकर एसवीएम की टीम विजेता रही। उद्घाटन मैच में पीबीपीजी कॉलेज ने एमडीपीजी कॉलेज की टीम ने 15 - 11 और 15 - 05 से पराजित किया। विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉ .विनीता यादव ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

छठ पूजा

आज सायंकाल सैकड़ों महिलाएं डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगी

# चौकियां धाम में पवित्र कुंड व घाट की हुई साफ-सफाई

कार्यालय संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार।** मां शीतला चौकियां धाम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा पूर्व का आयोजन मन्दिर के बगल में स्थित पवित्र कुंड में किया जाएगा। पवित्र कुंड की साफ-सफाई कार्य नगर पालिका कर्मियों द्वारा किया गया।

कुंड में चूने का छिड़काव किया गया। कुंड में पानी अधिक होने के कारण पम्प लगाकर पानी को कम किया गया जिससे महिलाएं पवित्र कुंड में खड़ी होकर पूजन कर सके। वहीं व्रती महिलाओं ने घाट की सीढ़ियों पर पूजन के लिए मिट्टी से बेदी बनाई। चौकियां धाम की छठ पूजा की मुख्य आयोजिका लालमनि मालिन ने बताया कि इस बार छठ पूजा पर्व बृहस्पतिवार की सायं सैकड़ों महिलाएं डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगी।



शुक्रवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगी। छठ पूजन के बारे में बताया कि छठ पर्व सूर्योपासना का अमोघ अनुष्ठान है जिससे समस्त रोग, शोक, संकट और शत्रु नष्ट होते हैं तथा संतान की प्राप्ति कर मनोवांछित फल से कल्याण होता है। छठ पूजा का उल्लेख कई पुराणों में मिलता है।

मान्यता है कि माता सीता ने भी छठ का व्रत रखा था। इसके अलावा महाभारत काल में द्रौपदी ने भी छठ पूजा की थी। छठ पूजा में सभी प्रकार की ऊर्जा और जीवन के स्रोत के रूप में सूर्य का सम्मान किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि सूर्य की ऊर्जा बीमारियों को ठीक करने, सुख, समृद्धि लाने और कल्याण करने में मदद करती है। छठ पूजन के दौरान श्रद्धालु स्वास्थ्य, समृद्धि और आनन्द के लिये आशीर्वाद मांगने के लिए सूर्य को अर्घ्य देते हुए और छठी मैया की पूजा करते हैं।

# गायत्री माता के जयकारे से गूंजा क्षेत्र

**जौनपुर, अमृत विचारः** दिव्य गायत्री मंदिर एवं गोसाई बीर बाबा धाम इंडियन पेट्रोल टंकी के पूरब सुजानगंज में पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिन गायत्री परिवार के आचार्यों द्वारा विधि-विधान से कलश पूजन कराकर गायत्री भक्तों एवं सरोज विधाशंकर ग्रूप आफ कालेज एवं महाविद्यालय के आचार्यों एवं छात्राओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली गयी।

गायत्री शक्तिपीठ से प्रारम्भ होकर फरीदाबाद, श्री गौरीशंकर धाम, बालवरगंज, सुजानगंज बाजार होते हुये अन्त में श्री अम्बा जी धाम बसरही से पुनः गायत्री शक्तिपीठ पर आकर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान माता गायत्री के जयकारों से



कलश यात्रा लेकर जातीं महिलाएं। अमृत विचार

पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कलश यात्रा के दौरान माता के भक्तों ने जगह—जगह पुष्पवर्षा किया। प्रतिदिन 2 बजे से सायं 5 बजे तक शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे युग ऋषि श्रीराम शर्मा आचार्य के प्रज्ञा पुत्री कंचन दीदी एवं उनके अन्य भाइयों द्वारा संगीतमयी कथा सुनायी जायेगी। यह कथा 6 से 10 नवम्बर तक चलेगा। इस अवसर पर विद्याशंकर तिवारी, सरोज तिवारी, डा. विद्यासागर त्रिपाठी, सुषमा त्रिपाठी, विजय तिवारी, अशोक सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,378 | 24,484 |
| तेजी | 901 | 270 |
| प्रतिशत में | 1.13 | 1.12 |

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल :** गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन :** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 **तेल तिलहन :** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800।

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 80,600 |
| सोना रवा | 80,450 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 63,000 |
| चांदी तैयार | 96,500 |
| चांदी (999) | 96,400 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 1,20,000 |

# ट्रंप की जीत से सेंसेक्स 901 अंक चढ़ा

## निफ्टी में 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत की बढ़त, आईटी कंपनियों के शेयरों में तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और फार्मा शेयरों में भारी लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स ने दूसरे दिन भी बढ़त जारी रखी और यह 901.50 अंक या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 80,378.13 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सूचकांक 1,093.1 अंक या 1.37 प्रतिशत बढ़कर 80,569.73 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 24,484.05 अंक पर बंद हुआ।







सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद वैश्विक बाजारों में राहत भरी तेजी देखी गई। ट्रंप के मजबूत जनादेश के साथ राजनीतिक अनिश्चितता कम हुई है। इससे कर कटौती और सरकारी खर्च में वृद्धि की संभावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में आईटी खर्च बढ़ने की उम्मीद के कारण घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लाभ रहा। नायर ने कहा, आईटी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों के अनुसार अमेरिका में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र में खर्च बढ़ा है। यह भारतीय कंपनियों के लिए सकारात्मक है। यूरोप के अधिकांश बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

### क्रिप्टो में तेजी, बिटकॉइन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत क्रिप्टोकरेंसी के लिए वरदान साबित हुई और बिटकॉइन की कीमत बुधवार को नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। बिटकॉइन में शुरुआती कारोबार में करीब आठ प्रतिशत का उछाल आया और यह 75,000 डॉलर को पार कर गया। इस तरह इसने मार्च में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में भी उछाल आया और दुनिया की दूसरी सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी ईथर में आठ प्रतिशत की तेजी आई।

## जीडीपी वृद्धि पर आंकड़े मिले-जुले : शक्तिकांत दास

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि पर आने वाले आंकड़े मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक कारक नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं। दास ने बिजनेस स्टैंडर्ड के वार्षिक बीएफएसआई कार्यक्रम में कहा कि अंतर्निहित आर्थिक गतिविधियां कुल मिलाकर मजबूत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, जो आंकड़े आ रहे हैं, वे मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक पहलू नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं और कुल मिलाकर अंतर्निहित गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं।

कई विश्लेषक वृद्धि के बारे में चिंता जता रहे हैं। ऐसा खासकर आधिकारिक आंकड़ों के आने के बाद हुआ, जब वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वृद्धि दर 15 तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) हालांकि 2024-25 के लिए 7.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के अपने अनुमान पर कायम है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि यह सात प्रतिशत से कम रहेगी। दास ने कहा कि आरबीआई अपने अनुमान पर पहुंचने के लिए 70 से अधिक उच्च आवृत्ति वाले संकेतकों पर नजर रखता है।



• भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा- नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं सकारात्मक कारक

## मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** मेडिकल इमेजिंग जैसे अल्ट्रासाउंड, डेडिकेटेड मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग और स्वास्थ्य सेवा के लिए सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी इटालियन इनोवेटर इसाउटे ग्रुप ने नोएडा में एक नए विनिर्माण स्थल के साथ भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू करने की घोषणा की है। इटालियन कंपनी की सहायक कंपनी इसाउटे एशिया पैसिफिक डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यह विनिर्माण किया जा रहा है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नया इसाउटे विनिर्माण स्थल मेड इन इंडिया के तहत उन्नत अल्ट्रासाउंड श्रृंखला की कंप्लीट सीरीज- माई लैब ए, माई लैब ई-सीरीज और कॉम्पैक्ट पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड का उत्पादन करेगा।

## भारत में भी इलेक्ट्रिक वाहन लाने की तैयारी कर रही है स्कोडा

**मुंबई।** प्रीमियम वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो भारतीय बाजार में अपना कारोबार बढ़ाने की रणनीति के तहत यहां इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उतारने की योजना बना रही है। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीयूष अरोड़ा ने यहां कॉम्पैक्ट एसयूवी काइलक को पेश किए जाने के मौके पर अपनी भावी योजनाओं के बारे में चर्चा की। अरोड़ा ने खास बातचीत में कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है और स्कोडा इसे अपने कारोबार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानती है।

# रूबिकॉन रिसर्च सहित चार कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फार्मा कंपनी रूबिकॉन रिसर्च और टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज समेत चार कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये सामूहिक रूप से कम से कम 3,000 करोड़ रुपये जुटाने को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है। सेबी द्वारा बुधवार को जारी अपडेट' के अनुसार, आईपीओ लाने की मंजूरी पाने वाली दो अन्य कंपनियां- सनातन टेक्सटाइल्स और वाहन कलपुर्जा विनिर्माता मेटलमैन ऑटो हैं। इस बीच, सितंबर में अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल करने वाली बीएमडब्ल्यू वेंचर्स ने 28 अक्टूबर को दस्तावेज वापस ले लिए। इसमें कहा गया है कि चार कंपनियों - रूबिकॉन रिसर्च, साई लाइफ साइंसेज, सनातन टेक्सटाइल्स और मेटलमैन ऑटो ने जुलाई और अगस्त के दौरान सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। इन कंपनियों को 31 अक्टूबर को सेबी का निष्कर्ष मिला। किसी भी कंपनी को आईपीओ लाने के लिए सेबी का निष्कर्ष जरूरी होता है। आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार, रूबीकॉन रिसर्च के 1,085 करोड़ के आईपीओ के तहत 500 करोड़ के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे।

## इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार बढ़ाने की योजना बना रही हीरो मोटोकॉर्प

**मिलान (इटली)।** दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रही है और अगले कुछ महीनों में किफायती मॉडल पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी अगले साल ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और इटली जैसे बाजारों में उतरना चाहती है।

# सैजिलिटी इंडिया के आईपीओ को 52 प्रतिशत अभिदान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएं प्रदान करने वाली सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बुधवार तक दो दिन में 52 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, आरंभिक शेयर बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों की श्रेणी को 2.24 गुना अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के कोटा को 24 प्रतिशत अभिदान मिला।पात्र संस्थागत निवेशकों के खंड को सात प्रतिशत अभिदान मिला। सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने एंकर (बड़े) निवेशकों से 945 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं।

## एक नजर

### महाराष्ट्र : भाजपा से 40 पदाधिकारी निष्कासित

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र ईकाई ने राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों में कथित तौर पर संलिप्त स्थानीय स्तर के 40 पदाधिकारियों को बुधवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया। भाजपा के प्रवक्ता ने बताया कि जिन लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है उनमें वे बागी भी शामिल हैं जिन्होंने पार्टी या सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के उम्मीदवारों के खिलाफ नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि बागियों का समर्थन करने पर अन्य लोगों पर कार्रवाई की गई है। भाजपा द्वारा निष्कासित किए गए पदाधिकारियों में पार्टी के नेता श्रीकांत भरतिया के भाई तुषार भरतिया भी शामिल हैं। वह बडनेरा विधानसभा सीट से बागी उम्मीदवार हैं।

### पोर्श दुर्घटना : किशोर के दोस्त के पिता का आत्मसमर्पण

**पुणे।** इस वर्ष मई महीने में पुणे में हुई पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर चालक के दोस्त के पिता ने बुधवार को यहां एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अरुण कुमार देवनाथ सिंह को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। सिंह का बेटा कल्याणीनगर इलाके में हुई दुर्घटना के समय कथित तौर पर कार में मौजूद था। आरोप है कि सिंह ने अपने बेटे के रक्त के नमूने बदल दिए ताकि तथ्य छिपाया जा सके कि उसका बेटा दुर्घटना के समय नाबालिग चालक के साथ नशे में था।

### गुजरात: एक मंदिर से चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**गोधरा।** गुजरात के पंचमहल जिले में पावागढ़ पहाड़ियों पर स्थित देवी महाकाली के एक प्राचीन मंदिर से 78 लाख रुपये मूल्य के सोने के हार चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक मंदिर के गर्भगृह से 28 अक्टूबर को 78 लाख रुपये मूल्य के छह सोने के हार और दो सोने की परत चढ़ी वस्तुएं चुराने के आरोप में विदुरभाई वसावा को एक सप्ताह से अधिक समय पहले सूरत से गिरफ्तार किया गया था।

# महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों में कोई विचारधारा नहीं बची

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप लगाया कि उनमें कोई विचारधारा नहीं बची है। साथ ही कहा कि विभाजनकारी राजनीति करने वाले लोग उन्हें सांप्रदायिक करार दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश सभी समुदायों का समान रूप से है - चाहे वे पगड़ी या टोपी पहनते हों या वे जो माथे पर तिलक लगाते हों।

तेलंगाना के एआईएमआईएम विधायक ओवैसी यहां अमखास मैदान में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों इम्तियाज जलील और नसीर सिद्दीकी के लिए प्रचार करने के वास्ते आयोजित एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। जलील 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व से जबकि सिद्दीकी औरंगाबाद मध्य से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी (एआईएमआईएम) मुस्लिम, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और मराठों की आवाज उठाती है। मैं भड़काऊ भाषण नहीं देता। जो लोग 'बंटोगे तो कटोगे' की बात करते हैं, वे मुझे सांप्रदायिक कहते हैं।



• अकबरुद्दीन ओवैसी का महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप

# सिद्धरमैया से लोकायुक्त पुलिस ने पूछताछ की

**मैसुरु (कर्नाटक), एजेंसी**

मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को मैसुरु में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिद्धरमैया पूछताछ के लिए जारी समन के जवाब में यहां लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए और लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) टी. जे. उदेश के नेतृत्व में एक टीम के सवालों का जवाब दिया।

लोकायुक्त अधिकारी ने कहा, पूछताछ करीब दो घंटे तक चली। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोपी संख्या एक के रूप में नामित मुख्यमंत्री एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी पार्वती बी. एम. को 14 स्थलों का आवंटन किए जाने में अनियमितताओं के आरोपों का सामना कर रहे हैं।



• एमयूडीए स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए

# संविधान की लाल प्रति पर भिड़ीं भाजपा-कांग्रेस

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लाल रंग की संविधान की प्रति सियासी विवाद का विषय बन गई है, जो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं। भाजपा ने इस मामले पर बुधवार को गांधी पर निशाना साधते हुए पूछा कि वह क्या संदेश देना चाहते हैं जबकि कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में लाल रंग शुभ माना जाता है।

गांधी ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के सिलसिले में बुधवार को कांग्रेस-राकांपा (एसपी)-शिवसेना (यूबीटी) के विपक्षी गठबंधन के लिए प्रचार किया। वह नागपुर में संविधान सम्मान सम्मेलन में लाल कवर वाली संविधान की एक प्रति लेकर गए थे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने सांगली जिले में चुनावी रैली के दौरान सवाल किया, भारत के संविधान की लाल प्रति दिखाकर राहुल गांधी क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कांग्रेस नेता पर अराजकतावादियों का गठबंधन बनाने का आरोप लगाया। राजनीति में लाल रंग को अक्सर मार्क्सवादी या साम्यवादी विचारधारा से जोड़ा जाता है।



## पिछले चुनाव में शिकस्त के बाद ट्रंप ने की जोरदार वापसी, अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स

# फिर चला ट्रंप कार्ड, कमला आउट

वाशिंगटन, एजेंसी

डोनाल्ड ट्रंप चार साल पहले जो बाइडन से राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद काफी मायूस और खिन्न थे तथा इसके कुछ हफ्तों बाद उनके समर्थकों की एक हिंसक भीड़ ने जब यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर धावा बोला था तो इसे रिपब्लिकन नेता के राजनीतिक करियर का अंत माना जाने लगा था। हालांकि, ठीक चार साल बाद, ट्रंप (78) ने व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल सुनिश्चित कर अमेरिका के इतिहास में अभूतपूर्व और जोरदार राजनीतिक वापसी की है। वह भी, एक गंभीर अपराध के मामले में दोषी करार दिये जाने और उनकी हत्या की दो नाकाम कोशिशों के बाद।

ट्रंप और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच कड़े मुकाबले का नतीजा अब तक आधिकारिक रूप से घोषित नहीं किया गया है, लेकिन रिपब्लिकन नेता के व्हाइट हाउस में लौटने की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक अनंग मित्तल ने कहा, यह अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक है। मार्च में, ट्रंप को उनकी पार्टी की ओर से प्रत्याशी नामित किया गया और कई अदालती मामलों के कारण ट्रंप के महीनों तक राजनीतिक वनवास में रहने के बाद जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) में इस पर मुहर लगाई गई। असल में, एक गंभीर अपराध में दोषी करार दिये जाने के बाद शीर्ष पद के लिए नामांकन पाने वाले वह पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ट्रंप अब भी चार आपराधिक अभियोगों का सामना कर रहे हैं और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इन मुकदमों का क्या होगा। पूर्व राष्ट्रपति 2021 में महाभियोग की सुनवाई से भी बच गए, जो उनके बरी होने के साथ समाप्त हो गई।

जुलाई में, पेन्सिलवेनिया में एक रैली के दौरान उन पर गोली चली, जो उनके कान के ऊपरी हिस्से को छूते हुए निकल गई। इसके कुछ ही मिनटों बाद, ट्रंप ने हमले के विरोध में अपनी मुट्ठी बांधी और ये तस्वीरें देखकर उनके कट्टर समर्थकों ने उन्हें भावनात्मक समर्थन दिया। वह अब अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स हैं।



पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में एक चुनावी नाइट वॉच पार्टी में पूर्व प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप के साथ चलते समय हाथ हिलाते हुए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### विश्व के नेताओं ने ऐतिहासिक जीत के लिए ट्रंप को दी बधाई

**लंदन/यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटेन के उनके समकक्ष केअर स्टॉर्मर समेत विश्व के कई नेताओं ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। स्टॉर्मर विश्व के उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने ट्रंप द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत का दावा करने के लिए फ्लोरिडा में एक रैली को संबोधित करने के तुरंत बाद बधाई संदेश जारी किए। उन्होंने कहा कि ट्रंप के जीत दर्ज करने के बाद, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच विशेष संबंध नए अमेरिकी प्रशासन के तहत और भी समृद्ध होते रहेंगे।

### भारतीय मूल के छह अमेरिकियों ने जीता प्रतिनिधि सभा का चुनाव

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के छह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव जीत गए हैं। मौजूदा कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में इनकी संख्या पांच थी। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया और पूरे ईस्ट कोस्ट से चुने जाने वाले समुदाय के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। सुब्रमण्यन ने रिपब्लिकन पार्टी के माइक क्लांसी को हराया। वह वर्तमान में वर्जीनिया राज्य के सीनेटर हैं। एरिजोना के पहले कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से डॉ. अमीश शाह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मामूली अंतर से आगे हैं। अगर वह जीत हासिल करने में सफल होते हैं तो प्रतिनिधि सभा में भारतीय अमेरिकियों की संख्या बढ़कर सात हो जाएगी। सुब्रमण्यम ने कहा मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि वर्जीनिया के 10 वें जिले के लोगों ने मुझ पर भरोसा जताया ताकि मैं सबसे कठिन लड़ाई लड़ सकूं और कांग्रेस में परिणाम दे सकूं। यह जिला मेरा घर है। मैंने यहां शादी की, मेरी पत्नी मिरांडा और मैं अपनी बेटियों का पालन पोषण कर रहे हैं और हमारे समुदाय के सामने आने वाले मुद्दे हमारे परिवार के लिए व्यक्तिगत हैं। वाशिंगटन में इस जिले की सेवा जारी रखना सम्मान की बात है। पूर्व में राष्ट्रपति बराक ओबामा के व्हाइट हाउस सलाहकार रह चुके सुब्रमण्यम आस्था से हिंदू हैं और देशभर में भारतीय अमेरिकियों के बीच लोकप्रिय हैं। वह कांग्रेस में 'समोसा कॉकस' में शामिल हुए हैं जिसमें वर्तमान में पांच भारतीय अमेरिकी - अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं। 'समोसा कॉकस' अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय मूल के अमेरिकियों के एक अनौपचारिक समूह को दिया गया नाम है। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। श्री थानेदार मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार दूसरी बार चुने गए। उन्होंने इसे पहली बार 2023 में जीता था। राजा कृष्णमूर्ति ने इलिनोइस के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है। कृष्णमूर्ति ने कहा व्हाइट हाउस और कांग्रेस पर नियंत्रण के लिए लड़ाई जारी है लेकिन मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि इलिनोइस के लोगों ने कांग्रेस में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरा अनुबंध बढ़ा दिया है। इसी प्रकार कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और वाशिंगटन राज्य के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमिला जयपाल ने भी जीत दर्ज की। पेशे से चिकित्सक डॉ. अमी बेरा 2013 से कैलिफोर्निया के छठे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय मूल के सबसे वरिष्ठ अमेरिकी सांसद हैं। उन्हें लगातार सातवीं बार फिर से चुना गया। एरिजोना में डेमोक्रेटिक पार्टी के शाह रिपब्लिकन पार्टी के मौजूदा उम्मीदवार डेविड श्वीकेट से थोड़ा आगे चल रहे हैं। उन्हें 132,712 वोट हैं जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को मिले मतों की संख्या 128,606 थी। अभी तक 63 प्रतिशत मतों की गिनती हुई थी।

### अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने से चूकीं कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** एक दशक से भी ज्यादा समय पहले एक पत्रकार ने कमला हैरिस को महिला ओबामा कहा था। हालांकि, भारतीय और जमैका के अप्रवासी दंपति की बेटी कमला हैरिस पहले अफ्रीकी-अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की उपलब्धियों की बराबरी करने में विफल रहीं। हैरिस अमेरिकी राजनीति में शीर्ष मुकाम हासिल करने में असफल रहीं और राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से हार गईं। डेमोक्रेटिक नेता की ट्रंप के हाथों कड़े मुकाबले वाले चुनाव में हार ने अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने के उनके सपने को भी तोड़ दिया। उनके नामांकन से हालांकि महिलाओं में उत्साह पैदा हुआ कि सार्वजनिक जीवन में उनके लिए यह द्वार बंद नहीं हुआ है। हैरिस (60) के नाम कई अन्य 'पहली' उपलब्धियां भी दर्ज हैं। वह सैन फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी रह चुकी हैं - इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला, पहली अफ्रीकी-अमेरिकी और पहली भारतीय मूल की शख्स थीं। उपराष्ट्रपति के रूप में, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। साथ ही, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी या भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति भी हैं। 5 नवंबर के चुनाव से तीन दिन पहले प्रकाशित एक लेख में हैरिस ने बचपन में की गई अपनी भारत यात्रा को याद किया और अपनी दिवंगत मां श्यामला गोपालन को याद किया, जो एक कैंसर शोधकर्ता और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता थीं। हैरिस ने ऑनलाइन दक्षिण एशियाई प्रकाशन द जुगरनॉट के लिए लिखे लेख में कहा, बड़े होने के दौरान, मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को हमारी विरासत का सम्मान करना सिखाया। लगभग हर दूसरे साल हम दिवाली के लिए भारत जाते थे।



## एक नजर

### वियतनाम की सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट लापता

**हनोई।** वियतनाम की वायु सेना का एक लड़ाकू प्रशिक्षण विमान याक-130 मध्य बिन्ह दीन्ह प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उसके दो पायलट लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम की मीडिया ने बुधवार को दी। वीएन एक्सप्रेस अखबार के अनुसार, 940वीं वियतनामी वायु सेना रेजिमेंट का रूस निर्मित याक-130 फु कैट हवाई अड्डे से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर एक पहाड़ी इलाके में तकनीकी खराबी के कारण स्थानीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### श्रीलंका में डेंगू से 20 लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका की राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष अब तक देश में डेंगू से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीसीयू ने कहा कि कुल मामलों में मृत्यु दर का प्रतिशत 0.05 है और इस वर्ष में 42,820 मामला सामने आ चुका है। पश्चिमी प्रांत में 42.6 प्रतिशत मामले, उत्तरी प्रांत में 11.4 प्रतिशत मामले और मध्य प्रांत में 10.6 प्रतिशत मामले सामने आए हैं।

### श्रीलंका में पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना बहुत महंगा

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि एक समिति पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा पर होने वाले खर्च की समीक्षा कर रही है तथा इसकी रिपोर्ट के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। विदेश मंत्री एवं मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिता हेराथ ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना काफी महंगा है और सरकार को इस पर सालाना 110 करोड़ श्रीलंकाई रुपये तक का खर्च करना पड़ता है।

### सेनाओं प्रमुखों को सेवा विस्तार लोकतंत्र का नरसंहार

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को कहा कि थलसेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर समेत तीनों सेनाओं के प्रमुखों को दो साल का सेवा विस्तार देना "लोकतंत्र, कानून के शासन और लोगों के अधिकारों का नरसंहार है। खान ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में मीडिया और अपने वकीलों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। खान के 'एक्स' खाते से की गयी एक पोस्ट में यह जानकारी दी गई है।

## लेबनान में हवाई हमलों में 25 की मौत, 32 घायल

बेरूत, एजेंसी

लेबनान के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को इजराइल की ओर से किये गये हवाई हमलों में कम से कम 25 लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार, माउंट लेबनान के चौफ जिले के बारजा में एक आवासीय अपार्टमेंट को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में 15 लोग मारे गए।

नागरिक सुरक्षा दल अभी भी मलबे के नीचे हताहतों की तलाश कर रहे हैं। वहीं, बालबेक में तालिया की नगर पालिका, बालबेक-हर्मेल गवर्नरेट, साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के कस्बों और गांवों पर इजराइली हमलों के कारण अतिरिक्त हताहत हुए। इसके अलावा, लेबनान और सीरिया के बीच मस्ना-जदीदत याबूस सीमा क्रॉसिंग पर एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कब्जे वाले गोलान में इजराइल की 810वीं हरमोन ब्रिगेड के मुख्यालय माले गोलानी बैरक पर रॉकेटों से हमला किया।



### हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इजराइली सेना ने अपने बयान में कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान पर हमला किया, जिसमें वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर हुसैन अब्द अल-हलीम हर्ब की मौत हो गयी। बयान के मुताबिक हर्ब ने गैलील में समुदायों के खिलाफ और विशेष रूप से मेटुला के क्षेत्र के खिलाफ कई रॉकेट हमलों को अंजाम दिया था। बयान में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में इजराइली वायु सेना ने लेबनान और गाजा पट्टी में लगभग 70 हमले किये हैं।

## नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को किया बर्खास्त, देशभर में प्रदर्शन

यरुशलम, एजेंसी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को देश के रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया। हालांकि उनके इस कदम के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। नेतन्याहू ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब इजराइल क्षेत्र में कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ रहा है। गाजा में युद्ध को लेकर नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कथित तौर पर मतभेद रहा है।

नेतन्याहू ने मंगलवार को की गई अपनी घोषणा में विश्वास की कमी का उल्लेख किया था। नेतन्याहू ने कहा, युद्ध के बीच में, पहले से कहीं अधिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच पूर्ण विश्वास की आवश्यकता होती है। हालांकि युद्ध के शुरूआती महीनों में ऐसा विश्वास था और बहुत ही सार्थक काम हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले महीनों के दौरान मेरे और रक्षा मंत्री के बीच यह विश्वास टूट गया। युद्ध के शुरुआती दिनों में, इजराइल के नेतृत्व ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जवाब देते हुए एक एकीकृत मोर्चा बनाया था। लेकिन जैसे-जैसे युद्ध लंबा खिंचता गया और लेबनान तक फैल गया, प्रमुख नीतिगत मतभेद उभर कर सामने आ गए। नेतन्याहू ने हमास पर निरंतर सैन्य दबाव बनाए रखने का आह्वान किया, जबकि गैलेंट ने अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि सेना ने कम से कम एक अस्थायी कूटनीतिक समझौते के लिए आवश्यक परिस्थितियां पैदा कर दी हैं, जिससे आतंकवादी समूह (हमास) द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सकता है। बंधकों के परिवार, साथ ही सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हुए हजारों लोग नेतन्याहू पर सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए समझौते को विफल करने का आरोप लगा रहे हैं। नेतन्याहू के कट्टर सहयोगियों ने धमकी दी है कि अगर वह हमास को रियायतें देते हैं तो वे सरकार गिरा देंगे, जिससे ऐसे वक्त में समय से पहले चुनाव होने की आशंका बढ़ गई है जब प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) की लोकप्रियता कम हो गई है। विपक्षी नेता येर लैपिड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, युद्ध के बीच में, गैलेंट को बर्खास्त करना पागलपन वाला कृत्य है। नेतन्याहू अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए इजराइल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।



रक्षा मंत्री को निकाले जाने के बाद प्रदर्शन करते लोग।

## ऑस्ट्रेलिया से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

कैनबरा, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की और द्विपक्षीय समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

जयशंकर ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अल्बनीज को अभिवादन प्रेषित किया। विदेश मंत्री तीन से सात नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा आज कैनबरा में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अभिवादन प्रेषित किया।

भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विन्स्टन पीटर्स से भी यहां मुलाकात की।



प्रधानमंत्री एंथनी से मुलाकात विदेश मंत्री जयशंकर।

### भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश किया घोषित

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा चैंपियन सर स्टीव स्मिथ ने भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश घोषित किया है। लेबर पार्टी की सरकार के तहत देश की अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रणनीति की समीक्षा की जा रही है। इस सप्ताह लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में इंडिया-यूके अचीवर्स ऑनर्स के तीसरे संस्करण पर दोहराया कि ग्रेजुएट रूट के तहत ब्रिटेन की, अध्ययन के बाद कार्य वीजा की पेशकश अपरिवर्तित रहेगी।

## बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर पर टिप्पणी से तनाव

ढाका, एजेंसी

- फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर हो चुकी है झड़प

बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव के कुछ हिस्सों में सेना के नेतृत्व में संयुक्त बलों ने बुधवार को गश्त की, यहां एक दिन पहले एक मुस्लिम किराना दुकानदार द्वारा इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉनशस्नेस) के खिलाफ फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर झड़प हो गई थी और इसमें कई लोग घायल हो गए थे।

अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि व्यापारी उस्मान अली ने फेसबुक पर इस्कॉन को आतंकवादी समूह करार दिया था जिसके बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया था और हजारी गली क्षेत्र में रहने वाले हिंदू समुदाय ने इसके खिलाफ नाराजगी जताई थी। हजारी गली में मुख्य रूप से हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं जो आभूषण की दुकानों और थोक दवा की दुकानों के मालिक हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस्कॉन पर की गई इस टिप्पणी को लेकर रातभर संक्षिप्त झड़प हुई।

इस दौरान मौके पर पहुंची सेना, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों द्वारा लाठीचार्ज करने से कई लोग घायल हो गए। इस दौरान हजारी गली इलाके में दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहां सेना के जवान पुलिस के साथ जीप में गश्त कर रहे हैं।

## कश्मीर पर झूठ फैलाने को लेकर पाकिस्तान की आलोचना

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच में किया झूठ का इस्तेमाल
- भारत ने कहा- दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाने और इस वैश्विक मंच का इस्तेमाल झूठ फैलाने के लिए करने को लेकर इस्लामाबाद की आलोचना करते हुए भारत ने कहा है कि किसी भी तरह का दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा।

सूचना से संबंधित प्रश्नों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति की आम बहस को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि विश्वास, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सूचना तक समावेशी पहुंच आवश्यक है। उन्होंने कहा एक (पाकिस्तानी) प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर झूठ फैलाने के लिए इस प्रतिष्ठित मंच का इस्तेमाल किया है। दुष्प्रचार और गलत सूचना का सहारा लेना इस प्रतिनिधिमंडल की आदत है। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र की बहस में कड़ा जवाब देते हुए शुक्ला ने कहा मुझे स्पष्ट करने दीजिए। वास्तविक लोकतंत्र अलग ढंग से कार्य करते हैं। हाल में संपन्न स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से एक अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव हुए।

### भारत को दीर्घकालिक बिजली निर्यात का रास्ता हुआ साफ

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने भारत के साथ बिजली के निर्यात के लिए हस्ताक्षरित समझौते को रद्द करने की मांग वाली एक रिट याचिका को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय के मंगलवार को दिए गए फैसले के बाद नयी दिल्ली के साथ नेपाल के दीर्घकालिक बिजली व्यापार का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकार के दुरुपयोग की जांच के लिए आयोग (सीआईएए) के पूर्व प्रमुख सूर्य नाथ उपाध्याय द्वारा दायर रिट याचिका उस समझौते के खिलाफ थी जिसके तहत नेपाल अगले 10 वर्षों के लिए भारत को 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात करेगा। उच्चतम न्यायालय के प्रवक्ता अच्युत कुइकेल के अनुसार, पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

**खगोल विज्ञान** | नए शोध में अंतरिक्ष के विकास में एक कड़ी जोड़ने का प्रयास किया गया है

## आज भी अधूरी है ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी

संवाददाता, नैनीताल

सही मायनों में ब्रह्मांड की उत्पत्ति की गुत्थी आज भी पूर्णतः नही सुलझ सकी है। अलबत्ता बिग बैंग ब्रह्मांड के जन्म का एक सुराग है। जिसे समझने के लिए आज भी शोध जारी हैं और हालिया नया शोध ब्रह्मांड के विकास की कड़ी को जोड़ता है। नए शोध के अनुसार बिग बैंग के बाद पहले ही क्षणों के दौरान मौजूदा भौतिकी की चार मूलभूत ताकतें एक ही बल में समाहित हो गई थीं।

यह ताकतें गुरुत्वाकर्षण, विद्युत चुंबकत्व, मजबूत परमाणु बल व कमजोर परमाणु बल के रूप में जानी जाती हैं। जैसे-जैसे ब्रह्मांड का विस्तार होता चला गया और वह ठंडा भी होते चला गया। इस बीच आये परिवर्तनों में इन शक्तियों को अलग अलग कर दिया। बिग बैंग के बाद एक सेकंड के कुछ अरबवें हिस्से में ही कई परिवर्तन हो गए। क्वार्क और ग्लूऑन उप-परमाणु कण हैं जो मजबूत परमाणु बल के लिए जिम्मेदार हैं। इसकी पुष्टि कृत्रिम रूप से 2010 में ब्रुकहेवन नेशनल लेबोरेटरी में और 2015 में एलएचसी के जरिए की गई। पता चलता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड बेहद गर्म और घना था। मगर क्वार्क-ग्लूऑन प्लाज्मा लंबे समय तक नहीं टिक सका, जो ब्रह्मांड के विस्तार के साथ ठंडा होने से न्यूट्रॉन के रूप में एक साथ एकत्रित हो गया। वैज्ञानिक इस घटना को क्वार्क कारावास कहते हैं। यह जानकारी भी मिलती है कि जब ब्रह्मांड में अधिक उच्च ऊर्जा वाले फोटॉन थे, तो कोई भी परमाणु नाभिक उनके द्वारा तुरंत नष्ट हो जाता था।



बिग बैंग के दौरान ब्रह्मांड के विकास का काल्पनिक चित्र।

### डार्क मैटर व एनर्जी को समझना बड़ी चुनौती

नैनीताल : डार्क मैटर व डार्क मैटर को समझना वर्तमान खगोल विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौती है। इसे तभी समझा जा सकेगा, जब ब्रह्मांड के विकास की सही जानकारी मिलेगी। इसके लिए निरंतर शोध जरूरी हैं।